दैनिक विनय उजाला

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

RNI. Reg. MPHIN/2013/52154

भोपाल

शनिवार, 28 फरवरी 2026

फाल्गुन शुक्ल पक्ष-12

वर्ष : 13 | अंक : 233

कुल पृष्ठ : 12

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!




ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 से नाम की सीरीज ...10

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में विभिन्न अभियानों में 6 उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल, (हि.स.)। मणिपुर के विभिन्न इलाकों में पिछले 24 घंटों के दौरान चलाए गये धरपकड़ अभियान के दौरान विभिन्न उग्रवादी संगठनों के छह कैडरों को गिरफ्तार किया गया है। मणिपुर पुलिस मुख्यालय से आज जारी आधिकारिक बयान में बताया गया है कि बीते गुरुवार को सुरक्षा बलों ने पहले अभियान में पीआरईपीएके (पीआरओ) के एक सक्रिय कैडर थोकचोम राज सिंह (25) उर्फ इबुंगो को गिरफ्तार किया गया है। उसे इंफाल पश्चिम जिलांतर्गत घारी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक मोबाइल फोन और एक आधार कार्ड जब्त किया गया। दूसरे अभियान में सुरक्षा बलों ने केसीपी (पीएससी) के एक सक्रिय कैडर पृथ्वीराज मोइरंगथेम उर्फ 3बी (26) को गिरफ्तार किया गया। उसे पुलिस ने इंफाल पूर्व जिले के इरिलबुंग थानांतर्गत उसके आवास से गिरफ्तार किया।




## चंद्रशेखर आजाद नगर की वीरभूमि पर मुख्यमंत्री का नमन

# चंद्रशेखर आजाद नगर में बनेगा 'आज़ाद पार्क' : डॉ. यादव

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। चंद्रशेखर आजाद नगर की पावन धरा जहां आजाद ने अपना बचपन व्यतीत किया और जिसके कण-कण से उनकी आत्मीयता जुड़ी रही। इस ऐतिहासिक स्थल पर 'आजाद पार्क' की स्थापना करने की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चंद्र शेखर आजाद नगर को देश-विदेश से आने वाले लोगों के लिए प्रेरणा एवं गौरव का केंद्र बनाया जाएगा।**

संस्कृति विभाग के माध्यम से इस स्थान को विकसित कर आकर्षक एवं दर्शनीय स्वरूप प्रदान किया जाएगा, ताकि भावी पीढ़ियां आजाद के जीवन, संघर्ष और बलिदान से परिचित हो सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजाद की जन्मभूमि केवल एक स्थान नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, साहस और आत्मसम्मान की जीवंत प्रतीक है, जिसे सहेजना और संवारना हम सभी का दायित्व है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद के 95वें बलिदान दिवस के अवसर चंद्रशेखर आजाद नगर में आयोजित कार्यकम की कही।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को आलीराजपुर जिले के भाबरा (चंद्रशेखर आजाद नगर) पहुंचकर महान क्रांतिकारी, शिरोमणि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के 95वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि यह भूमि वीरों की तपोभूमि है, जिसने अंग्रेजों के दमनकाल में चंद्रशेखर आजाद और छीतु किराड़ जैसे योद्धाओं को जन्म देकर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा भिलट देव, डूंगर देव, पाटला देव, काजल माता, मालवई माता और डोंगरी माता के आशीर्वाद से यह जनजातीय अंचल अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। हमारी सरकार इसी श्रद्धा और सम्मान के भाव के साथ जनजातीय समाज की समृद्ध परंपराओं और वीर विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है।





### करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात दी

मुख्यमंत्री ने बताया कि जिले में 1800 करोड़ रुपये की लागत से नर्मदा पाइपलाइन परियोजना के माध्यम से किसानों के लिए सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ करने का कार्य प्रगति पर है। आज 34.20 करोड़ की लागत से खंडाला में सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया गया, जो क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शिक्षा और प्रेरणा का केंद्र बनेगा। इसके साथ ही 27.75 करोड़ रुपये की लागत से उच्च स्तरीय पुलों का लोकार्पण किया जा रहा है।

वहीं मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर कुल 79.92 करोड़ रुपये लागत के 14 कार्यों का लोकार्पण किया तथा 119.02 करोड़ रुपये लागत के 35 कार्यों का भूमिपूजन किया। इस प्रकार 171.19 करोड़ रुपये की ये विकास परियोजनाएं जिले की प्रगति के नए अध्याय की शुरुआत बनकर जन-जन की आकांक्षाओं को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध होगी।

### मुख्यमंत्री ने किया हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों को बैंक ऋण वितरण किया गया, जिसमें 75 समूहों को कुल राशि 4.11 करोड़ रुपये प्रदान किए गए। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के तहत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत ड्रिप सिस्टम के लिए 3,30,767 रुपये की अनुदान राशि श्री मथुरिया भारत, ग्राम बरझर एवं श्री दलसिंह कुवरा, ग्राम देवली को वितरित की गई।



### आजाद कुटिया में पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने आजाद कुटिया में पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा चंद्रशेखर आजाद के जीवनकाल की वीरगाथाओं और दुर्लभ तस्वीरों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मेहनत, आत्मविश्वास और अदम्य साहस के बलबूते बुलंदियों को छूने वाले आजाद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत है। मात्र 15 वर्ष की आयु में वे वर्ष 1921 के असहयोग आंदोलन में शामिल हो गए थे। गिरफ्तारी के बाद जब मजिस्ट्रेट के सामने उनका नाम पूछा गया तो उन्होंने गर्व से उत्तर दिया— 'नाम : आजाद, पिता का नाम : स्वतंत्र और घर : जेल।'

### अंग्रेजों के विरुद्ध हमारे जनजातीय नायकों ने अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ी

मुख्यमंत्री ने कहा कि बचपन में आजाद भील बालकों के साथ रहते हुए निशानेबाजी की कला में दक्ष हुए, जिसने आगे चलकर उन्हें एक अद्वितीय क्रांतिकारी बनाया। उनके जीवन से यह शिक्षा मिलती है कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो अपने साथ-साथ अपने साथियों के लिए भी सदैव तत्पर रहे। अंग्रेजों के विरुद्ध हमारे जनजातीय नायकों ने अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ी और उनकी वीरता का इतिहास स्वर्णाक्षरों में अंकित है। राज्य सरकार ने सदैव इन नायकों का सम्मान किया है। इसी क्रम में क्रांति सूर्य टंट्या मामा के नाम पर खरगोन में विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है, जो आने वाली पीढ़ियों को उनके बलिदान की प्रेरणा देता रहेगा।



मुख्यमंत्री भगोरिया पर्व में हुए शामिल...


### जनजातीय संस्कृति के संरक्षण का संकल्प

आलीराजपुर जिले के उदयगढ़ में आयोजित स्थानीय भगोरिया पर्व में डॉ. मोहन यादव की सहभागिता से उत्सव का उल्लास और अधिक बढ़ गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का मंत्री अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागरसिंह ने जनजातीय संस्कृति के प्रतीक तीर कमान भेंट किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मंच के माध्यम से सभा को संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि भगोरिया पर्व जनजातीय संस्कृति, प्रेम और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। मध्यप्रदेश सरकार जनजातीय परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है और ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है।




# अब आसमान से होगी अपराधियों पर नजर

## इटारसी स्टेशन पर आरपीएफ ने शुरू की ड्रोन से निगरानी



विनय उजाला

**भोपाल/इटारसी,निप्र। पश्चिम मध्य रेलवे का भोपाल मंडल अब रेल सुरक्षा के लिए हाई-टेक हो गया है। रेलवे परिसर में अवैध गतिविधियों को रोकने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आरपीएफ (RPF) ने अब ड्रोन कैमरों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को इटारसी स्टेशन और यार्ड क्षेत्र में ड्रोन उड़ते देख यात्रियों और रेल कर्मियों के बीच यह कौतूहल का विषय बना रहा।**

### आउटर और यार्ड पर पैनी नजर

मंडल रेल प्रबंधक (DRM) पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में शुरू किए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उन संवेदनशील इलाकों की निगरानी करना है, जहाँ पैदल गश्त करना कठिन होता है। ड्रोन कैमरों के जरिए इटारसी स्टेशन के आउटर, गुड्स शेड और रेलवे पटरियों के आसपास संदिग्ध रूप से घूमने वाले व्यक्तियों की तस्वीरें ली जा रही हैं। निगरानी के डर से पटरियों के रास्ते अनाधिकृत आवाजाही करने वालों में हड़कंप देखा गया।

### सुरक्षा का नया युग

रेलवे सुरक्षा बल की इस आधुनिक कार्यप्रणाली से जहाँ आम यात्रियों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है, वहीं असामाजिक तत्वों में भय व्याप्त है। ड्रोन और बॉडी कैमरों के तालमेल से अब ट्रेनों में अवैध रूप से चढ़ने वाले और रेल संपत्ति को नुकसान पहुँचाने वाले तत्वों पर 24 घंटे नजर रखी जा सकेगी।

### बॉडी-वॉर्न कैमरों से लैस हुए जवान

तकनीक का इस्तेमाल केवल ड्रोन तक सीमित नहीं है। आरपीएफ के जवान अब अपनी वर्दी पर बॉडी-वॉर्न कैमरे लगाकर गश्त कर रहे हैं। सीनियर डीसीएम श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि आधुनिक संसाधनों के उपयोग से न केवल यात्री सुरक्षा सुदृढ़ हो रही है, बल्कि आपराधिक तत्वों के खिलाफ न्यायालयीन कार्यवाही के लिए पुख्ता साक्ष्य भी एकत्र किए जा रहे हैं।

# 'यादव जी की लव स्टोरी' पर बढ़ा विवाद, यादव समाज ने फूंका फिल्म निर्माताओं का पुतला

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** राजधानी भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर आज फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के विरोध में यादव समाज ने उग्र प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने फिल्म के शीर्षक और कथानक को अपनी सांस्कृतिक गरिमा के खिलाफ बताते हुए फिल्म के निर्माताओं और निर्देशक के पुतले दहन किए।

प्रदर्शनकारियों ने फिल्म की निर्माता मंशारू, निर्माता संदीप तोमर और निर्देशक अंकित भड़ाना के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यादव समाज का आरोप है कि फिल्म जगत जानबूझकर सनातन धर्म के विभिन्न समाजों और जातियों को टारगेट कर रहा है। इससे पहले भी घूसखोर पंडित जैसी फिल्मों के जरिए ब्राह्मण समाज को निशाना बनाने की कोशिश की गई थी, जिसका कड़ा विरोध हुआ था।

**सामाजिक गरिमा से समझौता नहीं: रामस्वरूप यादवः-** राजधानी यादव समाज भोपाल के अध्यक्ष रामस्वरूप यादव ने प्रदर्शन के दौरान प्रशासन और सेंसर बोर्ड को स्पष्ट चेतावनी दी। उन्होंने कहा हमारी मांग है कि फिल्म के शीर्षक से यादव शब्द को तत्काल हटाया जाए। यह फिल्म हमारी सामाजिक गरिमा और संस्कृति को ठेस पहुंचाती है। यदि सेंसर बोर्ड और प्रशासन ने इस पर रोक नहीं लगाई या शीर्षक में बदलाव नहीं किया गया, तो यादव समाज पूरे प्रदेश में एक बड़ा जन आंदोलन छेड़ेगा।



### विरोध की मुख्य वजहें

- **जातिगत नाम का उपयोग :** समाज का तर्क है कि फिल्म के शीर्षक में जाति विशेष का नाम जोड़कर उसे हास्य या गलत संदर्भ में पेश किया जा रहा है।
- **सांस्कृतिक ठेस :** प्रदर्शनकारियों के अनुसार, ऐसी फिल्में समाज की छवि को धूमिल करती हैं।
- **बढ़ता आक्रोश :** भोपाल के प्रमुख चौराहों पर हुए इस प्रदर्शन ने यह संकेत दे दिया है कि आने वाले दिनों में यह विवाद और गहरा सकता है।
- फिलहाल, यादव समाज ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि फिल्म निर्माता और सेंसर बोर्ड इस विरोध पर क्या रुख अपनाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### होली से पहले बड़ी कार्रवाई, खजूरी टोल प्लाजा के पास 27 क्विंटल संदिग्ध मावा जब्त



**भोपाल,निप्र।** होली के त्यौहार पर मिलावटखोरों के मंसूबों पर पानी फेरते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। शुक्रवार को भोपाल के खजूरी सड़क स्थित टोल प्लाजा पर घेराबंदी कर विभाग की संयुक्त टीम ने एक गाड़ी से करीब 27 क्विंटल संदिग्ध मावा और 45 किलो पनीर जब्त किया है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन को मुखबिर से सूचना मिली थी कि भारी मात्रा में मावा भोपाल लाया जा रहा है। टीम ने टोल प्लाजा के पास वाहन को रुकवाकर जब तलाशी ली, तो उसमें मावे की बोरियां और पनीर भरा मिला। अधिकारियों के अनुसार, जब्त किए गए मावे की बाजार कीमत लगभग 6 लाख रुपये है। मिलावट की आशंका को देखते हुए मावा और पनीर के 5-5 नमूने लिए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेज दिया गया है। होली के मद्देनजर प्रशासन भोपाल के होटल, रेस्टोरेंट और डेयरी संचालकों पर कड़ी नजर रख रहा है। पिछले एक महीने में विभाग की टीम ने भोपाल के विभिन्न इलाकों से नमकीन, मिठाई, पनीर, तेल, मैदा और बेसन जैसे खाद्य पदार्थों के कुल 234 सैंपल लिए हैं। **लैब रिपोर्ट के बाद होगी कड़ी कार्रवाई :** खाद्य अधिकारियों का कहना है कि सैंपलों की जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित विक्रेताओं या सप्लायर्स के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### एपस्टीन फाइल्स विवाद को लेकर महिला कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

**भोपाल,निप्र।** राजधानी के पीसीसी (प्रदेश कांग्रेस कमेटी) कार्यालय के बाहर शुक्रवार को महिला कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के खिलाफ जोरदार



विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने एपस्टीन फाइल्स में केंद्रीय मंत्री का नाम आने के दावों को लेकर नाराजगी जाहिर की और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता आसिफ जकी और कांग्रेस नेत्री रूपाली शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने अनोखा तरीका अपनाया। महिला नेत्रियों ने मार्कर से अपनी टी-शर्ट पर "PM in Compromise" लिखकर विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस का आरोप है कि इतने गंभीर मामले में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम उछलने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुप्पी साध रखी है। शबिस्ता जकी ने कहा, प्रधानमंत्री की खामोशी यह दर्शाती है कि कहीं न कहीं वह इस पूरे मामले में कॉन्प्रोमाइज हो चुके हैं। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पुतला दहन किया।

# एमपी नगर पुलिस की बड़ी कामयाबी: 12 लाख के जेवरात सहित शातिर झपटमार गिरफ्तार

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** राजधानी के व्यस्ततम व्यावसायिक क्षेत्र एमपी नगर में सक्रिय एक शातिर चेन स्नैचर को पुलिस ने गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने लगभग 12 लाख रुपये कीमत के सोने के जेवरात बरामद किए हैं। पकड़ा गया आरोपी महज 19 साल का है, लेकिन वह अपराध की दुनिया का पुराना खिलाड़ी निकला।

घटना 20 फरवरी 2026 की है। फरियादिया सुषमा तिवारी ने एमपी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जब वह एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ऑफिस के नीचे अपनी कार खड़ी कर ऑफिस की ओर जा रही थीं, तभी नीली जींस और काली टी-शर्ट पहने एक युवक दौड़ता हुआ आया। युवक ने पलक झपकते ही उनके गले से सोने की चेन झपटी और आरबीआई बैंक की दिशा में फरार हो गया। पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 46/26 के तहत धारा 304(2) BNS के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।



**CCTV फुटेज और मुखबिर तंत्र से दबोचा गया आरोपी :** थाना प्रभारी जयहिन्द शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास के दर्जनों सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रेहान खान (19 वर्ष), निवासी झुग्गी नंबर 121, अर्जुन नगर, भोपाल को घेराबंदी कर पकड़ा। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने वारदात कबूल की, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए करीब 12 लाख रुपये के जेवरात बरामद कर लिए गए। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी रेहान खान एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ राजधानी के विभिन्न थानों में पहले से ही मारपीट (323, 324), अवैध वसूली (327) और जान से मारने की धमकी (506) जैसे 4 गंभीर मामले दर्ज हैं। 2021 से लेकर अब तक वह लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है।

# भोपाल में सीढ़ियों से गिरकर पूर्व ड्राइवर की मौत, बेरोजगारी से तनाव में था

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** राजधानी के छोला मंदिर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। यहाँ एक 36 वर्षीय युवक की अपने ही घर की दूसरी मंजिल की सीढ़ियों से गिरकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक नौकरी छूटने के कारण पिछले दो महीनों से गहरे तनाव में था और हादसे के वक्त शराब के नशे में था।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान मधुर नामदेव (36), पिता कमल किशोर नामदेव के रूप में हुई है। मधुर छोला फाटक के पास रहता था और पहले जिंसी स्थित एक कार शोरूम में ड्राइवर की नौकरी करता था। करीब दो महीने पहले उसकी नौकरी छूट गई थी, जिसके बाद से वह लगातार नए काम की तलाश में भटक रहा था।

परिजनों और पुलिस के मुताबिक, मधुर कई शोरूम में अपना रिज्यूम दे चुका था, लेकिन कहीं से भी सकारात्मक जवाब नहीं मिल रहा था। इसी हताशा में उसने शराब का सहारा लेना शुरू कर दिया था। गुरुवार देर रात मधुर अत्यधिक नशे की हालत में घर पहुँचा। दूसरी मंजिल पर स्थित अपने कमरे की ओर जाते समय सीढ़ियों पर उसका संतुलन बिगड़ गया। सिर के बल नीचे गिरने के कारण उसे गंभीर चोटें आईं, जो जानलेवा साबित हुईं। हादसे के बाद शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



### नगर निगम के 7 कर्मचारियों को भावभीनी विदाई के साथ दी गई शुभकामनाएं

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** नगर निगम भोपाल के सेवाकाल को पूरी निष्ठा के साथ पूर्ण करने वाले 07 अधिकारी-कर्मचारियों को आज ससम्मान विदाई दी गई। माता मंदिर, हर्षवर्धन कॉम्प्लेक्स स्थित निगम कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित एक गरिमामय समारोह में उपायुक्त हीरेन्द्र सिंह कुशवाह ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों का अभिनंदन किया।

विदाई समारोह के दौरान उपायुक्त कुशवाह ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को शॉल, श्रीफल और मिष्ठान भेंट कर उनके योगदान की सराहना की।

समारोह में जिन 07 कर्मचारियों को विदाई दी गई, उनमें लीली मैथ्यू (स्टेनो टाईपिस्ट), शहाना अली (नि.श्रे.लि.), कौशल्या रंगवानी (नि.श्रे.लि.), नौशाद अली (कुर्क अमीन), पुरूषोत्तम (श्रमिक), रामप्यारे (सफाई मित्र), नसरीन (विनियमित स्थाईकर्मी) शामिल है।

# राजधानी की सड़कों पर चला निगम का पीला पंजा, दर्जनों इलाकों से हटाया अतिक्रमण

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** राजधानी की सड़कों और फुटपाथों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए नगर निगम ने शुक्रवार को एक व्यापक अभियान चलाया। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के कड़े निर्देशों पर अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शहर के उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक दर्जनों इलाकों में एक साथ कार्रवाई की। इस दौरान अवैध चबूतरे ढहाए गए और बड़ी मात्रा में व्यावसायिक सामान जप्त किया गया।

**इन प्रमुख क्षेत्रों में हुई कार्रवाई :** निगम की टीमों ने कोलार के डीमार्ट चौराहा, सर्वधर्म कॉलोनी, और ललिता नगर से लेकर पुराने शहर के हमीदिया रोड, रेलवे स्टेशन (प्लेटफॉर्म नं. 6), और आजाद मार्केट तक मोर्चा संभाला। इसके अलावा एमपी नगर (जोन-1 व 2), जवाहर चौक, बोट क्लब, लाल परेड ग्राउंड, करोंद चौराहा, बैरसिया रोड और बैरागढ़ मल्टीलेवल पार्किंग जैसे व्यस्त इलाकों में भी सड़क किनारे लगी अवैध दुकानों को हटाया गया।



### जप्त की गई सामग्री

- निगम के दस्ते ने न केवल अतिक्रमण हटाया, बल्कि सड़क बाधा बन रहे सामान को राजसात भी किया। जप्त किए गए सामान में प्रमुख हैं
- 13 ठेले और 01 पान पार्लर।
- 01 गुमठी और 04 फ्रेम बोर्ड।
- गन्ने की चरखी, इलेक्ट्रिक कांटा, लोहे की बेंच और कुर्सियां।
- **प्रशासन की चेतावनी :** निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शहर के यातायात को सुगम बनाने यह मुहिम निरंतर जारी रहेगी।

## भोपाल रेल मंडल से 28 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

# विदाई समारोह में 12.88 करोड़ से अधिक का हुआ भुगतान

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में शुक्रवार को माह फरवरी 2026 के लिए सामान्य सेवानिवृत्ति समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपनी सेवाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले 28 रेल कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई।**

**DRM ने की रेल सेवा की सराहना :** समारोह के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक (DRM) पंकज त्यागी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन भुगतान आदेश (PPO) वितरित किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रेलवे जैसे महत्वपूर्ण संस्थान में कर्मचारियों का समर्पण ही इसकी रीढ़ है। उन्होंने सभी कर्मचारियों के उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके सुखद, स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की कामना की।



**करोड़ों का हुआ सेटलमेंट भुगतान :** रेलवे प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सेवानिवृत्त होने वाले इन 28 कर्मचारियों को कुल 12,88,93,070/- (बारह करोड़ अट्ठासी लाख तिरानबे हजार सत्तर रुपये) की राशि का सेटलमेंट भुगतान किया गया। यह राशि कर्मचारियों के भविष्य की सुरक्षा और उनके वर्षों के परिश्रम का प्रतिफल है।

**वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति :** इस विदाई समारोह के अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक अभिराम खरे, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण), सहायक मंडल वित्त प्रबंधक सहित विभिन्न रेल यूनियनों के प्रतिनिधि और रेल परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### वित्तीय प्रबंधन के लिए बैंकों ने दिया परामर्श

सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी इस जमा पूंजी के बेहतर प्रबंधन के लिए कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक (SBI) और पंजाब नेशनल बैंक (PNB) के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया था। बैंक अधिकारियों ने कर्मचारियों को विभिन्न पेंशन योजनाओं और सुरक्षित बैंकिंग निवेशों की जानकारी दी, ताकि वे अपने भविष्य की वित्तीय योजनाओं को सुव्यवस्थित कर सकें।

OFFICE OF THE MANAGING DIRECTOR
M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN COMPANY LIMITED
(A Wholly Owned Govt. of M.P. Undertaking)
Nishtha Parisar, Bijlinagar, Govindpura Bhopal-462023
Phone : 0755-2602033-36 (Extn.198) Fax : 2589821 E-Mail : apgrcell@gmail.com
MD/MK/Fin./Vehicle/13519-20 Bhopal, Date : 26.02.2026

TENDER NO. 48/2026

MPMKVVCL hereby invites offer for hiring the below mentioned type of vehicles in the following locations :-

| Name of Unit/Office | Type of Vehicle | EMD (In Rs.) | Due Date for Submission | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| Pool-Vehicle O/o MD, MPMKVVCL Bhopal. | Type-D Premium Air-conditioned Car/Premium Air conditioned MUV with min. engine capacity 1150 CC (Petrol/Diesel) with Airbags, ABS (As per Vehicle Policy-2025) | 3000/- | 11.03.2026 Up to 03:00 pm | 11.03.2026 at 3:30 pm |

Other details, terms and conditions are available on company website : https://portal.mpcz.in
M.P. Madhyam/124682/2026 GM (ADMIN)

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
(A Wholly Owned Govt. of M.P. Undertaking)
OFFICE OF THE MANAGING DIRECTOR
NISHTHA PARISAR, BIJLINAGAR, GOVINDPURA, BHOPAL-462023
Phone : 0755-2602033-36, (Extn.198) Fax : 0755-2589821 E-Mail: apgrcell@gmail.com
MD/MK/Fin./Vehicle/13570 Bhopal, Date : 27.02.2026

TENDER NUMBER 01/2026

MPMKVVCL hereby invites offer for hiring the below mentioned type of vehicles in the following locations:-

| Name of Unit / Office | Type of Vehicle | EMD (In Rs.) | Due Date for submission | Opening Date & time |
|---|---|---|---|---|
| Additional Director (HR-I) O/o MD, MPMKVVCL Bhopal. | Type-C Premium Air-conditioned Car/Premium Air conditioned MUV with min. engine capacity 1450 CC (Petrol / Diesel) with Airbags, ABS (As per Vehicle Policy- 2025) | 3000/- | 12.03.2026 Up to 03:00 pm | 12.03.2026 at 3:30 pm |

Other details, terms and conditions are available on company website: https://portal.mpcz.in
M.P. Madhyam/124701/2026 ADDITIONAL DIRECTOR (HR-I)

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई से एक साथ प्रकाशित

दैनिक
# विनय उजाला

शनिवार, 28 फरवरी 2026
फाल्गुन शुक्ल पक्ष-12



दिल्ली में चुनाव करा दो... 05

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

## संक्षिप्त समाचार

### क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन, खेल जगत में शोक की लहर



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का ग्रेटर नोएडा स्थित यथार्थ अस्पताल में शुक्रवार सुबह 4.36 बजे निधन हो गया। वह 60 वर्ष के थे और लिवर कैंसर से पीड़ित थे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया के मुताबिक पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए चेन्नई से रिंकू सिंह टीम कैंप छोड़कर घर लौट गए हैं। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में कहा कि क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। इस कठिन घड़ी में मेरी गहरी संवेदनाएं रिंकू सिंह और उनके समस्त परिवार के साथ हैं।

### हाईकोर्ट ने अगले आदेश तक अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर लगाई रोक



**प्रयागराज, (हि.स)।** उच्च न्यायालय ने पॉस्को एक्ट में दर्ज एफआईआर मामले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को फिलहाल राहत मिल गई है। शुक्रवार को न्यायालय ने अग्रिम जमानत पर सुनवाई के बाद अपना आदेश रिजर्व कर लिया है, लेकिन आदेश आने तक उनकी गिरफ्तार पर रोक लगा दी है। दरअसल, पॉस्को एक्ट में दर्ज मुकदमे में गिरफ्तारी से बचने के लिए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत अर्जी पेश की थी। शुक्रवार को उनकी याचिका पर सुनवाई हुई और उच्च न्यायालय ने अविमुक्तेश्वरानंद की अगली सुनवाई तक गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए आदेश को सुरक्षित कर लिया है।

### टीवीके चीफ-एक्टर विजय की पत्नी ने तलाक याचिका दायर की



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिल सुपरस्टार और तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) प्रमुख विजय की पत्नी संगीता ने 24 फरवरी 2026 को चेंगलपट्टू फैमिली कोर्ट में तलाक के लिए याचिका दाखिल की है। याचिका में विजय पर एक एक्ट्रेस के साथ अवैध संबंध का आरोप लगाया गया है। कोर्ट ने याचिका स्वीकार कर केस फैमिली वेलफेयर कमिटी को भेज दिया। दंपति पिछले दो साल से अलग रह रहे थे। दोनों की शादी 1999 में हुई थी। शादी को 27 साल हो चुके हैं। कोर्ट में इस मामले पर अगली सुनवाई 20 अप्रैल को करेगा। विजय की टीम और संगीता ने मामले पर अबतक कोई बयान नहीं दिया है।

### कुत्तों ने बच्चे को नोच-नोचकर मार डाला, मां संग खेत पर गया था

**जालंधर, एजेंसी।** जालंधर में 5 कुत्तों के झुंड ने 6 साल के बच्चे को नोच-नोचकर मार डाला। वह अपनी मां के साथ खेत पर पिता को खाना देने गया था। जहां बच्चा शौच के लिए खेत में चला गया। इसी दौरान आवारा कुत्तों के झुंड ने उसे घेर लिया और उस पर हमला कर दिया। इस दौरान कुत्तों ने उसके सिर पर सबसे ज्यादा नोचा, इसके अलावा शरीर के अन्य हिस्सों पर भी काट लिया। बेटे के चिल्लाने की आवाज सुनकर माता-पिता भागे और बेटे को कुत्तों के चंगुल से छुड़वाया। इसके बाद वे तुरंत ही बच्चे को गंभीर हालत में इलाज के लिए सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान 6 वर्षीय इतवारी के नाम से हुई, जो सुल्तानपुर लोधी, गिला गाखला में माता-पिता के साथ रहता था।

पोस्ट-बजट वेबिनार में बोले पीएम मोदी...

# हर सुधार और आवंटन विकसित भारत 2047 की दिशा में कदम

नई दिल्ली, एजेंसी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोस्ट-बजट के पहले वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का हर सुधार और हर बजटीय आवंटन 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसलिए, बजट के बाद हर साल होने वाले ये वेबिनार बहुत महत्वपूर्ण हैं।**

उन्होंने जोर देकर कहा कि नीतिगत फैसलों का मकसद दीर्घकालिक विकास को गति देना और देश को विकसित अर्थव्यवस्था की ओर ले जाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था ने अभूतपूर्व मजबूती और लचीला रुख दिखाया है। उनके अनुसार, इस अवधि में सरकार ने दृढ़ संकल्प के साथ कई संरचनात्मक और नीतिगत सुधार लागू किए, जिससे आर्थिक ढांचे को मजबूती मिली।

**नीति-निर्माण नहीं, बल्कि बेहतर क्रियान्वयन भी उतना ही जरूरी :** 'टेक्नोलॉजी, रिफॉर्म्स एंड फाइनेंस फॉर विकसित भारत' को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सुधारों की रफ्तार बनाए रखने के लिए सिर्फ नीति-निर्माण नहीं, बल्कि बेहतर क्रियान्वयन पर भी उतना ही ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि सुधारों का मूल्यांकन केवल उनके जमीनी प्रभाव के आधार पर होना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि रिफॉर्म एक्सप्रेस को बनाए रखने के लिए केवल नीतियों के इरादे पर नहीं, बल्कि बेहतर क्रियान्वयन पर भी उतना ही ध्यान देना होगा। सुधारों का आकलन उनके जमीनी प्रभाव के आधार पर होना चाहिए और पारदर्शिता, गति व जवाबदेही बढ़ाने के लिए एआई, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स के साथ शिकायत निवारण प्रणाली का उपयोग जरूरी है।



### क्या है रिफॉर्म पार्टनरशिप चार्टर?

साथ ही, पीएम मोदी ने सरकार, उद्योग, वित्तीय संस्थानों और शिक्षाविदों के बीच एक स्पष्ट रिफॉर्म पार्टनरशिप चार्टर बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि बजट पर चर्चा से अधिक जरूरी उसका तेज और सरल क्रियान्वयन है, ताकि सभी हितधारकों को इसका लाभ मिल सके और अर्थव्यवस्था को नई गति मिले।

### व्यवस्था को निवेशकों के अनुकूल बनाने की कोशिश

मोदी ने कहा कि सरकार की कोशिश व्यवस्था को अधिक पूर्वानुमानित और निवेशकों के अनुकूल बनाने की है। उन्होंने कहा कि बॉन्ड मार्केट सुधारों को दीर्घकालिक आर्थिक सुधारों के सक्षम साधन के रूप में देखा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में बड़े बदलाव की ओर इशारा करते हुए कहा कि 11 वर्ष पहले जहां यह करीब 2 लाख करोड़ रुपये था, वहीं मौजूदा बजट में यह बढ़कर लगभग 12 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का इतना बड़ा निवेश निजी क्षेत्र के लिए स्पष्ट संदेश है कि अब उद्योग और वित्तीय संस्थान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने उभरते क्षेत्रों में वित्तपोषण के नए मॉडल और मजबूत सहयोग की जरूरत पर बल दिया व परियोजनाओं में देरी और लागत बढ़ोतरी रोकने के लिए परियोजना स्वीकृति प्रक्रिया और मूल्यांकन की गुणवत्ता मजबूत करने की सलाह दी।

### पीएम मोदी ने सीरियाई चर्च के प्रमुख से की मुलाकात, कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में 'एंटिओक और ऑल द ईस्ट' के पैट्रिआर्क और यूनिवर्सल सीरिएक ऑर्थोडॉक्स चर्च के सर्वोच्च प्रमुख, 'हिज होलीनेस मोरन मोर इग्नेशियस एफ्रेम द्वद्व' से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान भाजपा की केरल स्टेट यूनिट के प्रेसिडेंट राजीव चंद्रशेखर भी मौजूद रहे। इस खास मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि हिज होलीनेस मोरन मोर इग्नेशियस एफ्रेम द्वद्व से मिलकर वे सम्मानित महसूस कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि उनके बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बहुत अच्छी और सकारात्मक चर्चा हुई है। वहीं, प्रधानमंत्री से मिलने के बाद हिज होलीनेस ने भी सोशल मीडिया पर अपना अनुभव साझा किया।

जांच एजेंसी ने 6 घंटे बाद ही हाईकोर्ट में अपील की...

# दिल्ली शराब नीति केस में केजरीवाल-सिसोदिया बरी

नई दिल्ली, एजेंसी

**शराब घोटाला केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में बरी कर दिया है।**

कोर्ट ने शुक्रवार को कहा- दोनों के खिलाफ सबूत नहीं है, आरोप साबित नहीं होता। सीआईआई ने साजिश गढ़ने की कोशिश की, लेकिन उसका सिद्धांत ठोस सबूतों की जगह अनुमान पर था। सीबीआई ने इस मामले में कुल 23 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने सभी के खिलाफ आरोप तय करने से इनकार करते हुए सभी को बरी कर दिया। जांच एजेंसी ने करीब 6 घंटे बाद दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया।

सीबीआई ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट से इसे रद्द करने की मांग की है। वहीं, बरी होने के बाद कोर्ट से बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान केजरीवाल भावुक हो गए। उन्होंने कहा- मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। आज ये साबित हो गया कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार हैं। वहीं, कोर्ट के फैसले पर मनीष सिसोदिया ने कहा- हमें एक बार फिर गर्व हो रहा हैं अपने संविधान पर और बी.आर. अंबेडकर पर, जिन्होंने हमें ऐसा संविधान दिया। सच की फिर से जीत हुई है।




### कोर्ट ने 23 लोगों को किया बरी

कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपियों को बरी किया। कहा कि हजारों पन्नों की चार्जशीट में कई खामियां हैं और उसमें लगाए गए आरोप किसी गवाह या बयान से साबित नहीं होते। चार्जशीट में विरोधाभास हैं, जो कथित साजिश (आरोपों) की पूरी थ्योरी को कमजोर करते हैं। अदालत ने सीबीआई के जांच अधिकारी (आईओ) के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं।

### के. कविता बोलीं : 'सत्यमेव जयते'

दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित घोटाले में तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी के. कविता को दिल्ली की एक अदालत ने बरी कर दिया। तेलंगाना जागृति की संस्थापक के. कविता ने इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए 'सत्यमेव जयते' (सत्य की जीत होती है) की बात कही है। कविता ने दावा किया कि यह मामला राजनीतिक प्रतिशोध के तहत उन्हें फंसाने की एक साजिश थी।

पीयूष गोयल ने कहा - सरकार अमेरिका के साथ संवाद में है

# अमेरिकी टैरिफ पर रुको और इंतजार करो की रणनीति अपना रहा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

**उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भारत फिलहाल रुको और इंतजार करो की स्थिति में है और हालात लगातार बदल रहे हैं।**

उन्होंने कहा कि सरकार देश के हितों की रक्षा के लिए स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है। गोयल ने कहा कि भारत अमेरिकी प्रशासन के साथ लगातार संवाद में है और आंतरिक स्तर पर भी विचार-विमर्श जारी है। उन्होंने कहा कि यह एक विकसित होती स्थिति है। हम घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं और यह सुनिश्चित करेंगे कि भारत के सर्वोत्तम हित सुरक्षित रहें। मंत्री ने आश्वस्त किया कि भारत बेहतर अवसरों के लिए संवाद की नीति पर कायम है



और वैश्विक व्यापार में अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति मजबूत करने के लिए प्रयास जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ हो रही बातचीत का उद्देश्य ऐसा समझौता सुनिश्चित करना है, जिससे भारत को अन्य उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिल सके और राष्ट्रीय हित के क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर खुलें।

**परिस्थितियां अभी गतिशील हैं और विभिन्न स्तरों पर संवाद जारी :** भारत की बातचीत की स्थिति पर सवाल के जवाब में गोयल ने कहा कि परिस्थितियां अभी गतिशील हैं और विभिन्न स्तरों पर संवाद जारी है। उन्होंने संकेत दिया कि हालात बदलने पर व्यापार समझौते में संतुलन की गुंजाइश भी रखी गई है। टैरिफ दरों को लेकर पूछे गए प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि अगर शुल्क दर 18 प्रतिशत के बजाय 15 प्रतिशत होती है, तो निर्यात को बिना बाधा जारी रखने में मदद मिलेगी। हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी व्यापार समझौते का आकलन केवल टैरिफ के आधार पर नहीं, बल्कि उसके व्यापक सकारात्मक पहलुओं के आधार पर किया जाना चाहिए।

गोयल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार तुलनात्मक लाभ पर आधारित होता है। उनके अनुसार, अगर भारत के प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में कम टैरिफ दर मिलती है, तो यह निर्यात के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

भारत-पाक सीमा पर सह-पायलट बन रचा इतिहास

# राष्ट्रपति मुर्मू ने 'प्रचंड' हेलीकॉप्टर में भरी उड़ान



**जैसलमेर, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को राजस्थान के जैसलमेर में स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरी। राष्ट्रपति ने भारत-पाकिस्तान सीमा के पास हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में सह-पायलट के तौर में उड़ान भर कर इतिहास रच दिया है।द्रौपदी मुर्मू स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर में सह-पायलट बनकर उड़ान भरने वाली पहली राष्ट्रपति हैं। एलसीएच प्रचंड ने जैसलमेर स्थित भारतीय वायु सेना (आईएएफ) स्टेशन से उड़ान भरी। उड़ान से पहले कैप्टन ने राष्ट्रपति को जानकारी दी। जैतून के हरे रंग की वर्दी और हेलमेट पहने हुए उन्होंने प्रस्थान करने से पहले कॉकपिट से हाथ हिलाकर अभिवादन किया।

### 'प्रचंड हेलीकॉप्टर आत्मनिर्भरता का एक सशक्त प्रतीक :राष्ट्रपति मुर्मू

भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति ने उड़ान के दौरान कॉकपिट से राष्ट्र के नाम संदेश भी दिया। उन्होंने कहा, 'प्रचंड हेलीकॉप्टर आत्मनिर्भरता का एक सशक्त प्रतीक है। इस समय मैं जैसलमेर जिले के ऊपर उड़ान भर रही हूं। मैं हमारे वीर सैनिकों को हार्दिक शुभकामनाएं और गहरी कृतज्ञता व्यक्त करती हूं। आपको मेरा सादर सलाम। जय हिंद, जय भारत।' यह उड़ान लगभग 25 मिनट तक चली। हेलीकॉप्टर पोखरण फायरिंग रेंज के ऊपर से गुजरा, जहां भारतीय वायुसेना शाम को 'वायु शक्ति' नामक अग्नि शक्ति प्रदर्शन आयोजित करेगी। राष्ट्रपति मुर्मू दिन-दुशाला-रात्रि प्रदर्शन का भी अवलोकन करेंगी। इससे पहले वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने राष्ट्रपति का जैसलमेर वायुसेना स्टेशन पर स्वागत किया।

# कोलकाता सहित बंगाल के कई जिलों में 5.5 तीव्रता का भूकंप, इमारतें हिलीं, लोग सड़कों पर निकले

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता और पश्चिम बंगाल के आसपास के जिलों में शुक्रवार दोपहर करीब 1.22 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। कोलकाता में लगभग 10 सेकंड तक झटके महसूस हुए, जिससे लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के सतखीरा जिले में जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था। इसकी तीव्रता 5.5 दर्ज की गई। सतखीरा कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर और नॉर्थ 24 परगना जिले से महज 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

कोलकाता में भूकंप के बाद करीब एक घंटे तक सड़कों और खुले जगहों पर अफरातफरी की स्थिति रही। सोशल मीडिया



पर कई वीडियो सामने आए, जिसमें भूकंप के दौरान घरों में रखे सामान और पंखे हिलते दिखाई दिए। टेबल पर बोतल में रखा पानी भी हिल रहा था। कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, झाड़ग्राम और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में भी लोग दहशत में रहे। अब तक जानमाल के नुकसान या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। हालांकि कोलकाता में कुछ ऑफिस के कर्मचारियों ने दावा किया कि झटकों के कारण दीवारों में दरारें आ गईं।

बेहाला इलाके में सड़क के एक बड़े हिस्से में दरारें और धंसने की घटना सामने आई है। स्थानीय लोगों का दावा है कि यह नुकसान भूकंप के झटकों की वजह से हुआ। दोपहर के बाद तत्काल कोई आफ्टरशॉक महसूस नहीं किया गया।

मुख्य चुनाव आयुक्त बोले...

# तमिलनाडु में एक चरण में चुनाव होगा, आखिरी फैसला जल्द करेंगे

**चेन्नई, एजेंसी।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चेन्नई में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कॉन्फ्रेंस ने शुक्रवार को कहा कि तमिलनाडु में एक चरण में ही चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि इसपर आखिरी फैसला जल्द करेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि तमिलनाडु इलेक्शन में रिकॉर्ड बनाएगा और बिहार से बहुत बेहतर होगा। उन्होंने राज्य के सभी वोटरों से आने वाले विधानसभा चुनावों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि हाल ही में राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कराया गया है। इसके बाद वर्तमान में यहां 5 करोड़ 67 लाख वोटर हैं। यहां 75,000 पोलिंग स्टेशन होंगे, जिनमें से 44,000 ग्रामीण इलाकों में होंगे। ट्रांसपेरेंसी पक्का करने के लिए हर पोलिंग बूथ पर 100% वेबकास्टिंग होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि हाल ही में चुनाव आयोग ने एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। इसमें 72 देशों के चीफ इलेक्शन कमिश्नर, इलेक्शन कमिश्नर और चुनावी स्टाफ ने हिस्सा लिया।



गुरु तेग बहादुरजी के 350वें शहीदी दिवस पर नवी मुंबई में आयोजन

# शहीदी समागम की तैयारी पूरी, कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता का होगा दर्शनः आयुक्त डॉ. विजय सूर्यवंशी

विजय सोनवणे

**मुंबई (विनय उजाला)। 'हिंद-दी-चादर 'गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी समागम का आयोजन 28 फरवरी और 1 मार्च को नवी मुंबई में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ऐसी जानकारी कोंकण विभागीय आयुक्त डॉ. विजय सूर्यवंशी ने दी।**

नवी मुंबई में आयोजित 'हिंद-दी-चादर 'कार्यक्रम की जानकारी देने के लिए मुंबई मराठी पत्रकार संघ में पत्रकार सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय धर्म जागरण समिति के



प्रमुख शरद रावजी ढोले, राज्यस्तरीय समन्वय समिति के समन्वयक रामेश्वर नाईक, सह-समन्वयक जसपाल सिंह सिद्धू, राज्यस्तरीय समन्वय समिति के निमंत्रक बल मलकित सिंह तथा अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हैप्पी सिंह उपस्थित थे।

राज्यस्तरीय समन्वयक रामेश्वर नाईक ने बताया कि 'हिंद-दी-चादर 'गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में विभिन्न जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अल्पसंख्यक विकास विभाग और शहीदी समागम राज्य समन्वय समिति के संयुक्त तत्वावधान में नवी मुंबई में भव्य शहीदी समागम का आयोजन किया जा रहा है।

**कई प्रदेश के मुख्यमंत्री होंगे शामिल :**कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दूरदर्शन प्रणाली के माध्यम से संबोधित करेंगे। साथ ही गृह मंत्री अमित शाह, आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, जम्मू कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल, योगी आदित्यनाथ, प्रमोद सावंत, नयाब सिंह सैनी, डॉ. मोहान यादव, भजनलाल शर्मा, रेखा गुप्ता, सहित एकनाथ शिंदे, सुनेत्रा अजित पवार, हर्ष संघवी, अनामलाई, बाबा रामदेव, आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और साध्वी ऋतम्बरा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

शहीदी समागम में सिख, सिकलीगर, बंजारा, लबाना, मोहयाल, सिंधी, वाल्मीकि, उदासीन तथा भगत नामदेव संप्रदाय के संत और रागी जत्थेदार भी शामिल होंगे। 27 फरवरी को नगर कीर्तन का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से गुरु तेग बहादुर के शौर्य, धर्म की स्वतंत्रता, मानवता और न्याय के मूल्यों का संदेश नई पीढ़ी तक पहुंचाने का उद्देश्य है। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी वेबसाइट (https://gurutegbahadurshahidi.com/home) पर प्राप्त की जा सकती है।

### देश-विदेश से 18 से 20 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना

विभागीय आयुक्त डॉ. विजय सूर्यवंशी ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में देश-विदेश से 18 से 20 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से व्यापक तैयारी की गई है। मुख्य पंडाल में एक समय में 80 हजार से 1 लाख श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के लिए 150 से अधिक विशेष एनएमएमटी बस सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। 38 स्वतंत्र पार्किंग स्थल, 3 विशेष हेलीपैड की व्यवस्था, 25 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था, 1,000 से अधिक अस्थायी शौचालय तथा 500 से अधिक स्वच्छता कर्मियों की नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत 300 से अधिक डॉक्टर और पैरामेडिकल कर्मचारी तैनात रहेंगे। 15 से अधिक अस्थायी चिकित्सा केंद्र और एक अस्थायी आईसीयू केंद्र स्थापित किया गया है। निकटवर्ती अस्पतालों में 350 बेड तथा 75 आईसीयू बेड आरक्षित रखे गए हैं। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में 10 हजार से अधिक स्वयंसेवक भी भाग लेंगे।

## सम्पादकीय

# भाईचारा ही लोकतंत्र की असली ताकत

भारत में लोकतंत्र की परंपरा बहुत मजबूत रही है और यहां नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार संविधान के तहत मिला हुआ है। मगर इसके साथ ही कुछ जिम्मेदारियां भी अभिन्न हैं, जो आपस में मिल कर ही देश में सद्भाव और सहयोग पर आधारित समाज को जीवन देती हैं। विडंबना यह है कि कई बार अभिव्यक्ति की आजादी पर पूर्वाग्रह और महज धारणा पर आधारित राय हावी दिखती है और इसे किसी व्यक्ति या समुदाय को कठघरे में खड़ा करने का औजार बना लिया जाता है। अपनी प्रभावी संप्रेषण शक्ति और लोगों तक व्यापक पहुंच रखने वाले कला माध्यम के रूप में फिल्मों में अभिव्यक्ति के रचनात्मक पक्ष का इस्तेमाल करते हुए बड़े से बड़े प्रश्नों पर विचार किया जाता रहा है और इसे सभी स्तरों पर स्वीकार्यता भी मिलती रही है। मगर अफसोस की बात यह भी है कि इसी सुविधा का कई बार गलत फायदा भी उठाया जाता है। अभिव्यक्ति के नाम पर किसी फिल्म में परोसी गई कहानी के जरिए किसी समुदाय के बारे में गलत धारणा बनाने की कोशिश की जाती है। इसी तरह, कुछ नेता भी अपनी जिम्मेदारियों और सीमाओं को ताक पर रख कर बेहिचक ऐसे बयान देते हैं, जिससे अलग-अलग समुदायों के बीच द्वेष पैदा होता है। जबकि इसका नतीजा इस रूप में भी सामने आ सकता है कि अलग-अलग समुदायों के बीच सद्भावना आधारित संवाद या संबंध पीछे छूट जाए। जाहिर है, देश को इसके दूरगामी नुकसान हो सकते हैं। शायद यही वजह है कि हाल ही में अपने शीर्षक की वजह से विवाद के घेरे में आई एक फिल्म पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव के लिए भाईचारा जरूरी है। इस मामले में न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने अपने अलग फैसले में कहा कि सरकारी और गैरसरकारी सहित किसी भी जानी-मानी हस्ती और खासतौर पर ऊंचे संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के लिए भाषण, मीम, कार्टून या दृश्य माध्यमों के जरिए किसी भी समुदाय को बदनाम करना, उस पर धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र के आधार पर निशाना साधना संविधान का उल्लंघन है। दरअसल, पिछले कुछ समय से देश भर में अलग-अलग संदर्भ में कुछ नेताओं के बयानों या फिल्मों ने कई बार विवाद की स्थिति खड़ी कर दी। सार्वजनिक रूप से वैसी बातें करने में भी संकोच नहीं किया गया, जिसका कोई मजबूत आधार नहीं था, लेकिन उसने जन मानस के बीच राय बनाने में भूमिका निभाई। वे फिल्मों में चित्रित ब्योरे हों या किसी नेता का बयान, ऐसे अनेक मौके सामने आए, जब उसकी वजह से नाहक विवाद खड़ा हुआ, आपसी सद्भाव को नुकसान पहुंचा और यहां तक कि कोई खास समुदाय अपने आपको कठघरे में खड़ा या असुरक्षित महसूस करने लगा।

## दैनिक विनय उजाला सुविचार

जीवन का सबसे बड़ा सुरक्षा कवच सहनशीलता है।
**– डॉ. विनय दीवान, भोपाल**

सब कुछ बस चाहने से हासिल हो जाये; मुमकिन ही नहीं, ये ज़िंदगी है पिता का घर नहीं... !
**– पुष्पेन्द्र कानूनगो, इंदौर**

भरोसा हो तब तक गलत बात भी सही लगती है, लेकिन जिस दिन भरोसा टूटता है उस दिन सही बात भी गलत लगती है। विश्वास कायम रखें।
**– विकास शर्मा, मंदसौर**

दुनिया के नकार देने से अस्तित्व खत्म नहीं होता, हौसला जिंदा हो तो इंसान खुद को फिर से खड़ा कर लेता है.. !!
**– केके आर्य**

जीवन में उजाला चाहिए तो खुद का दिया जलाओ, दूसरों की मोमबत्ती के सहारे जिंदगी रोशन नहीं हुआ करती।
**– अब्दुल सलाम कुरैशी, गुना**

आज किसी का वक्त बुरा है, तो उस पर हसो मत, क्योंकि वक्त हर चेहरा याद रखता है.. !
**– अशोक परमार, आष्टा सीहोर**

## तुम मेरा सितारा

शाम ढले तो आसमान में,
चुपके से तेरा नाम लिखा।
हज़ारों टिमटिम करते उजालों में,
मैंने तेरा ही पैगाम लिखा।
भीगी सी उस ठंडी हवा में,
तेरी खुशबू घुल जाती है।
जब भी देखूँ एक सितारा,
तेरी सूरत नज़र आती है।
तू दूर सही उस अंबर में,
पर दिल के बहुत क़रीब है।
जैसे रोशनी की पतली डोरी,
मेरे हाथों में तेरी आस है।
रात की चादर ओढ़ जब
दुनिया सारी सो जाती है,
एक सितारा मेरी तरह
तेरे लिए ही जाग जाती है।
वो कहता है
मोहब्बत दूरी से नहीं डरती,
ये तो रूह का नूर है।
जिसे छू ले सच्चा दिल,
वही सबसे मशहूर है।
तू मेरा अपना सितारा है,
भीड़ में भी ख़ास है।
तेरी हँसी की चमक से ही
मेरा हर दिन उजास है।



**बिनिता चासा**
भवन्स त्रिपुरा विद्या मंदिर
दैनिक विनय उजाला

## जवाब दो कान्हा

क्या तुम चांद हो?
मैं तुम्हें देख तो सकती हूं,
लेकिन छू नहीं सकती ।
मैं तुम्हें चाह तो सकती हूं,
लेकिन पा नहीं सकती ।

क्या तुम चांद हो ?
मैं तुम्हें निहार तो सकती हूं,
लेकिन प्यार नहीं कर सकती।
मैं तुम्हें याद तो कर सकती हूं,
लेकिन साथ नहीं चल सकती ।

क्या तुम चांद हो ?
मैं तुम्हें महसूस तो कर सकती हूं,
लेकिन महफूज नहीं कर सकती ।
तुम्हें निगाहों में तो भर सकती हूं,
आलिंगन में नहीं भर सकती।

क्या तुम चांद हो ?
तुम्हारा रूप तो धर सकती हु,
तुम्हें शीश नहीं धर सकती ।
तुम्हें दिल में बसा तो सकती हूं,
पर तुम्हारे संग नहीं बस सकती।



**रेखा राठौर**
दैनिक विनय उजाला

## विशेष सम-सामयिक

अदालत ने एनसीईआरटी को आदेश दिया है कि वह उन व्यक्तियों का नाम ज़ाहिर करे जिनको कक्षा 8 की सोशल साइंस की किताब तैयार करने की ज़िम्मेदारी दी गई थी, उनकी योग्यता क्या है और उन बैठकों के मिनट्स पेश करे, जिनमें किताब के कंटेंट्स पर चर्चा करके अंतिम रूप दिया गया था। अब इस मामले में अगली सुनवायी 11 मार्च 2026 को होगी।

### सुप्रीम कोर्ट के आगबबूला होते ही

# एनसीईआरटी ने विवादित पुस्तक वापस ली...!!

दैनिक विनय उजाला



**नौशाबा परवीन**
**( लेखिका सम-सामयिक विषयों की टिप्पणीकार हैं )**
**-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**

मंगलवार (24 फरवरी 2026) को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में अपनी नाराज़गी प्रकट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कक्षा आठ के बच्चों को हम यह क्या पढ़ा रहे हैं, न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में? ऐसा सूत्रों का कहना है। इसके बाद बृहस्पतिवार (26 फरवरी 2026) को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि जो लोग एनसीईआरटी की पाठ्पुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का संदर्भ शामिल करने के लिए ज़िम्मेदार हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। एनसीईआरटी ने संबंधित पुस्तक के ई-वर्ज़न को अपनी वेबसाइट से उतार लिया है और जो 32 हार्ड कॉपी बिक गईं थीं, उन्हें भी वापस लेने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि 2,24,968 किताबों को विक्रेताओं के पास से वापस वेयरहाउस में मंगा लिया गया है। विवादित पुस्तक की 2.25 लाख प्रतियां छापी गईं थीं। यह सब काम सुप्रीम कोर्ट के गुस्से के बाद हुआ है।

विवाद के केंद्र में कक्षा आठ के लिए तैयार की गई सोशल साइंस की नई पाठ्पुस्तक (भाग 2) है, जिसे एनसीईआरटी ने प्रकाशित किया है और इसका सम्पादन मिशेल डानिनो व अलोक प्रसन्ना ने किया है। इस किताब के पाठ 4, जिसका शीर्षक है 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका', में न्यायपालिका के समक्ष चुनौतियों का उल्लेख किया गया है। चुनौतियों में भ्रष्टाचार, बहुत बड़ी संख्या में लम्बित मुकदमें और न्यायाधीशों की कमी को विशेषरूप से शामिल किया गया है। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार? सुनते ही सुप्रीम कोर्ट आगबबूला हो गया और तुरंत हरकत में आ गया। सरकार ने भी इसे बहुत बड़ी भूल/चूक माना और धर्मेंद्र प्रधान ने बिना शर्त माफ़ी मांगी। लेकिन माफ़ी के बावजूद सुप्रीम कोर्ट ने 26 फरवरी 2026 को सोशल साइंस की इस पुस्तक पर प्रतिबंध लगा दिया और हर रूप में इसके प्रसार पर रोक लगाते हुए स्कूल शिक्षा सचिव व एनसीईआरटी के प्रमुख को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कहा कि उनके खिलाफ अवमानना की प्रक्रिया क्यों न आरंभ की जाये?



अदालत में यह सुनवायी पिछले दो दिन से चल रही थी, जिस दौरान सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने 'माफ़ी के अयोग्य गलती' के लिए क्षमा मांगते हुए कहा कि जिन दो व्यक्तियों ने संबंधित पुस्तक का सम्पादन किया है, उन पर सरकार ने स्थायी रूप से रोक लगा दी है कि उन्हें किसी भी पाठ्पुस्तक को तैयार करने में शामिल नहीं किया जायेगा। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायाधीश जॉयमाल्या बागची व न्यायाधीश विपुल एम पंचोली की खंडपीठ ने सरकार की माफ़ी को फ़िलहाल स्वीकार करने से इंकार कर दिया है और कहा है कि पहले वह यह जांच करेगी कि न्यायिक संस्था की प्रतिष्ठा व गरिमा को नुकसान पहुंचाने की कहीं जानबूझकर व सुनियोजित योजना तो नहीं थी? मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, बिना सोचे समझे एक तीर चलाया गया है और न्यायपालिका ज़ख्मी हुई है। योजना न्यायपालिका को बदनाम करने की थी, छात्रों, उनके पैरेंट्स व अध्यापकों और पूरे समाज को यह बताकर कि न्यायपालिका भ्रष्ट है। इस संस्था का मुखिया होने के नाते यह मेरी ज़िम्मेदारी है कि मैं न्यायपालिका की रक्षा इस क़िस्म के भयंकर व आधारहीन आक्षेपों से करूं। सुप्रीम कोर्ट का यह भी कहना है कि जिस प्रकार से पुस्तक में अदालतों में भ्रष्टाचार को प्रस्तुत किया गया है कि अनेक न्यायाधीशों के खिलाफ शिकायते हैं, उससे जानबूझकर यह दिखाने का प्रयास किया गया है कि न्यायपालिका ने इन शिकायतों का संज्ञान नहीं लिया है।

पाठ्पुस्तक में आपत्तिजनक अंश के प्रसार को रोकने के लिए खंडपीठ ने आदेश दिया, एनसीईआरटी केंद्र व राज्य शिक्षा विभागों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करे कि पुस्तक की सभी प्रतियां (हार्ड या सॉफ्ट) जो वर्तमान में प्रसार में हैं, चाहे स्टोरेज में हों, फुटकर दुकानों में हों या शैक्षिक संस्थानों में हों, उन्हें ज़ब्त किया जाये और पब्लिक एक्सेस से हटाया जाये। अनुपालन को फाइल किया जाये। अदालत ने यह भी कहा, एनसीईआरटी निदेशक और हर स्कूल के प्रधानाचार्य, जहां यह किताब पहुंची है कि व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी होगी कि तुरंत प्रभाव से पुस्तक को ज़ब्त किया जाये और उनके प्रांगण में पुस्तक की जो प्रतियां हैं, उन्हें सील किया जाये व अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की जाये। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि इस विषय पर आधारित कोई सबक न दिया जाये। सभी राज्यों के प्रमुख सचिवों को अनुपालन करना है। एनसीईआरटी से कहा गया है कि वह दो सप्ताह के भीतर अपनी अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करे।

प्रचुर सावधानी बरतते हुए अदालत ने तुरंत प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है कि इस पुस्तक का आगे कभी भी प्रकाशन, पुनः मुद्रण या डिजिटल प्रसार न हो। इस आदेश से अगर चतुराई से बचने का कोई प्रयास किया जायेगा, इलेक्ट्रॉनिक तरीकों या शीर्षक बदलकर, तो उसे सीधा हस्तक्षेप, जानबूझकर उल्लंघन और निर्देशों का खुला विरोध माना जायेगा। अदालत ने एनसीईआरटी को आदेश दिया है कि वह उन व्यक्तियों का नाम ज़ाहिर करे जिनको कक्षा 8 की सोशल साइंस की किताब तैयार करने की ज़िम्मेदारी दी गई थी, उनकी योग्यता क्या है और उन बैठकों के मिनट्स पेश करे, जिनमें किताब के कंटेंट्स पर चर्चा करके अंतिम रूप दिया गया था। अब इस मामले में अगली सुनवायी 11 मार्च 2026 को होगी। एनसीईआरटी का कहना है कि विवादित पुस्तक के ई-वर्ज़न को ऑनलाइन पोस्ट नहीं किया गया था। साथ ही उसने यह भी कहा है कि संबंधित पाठ को उचित विशेषज्ञों की सलाह लेकर फिर से लिखा जायेगा और उसे 2026-27 के अकादमिक सत्र के लिए उपलब्ध करा दिया जायेगा। लेकिन एनसीईआरटी ने इस प्रश्न का जवाब नहीं दिया कि पाठ्पुस्तक की प्रतियां जो बिक चुकी हैं, उन्हें ट्रैक करके वापस लाने की उसने क्या योजना बनायी है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, जो कुछ हुआ उस पर मुझे गहरा दुःख है। न्यायपालिका को बदनाम करने का कोई इरादा नहीं था। जिन लोगों से यह चूक हुई हैं, उन्हें पहचानने के लिए जांच की जायेगी। वैसे जैसे ही यह मामला प्रकाश में आया था, तो पाठ्पुस्तक की बिक्री पर तुरंत रोक लगा दी गई थी, लेकिन फिर भी अदालत के निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन किया जायेगा। सुप्रीम कोर्ट का गुस्सा अपनी जगह, लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि भ्रष्टाचार हर जगह है, नगरपालिका से लेकर मंत्रालयों तक और अदालतें, विशेषकर निचली अदालतें, भी अपवाद नहीं हैं। ज्यादा पुरानी बात नहीं है जब दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आधिकारिक निवास (30 तुगलक क्रीसेंट, नई दिल्ली) के स्टोररूम में 14 मार्च 2025 की रात को लगभग 11:35 पर आग लगी और बाद में जांच से यह मालूम हुआ कि स्टोररूम से बोरियों में भरे हुए अधजले नोट मिले थे। लेकिन कक्षा आठ की पाठ्पुस्तक में गलती यह की गई कि सरकार के अन्य अंगों में जो भ्रष्टाचार के मामले, सही या गलत, प्रकाश में आते हैं, उन्हें तो अनदेखा कर दिया गया और जानकर या अनजाने में ऐसी तस्वीर उभरी जैसे भ्रष्टाचार सिर्फ अदालतों में ही होता हो। इसलिए सुप्रीम कोर्ट का गुस्सा होना जायज़ था।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (28 फरवरी) पर विशेष

# ...अगर विकसित देश बनना है तो रिसर्च को संस्कृति बनाना होगा

**शैलेंद्र सिंह**

साल 2047 तक भारत विकसित देश का लक्ष्य लेकर चल रहा है और इस साल यानी 2026 के लिए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम है- विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार। कहने का मतलब यह है कि अगर भारत को विकसित देश बनना है, तो उसमें विज्ञान की बड़ी अहम् भूमिका होगी और यह भूमिका तभी निर्णायक साबित होगी, जब हम साल 2047 के पहले ही जरूरी विकास के वैज्ञानिक शोधों को अपनी कार्यसंस्कृति बना लें। बिना वैज्ञानिक रिसर्च कोई देश इस दौर में महान या विकसित राष्ट्र के सपने नहीं देख सकता। क्योंकि आर्थिक समृद्धि, विकसित ढांचा, डिजिटल क्रांति और आधुनिक जीवन की आधारभूत जरूरतें तभी सहजता से पूरी होंगी, जब देश में वैज्ञानिक रिसर्च की बकायदा जीवनसंस्कृति होगी। इसलिए यह मूल सवाल है कि अब विकसित देश होने के लिए अपनी विभिन्न योजनाओं और उन पर निवेश के लिए हम वैज्ञानिक अनुसंधान की संस्कृति विकसित करें, यह बहुत जरूरी है।

### वैज्ञानिक रिसर्च के नक्शे में हम

दुनिया के विकसित देश जहां अनुसंधान और विकास यानी आरएंडडी में अपनी कुल जीडीपी का 2 से 4 फीसदी खर्च कर रहे हैं, वहीं हमारा अभी यह खर्च अभी 1 फीसदी भी नहीं हैं। हम अपने कुल सकल घरेलू उत्पाद का 0.7 से 0.8 फीसदी ही वैज्ञानिक अनुसंधानों में खर्च कर रहे हैं। इसलिए हमें तुरंत इसे लेकर अपनी रणनीति बदलनी होगी और इस खर्च का 2 से 3 फीसदी तक 18-19 सालों में बढ़ाना होगा। लेकिन बात सिर्फ पैसे की ही नहीं है। अगर हम विकसित देश बनना चाहते हैं, तो जरूरी है कि हमारे देश का मानसिक मिजाज भी वैज्ञानिक सोच वाला हो। इसके लिए हमें न सिर्फ अपने बच्चों को प्रगतिशील सोच का बनाना होगा बल्कि उन्हें हर तरह के सवाल पूछने के लिए भी प्रोत्साहित करना होगा। वास्तव में स्कूलों में प्रयोगों को रटने से ज्यादा महत्वपूर्ण होता है कि हमारे बच्चे प्रयोगशालाओं में प्रयोग करें और अपनी गलतियों से सीखें। लेकिन यह सिर्फ सोचनेभर से नहीं होगा। इसके लिए हमें देश के स्कूलों में प्रयोगशालाओं का एक जाल बिछाना होगा। जब तक छोटे और मझोले स्कूलों में प्रयोगशालाएं नहीं होंगी, तब तक बच्चे विज्ञान की तरफ आकर्षित नहीं होंगे और हां, इस बात को भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि रिसर्च का मतलब केवल पीएचडी कर लेना नहीं है बल्कि रिसर्च का मतलब रोजमर्रा की जिंदगी को आरामदेय बनाने के लिए क्या कुछ किया जा सकता है, इस पर ज्यादा से ज्यादा जोर देना है।

### एक नहीं अनेक इसरो चाहिए

भारत में आज विज्ञान और वैज्ञानिक प्रगति का पर्याय है इसरो। इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन। भारत के कुछ गिने चुने ऐसे संस्थान हैं जिन्होंने अपनी प्रगति और कामयाबी से दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। इसरो इसमें सबसे आगे है। लेकिन भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए एक अकेली इसरो या आईआईटी से काम नहीं चलने वाला। भारत को अगर विकसित राष्ट्र बनना है तो हमें शहर-शहर, स्कूल-स्कूल, यहां तक कि देहात के स्कूलों में भी बुनियादी स्तर की विज्ञान प्रयोगशालाएं चाहिए होंगी। इसलिए भारत सरकार ने अटल टिंकरिंग लैब हर जिले में स्थापित करने की योजना बनायी है। यही नहीं देश के व्यापक उद्योग जगत को अपने काम और लक्ष्य के अनुरूप वैज्ञानिक अध्ययन संस्थानों से गठजोड़ करके अनुसंधान का सिलसिला शुरु करना होगा। अगर शिक्षा और उद्योग क्षेत्र में यह साझेदारी विकसित हो जाती है तो भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। अमेरिका आज अगर वैश्विक तकनीक का हब है तो उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि यहां उद्योग जगत और शैक्षिक संस्थानों में गठजोड़ है। उद्योग जगत से शैक्षिक संस्थानों को भरपूर फंड मुहैय्या कराते हैं और ये शैक्षिक संस्थान नई से नई तकनीक खोजने में अपने को फोकस करते हैं। इस तरह अमेरिका आधुनिक औद्योगिक क्रांति का अगुवा बना हुआ है। भारत में पिछले कुछ सालों में बड़े पैमाने पर स्टार्टअप शुरु हुए हैं। हालांकि हमारे यहां स्टार्टअप की सफलता का दर अमेरिका या चीन के मुकाबले काफी कम है, लेकिन कम सफलता या ज्यादा असफलता से डरना नहीं चाहिए। वास्तव में प्रयोग के क्षेत्र में असफलताएं भी सफलाओं के लिए रास्ता बनाती हैं।

### जरूरी है साइंटिफिक टेम्परामेंट

सिर्फ तकनीक का विकास कर लेना या नये से नया आविष्कार कर लेना ही वैज्ञानिक प्रगति और विकसित राष्ट्र का आधार नहीं होता। उसके लिए साइंटिफिक टेम्परामेंट वाले समाज की भी दरकार होती है और जब समाज वैज्ञानिक सोच वाला बन जाता है, तो फिर वैज्ञानिक प्रगति की रफ्तार दिन दुनी, रात चैगुनी हो जाती है। इसलिए भारत को केवल विकसित राष्ट्र भर नहीं बनना बल्कि एक बौद्धिक राष्ट्र के रूप में भी अपनी पहचान बनानी है। क्योंकि जब तक कोई समाज वैज्ञानिक दृष्टिकोण या साइंटिफिक टेम्परामेंट वाला नहीं होता, तब तक उस समाज द्वारा तर्क, प्रमाण और परीक्षण के लिए अनुकूल वातावरण नहीं बनता। अगर समाज वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाला न हो तो सम्पन्नता का भी कोई मतलब नहीं होता। हम आये दिन पढ़ते और सुनते हैं कि कई करोड़पति, अरब पति लोगों में अंधविश्वास के चलते क्या-क्या नहीं करते रहते। देश में अफवाहों और अंधविश्वासों का अंत होता ही तभी है, जब समाज वैज्ञानिक सोच और दृष्टिकोण वाला बनता हैं और इसके लिए समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का मजबूत होना जरूरी है। समाज अगर वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाला होता है, तो सार्वजनिक स्वास्थ्य, जलवायु और पर्यावरण तथा डिजिटल असुरक्षा जैसी परेशानियां अपने आप थमने लगती हैं।

भारत में उपभोक्ता संस्कृति का भरपूर वातावरण है। लेकिन अगर हमें विकसित राष्ट्र बनना है तो इससे आगे यानी डीप-टेक के लिए अनुकूल तकनीकी संस्कृति विकसित करना होगा ताकि सेमिकंडक्टर, बायोटेक, क्वांटम कंप्यूटिंग, और हरित ऊर्जा के मामले में भी हम न सिर्फ नये-नये अनुसंधान कर सकें बल्कि पहले से मौजूद तकनीक को अपने अनुभव और दुनिया की जरूरत के हिसाब से उन्नत बना सकें। हालांकि यह इकोसिस्टम रातोंरात नहीं बनता।

**-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**

## होली

देख समय की रफ्तार को दिल से
मानाओ होली,
कोई वृक्ष कटे हरा- भरा न,
उपलों की जलाओ होली।
द्वारा-द्वारा मलरियों की,
सजाओ और जलाओ होली।
जल बिन जीवन व्यर्थ है,
जल में होली रंग न घोलो पिचकारी को
त्यागो बच्चों,
माथे सजाओ तिलक - रोली।
वसुंधरा तन जल से रीता,
ताल- तलैयाँ नदियाँ सुखी।
रंग-बिरंगे गुलाल उड़ाओ,
होली लगे न फीकी-फीकी।
आओ चलो सब पेड़ बचाएँ,
मिलजुल कर मनायें सूखी होली।
बड़ों के छुएँ चरण- कमल,
पाएँ अपार स्नेह मनायें होली।
पूजा अर्चना करो तन-मन से,
वतन की माँगो खुशहाली द्य
अंजली भर-भर उड़ाओ रोली,
राग मल्हार गाओ-मनाओ होली।
सीख सलाम की रखना याद तुम सब,
करो गुलाल आनन्द की वर्षा मनाओ
होली।



**अब्दुल सलाम कुरेशी**
जिला -गुना (म.प्र.)
दैनिक विनय उजाला

## दोस्ती

आज फिर पुराने चेहरों से मुलाक़ात हो गयी
पर ये क्या, मैं तो सब के बीच अनजान हो गई
कोई खिलखिला कर हस रहा था
तो कोई अपनी ही बातों में मशगूल था
किसी की चर्चा चाय पर जारी थी
तो किसी को तो बस अपनी ही कहानी सुनानी थी

मैं तो तुम में ही एक खास थी कल तक
पर आज तो लगा जैसे बिल्कुल आम हो गयी
शायद किसी ने मेरे होने को देखा ही नहीं
या देखा तो देख कर भी अनदेखा कर दिया
मेरे होने के अहसास को भी नजरअंदाज कर दिया

अपने ही वजूद पर में शर्मिंदा हूँ
लेकिन आज भी इस जहाँ में, मैं ज़िंदा हूँ
दुनिया की नजरों में बिल्कुल गुमशुदा हूँ
कल तक जो मेरे साथ होने पर साथी लगते थे
आज कुछ दिन की दूरी में यूँ दरकिनार हो गए
रिश्ता जैसे कुछ था ही नहीं ऐसे अनजान हो गए

दोस्त बहुत होंगे तेरे इस दुनिया में ऐ मनु,
पर दोस्ती निभा सके वो चुनिंदा ही निकले
भीड़ तो हर मोड़ पर मिल जाएगी तुझे,
पर साथ चलने वाले हमसफ़र गिनती के निकले
हँसने वाले मिलेंगे हर खुशी की महफ़िल में,
पर आँसू पोंछ सके वो तो कम ही निकले

वक़्त की आँधी जब रिश्तों को परखती है
तब सच्चे दोस्त ही चट्टान बनकर खड़े होते हैं
नाम लिखे थे बहुतों ने साथ चलने को,
पर जो आख़िर तक ठहरे, वो कुछ ख़ास ही निकले



**रत्ना अजय यादव**
पुणे, महाराष्ट्र
दैनिक विनय उजाला

## संक्षिप्त समाचार

### ऐसी चीजें बनाई जाएं जो खुशी और शांति को बढ़ावा दें, फिल्म पर रोक के बाद बोलीं प्रियंका






**वायनाड, एजेंसी।** फिल्म द केरल स्टोरी 2 पर केरल हाईकोर्ट ने रोक लगा दी। कोर्ट के आदेश के बाद फिल्म 27 फरवरी को रिलीज नहीं हो पाई। अब इस पर वायनाड सांसद और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की भी प्रतिक्रिया आई है। केरल पहुंची प्रियंका गांधी ने कहा कि हालांकि लोगों को अपनी बात कहने की अनुमति दी जानी चाहिए, लेकिन बेहतर होगा कि ऐसी चीजें बनाई जाएं जो लोगों के बीच खुशी और शांति, प्रेम और कल्याण को बढ़ावा दें। वायनाड सांसद प्रियंका गांधी तीन दिन के दौरे पर केरल आई हैं, जहां उन्होंने 'द केरल स्टोरी 2-' की रिलीज पर कोर्ट के स्टे के बारे में मीडिया के सवालों का जवाब दे रही थीं। अपने बयान में प्रियंका गांधी ने कहा, 'मुझे लगता है कि लोगों को अपनी बात कहने की इजाजत होनी चाहिए। ऐसे माहौल में जो एक-दूसरे के प्रति गुस्से और नफरत से भरता जा रहा है। अगर आप वायनाड को लें तो ये लोग कितनी खूबसूरती से एक साथ रहते हैं, कैसे त्योहार मनाते हैं, कैसे एक-दूसरे की मदद करते हैं और सब कुछ। उन्होंने आगे कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप यहां किस धर्म या जाति से हैं। यह केरल की स्वभाव है और मुझे लगता है कि यही इस जगह की खूबसूरती है। हम इसके बारे में बात क्यों नहीं करते और इसे क्यों नहीं दिखाते। क्यों न पूरा देश इस उदाहरण से सीखे। कांग्रेस सांसद ने कहा कि यहां चोरालमाला-मुंडक्कई भूस्खलन में सैकड़ों लोगों की जान जाने के बाद, सभी ने एक-दूसरे की मदद की और धर्म या जाति की परवाह किए बिना ऐसा करना जारी रखा है।

### राजनीतिक ट्रैक पर उतरीं एथलीट स्वप्ना बर्मन, तृणमूल कांग्रेस में हुईं शामिल



**कोलकाता, (हि.स.)।** प्रसिद्ध एथलीट और अंतरराष्ट्रीय हेप्टाथलॉन खिलाड़ी स्वप्ना बर्मन ने शुक्रवार को आधिकारिक रूप से तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया। विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच उनका खेल जगत से राजनीति में प्रवेश एक अहम बदलाव माना जा रहा है। स्वप्ना बर्मन 2018 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता रही हैं। इसके अलावा उन्होंने 2017 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के जमीनी संघर्ष और कार्यशैली से प्रेरित होकर उन्होंने राजनीति में कदम रखने का निर्णय लिया है। तृणमूल कांग्रेस मुख्यालय में राज्य के मंत्री ब्रात्य बसु और चंद्रिमा भट्टाचार्य ने उनका स्वागत किया। ब्रात्य बसु, जो एक जाने-माने नाटककार और अभिनेता भी हैं, ने स्वप्ना बर्मन की वास्तविक उपलब्धियों की तुलना चर्चित खेल फिल्मों से करते हुए उत्साहपूर्वक कहा, 'चक दे स्वप्ना।' तृणमूल भवन में पार्टी की सदस्यता लेने के बाद स्वप्ना बर्मन ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कई तरह के विकास कार्यों ने मुझे बहुत प्रेरित किया है। आज, मैं उनके काम में शामिल होने के लिए तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुई हूं। स्वपना बर्मन का पार्टी में आना इसी बात का संकेत है। पिछले कुछ समय से यह अफवाह थी कि स्वप्ना बर्मन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होंगी। साथ ही वह उम्मीदवार भी होंगी। स्वप्ना ने उन सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया।

### बंगाल में एक साथ चार विधानसभाओं से शुरू होगी भाजपा की परिवर्तन यात्रा, शाह दिखाएंगे हरी झंडी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने राज्यभर में 'परिवर्तन यात्रा' निकालने की तैयारी तेज कर दी है। पार्टी के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 2 मार्च को इस यात्रा को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाएंगे। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार, अमित शाह 1 मार्च को रात करीब 10 बजे कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद वे प्रदेश नेताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति और संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा करेंगे। भाजपा नेताओं के अनुसार, 2 मार्च की सुबह दक्षिण 24 परगना जिले के रायदिघी विधानसभा क्षेत्र से परिवर्तन यात्रा का औपचारिक शुभारंभ होगा। यहां अमित शाह कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करेंगे। पार्टी सूत्रों का कहना है कि इसी दिन राज्य के चार अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से चार समानांतर परिवर्तन यात्राएं एक साथ शुरू की जाएंगी। इनमें— कूचबिहार जिले का कूचबिहार दक्षिण, नदिया जिले का कृष्णनगर दक्षिण, पश्चिम बर्दवान जिले का कुल्टी, पश्चिम मेदिनीपुर जिले का गरबेता शामिल हैं। भाजपा का दावा है कि ये यात्राएं राज्य के विभिन्न हिस्सों से गुजरते हुए जनता तक 'परिवर्तन का संदेश' पहुंचाएंगी। इधर, राज्य पुलिस ने परिवर्तन यात्रा के लिए अनुमति नहीं दी है। इसके बाद भाजपा ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पार्टी ने 22 फरवरी को संबंधित थानों में अनुमति के लिए आवेदन दिया था, लेकिन मंजूरी नहीं मिलने पर अदालत में याचिका दायर की गई। सूत्रों के अनुसार, जस्टिस शुभ्रा घोष की अदालत में मामले की सुनवाई होने की संभावना है। भाजपा का कहना है कि वह कानूनी प्रक्रिया के तहत अनुमति हासिल कर कार्यक्रम को सफल बनाएगी। राज्य की सियासत में इस घोषणा के बाद हलचल तेज हो गई है। अब सबकी नजरें अदालत के फैसले और अमित शाह के प्रस्तावित दौरे पर टिकी हैं।



### पिछले 12 वर्षों में देश ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व प्रगति की है : गजेन्द्र सिंह

**जोधपुर,(हि.स.)।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि एक ओर भारत की सामरिक शक्ति में जबरदस्त इजाफा हुआ है, तो दूसरी ओर रक्षा साजो-सामान के स्वदेशी निर्माण की क्षमता भी तेजी से बढ़ी है। केंद्रीय मंत्री शुक्रवार को दिल्ली से जोधपुर पहुंचे और अपने निवास स्थान पर गणमान्य लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब भारत रक्षा क्षेत्र में दुनिया के सबसे बड़े आयातकों में गिना जाता था, लेकिन अब देश निर्यातक बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि तेजस लड़ाकू विमान से लेकर मिसाइल और बुलेटप्रूफ जैकेट तक, आज सब कुछ भारत में ही निर्मित हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति की मौजूदगी में होने वाला वायुसेना का प्रदर्शन देश की उच्चतम सैन्य क्षमता का परिचायक होगा। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में इस तरह का आयोजन होने से वहां रहने वाले लोगों का भारत की ताकत और क्षमता पर भरोसा और मजबूत होगा। आतंकवाद के मुद्दे पर शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई है और यह नीति वैश्विक स्तर पर लागू होती है। उन्होंने कहा कि आज वे देश भी आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपना रहे हैं, जो पहले इसे बढ़ावा देते रहे हैं। शेखावत ने पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर भी कड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में पश्चिम बंगाल में टीएमसी का सूपड़ा साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है कि बंगाल समेत किसी भी राज्य में एक भी घुसपैठिए को नहीं रहने दिया जाएगा।



## केजरीवाल ने पीएम मोदी को चुनौती दी...

# दिल्ली में चुनाव करा दो, भाजपा को 10 से ज्यादा सीट मिली तो राजनीति छोड़ दूंगा

नई दिल्ली, एजेंसी




**दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कथित दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बड़ी राहत दी है।**

कोर्ट ने दोनों को बरी कर दिया है। इस फैसले पर अरविंद केजरीवाल अपने आवास से पार्टी दफ्तर तक रोड शो किया। रोड शो के दौरान उन्होंने अपने हाथ में गदा लेकर समर्थकों का अभिवादन किया।

केजरीवाल ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताया और पीएम मोदी और अमित शाह पर हमला करते हुए कहा कि इन्होंने आम आदमी पार्टी के खिलाफ बड़ी साजिश रची। इन्हें जब लगा कि ये हमें दिल्ली में नहीं हरा सकते तो इन्होंने ये साजिश की। आज पीएम मोदी और अमित शाह को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

#### पीएम मोदी को दी दिल्ली में चुनाव कराने की चुनौती

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केजरीवाल ने कहा कि मैं मोदी जी को दिल्ली में फिर से चुनाव कराने की चुनौती देता हूं। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि अगर उन्हें 10 से ज्यादा सीटें मिलीं, तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। उन्होंने कहा कि मुझे रोकने का एक ही रास्ता है मेरा कत्ल करा करवा दें।

#### मुझे जेल जाने से फर्क पड़ता है

केजरीवाल ने कहा कि मैंने सिर्फ ईमानदारी का काम किया। मुझे जेल जाने से फर्फ पड़ता है। मैं वो राजनेता नहीं हूं जिसकी मोटी चमड़ी है। मेरे जेल जाने से मेरे परिवार पर फर्फ पड़ता है। केजरीवाल ने बीजेपी सरकार पर भी हमला बोला और कहा कि आज दिल्ली की क्या हालत कर दी है। मैंने दिल्ली में पांच हजार स्कूल बनाए, आप पांच सौ स्कूल बना कर दिखा दो। आज दिल्ली की सड़के कितनी खराब हैं। हर जगह गड्ढे ही गड्ढे हैं। मैंने जितना काम दिल्ली के लिए किया आप उतना कर दो आपको चुनाव जीतने के लिए केजरीवाल को जेल में डालने की जरुरत नहीं पड़ेगी।

#### कोर्ट ने झूठ का किला ढहा दिया

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता कट्टर ईमानदार है। कोर्ट ने झूठ का किला ढहा दिया। देशभर के लोगों ने जिन्होंने इतने कठिन समय में हमारा साथ दिया मैं उनका धन्यवाद करता हूं। आप जानते हैं कि किस तरह पिछले चार साल से ईडी, सीबीआई और सारी संस्थाओं का इस्तेमाल करके हमारे ऊपर शराबा घोटाला नामक एक आरोप लगाया गया। सीबीआई, ईडी ने उसमें चार्जशीट दाखिल की। आज कोर्ट ने लगभग 600 पेज के आदेश में कहा है कि इतना भी सबूत नहीं है कि इसमें मुकदमा भी चलाया जा सके। कोर्ट का कहना है कि इतना गलत, फर्जी केस है कि इसमें मुकदमा भी नहीं चलाया जा सकता। यह पूरा षड्यंत्र किसने और क्यों रचा? यह पूरा षड्यंत्र प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने रचा, उन दोनों को देश से माफी मांगनी चाहिए।

#### कांग्रेस पर भी बरसे केजरीवाल

कोर्ट द्वारा अरविंद केजरीवाल को बरी किए जाने की टाइमिंग को गुजरात चुनाव से जोड़ते हुए कांग्रेस ने जहां सवाल उठाए तो अरविंद केजरीवाल ने जवाब देते हुए कहा, 'मैं आपसे पूछता हूं कि केजरीवाल जेल गया, क्या रॉबर्ट वाड्रा जेल गया? संजय सिंह जेल गया, क्या राहुल गांधी जेल गया? मनीष सिसोदिया जेल गया, क्या सोनिया गांधी जेल गईं? कांग्रेसी किस मुंह से बात करते हैं, उन्हें शर्म नहीं आती?'

## केजरीवाल पर भाजपा का निशाना, ईमानदारी पर भी उठाए सवाल

# कानूनी प्रक्रिया अभी खत्म नहीं हुई...

नई दिल्ली, एजेंसी




दिल्ली के कथित शराब घोटाले मामले में आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत मिली है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद आप में खुशी की लहर है। इसी के साथ आप नेता भाजपा पर हमलावर हैं और सत्तारूढ़ दल पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगा रही है। वहीं अब शराब नीति मामले में बरी किए जाने के बाद भाजपा नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

भाजपा नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि इस मामले को अभी और न्यायिक जांच का सामना करना पड़ सकता है। भाजपा सांसद और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, 'अदालत ने सबूतों के अभाव में उन्हें बरी कर दिया है। यह एक तकनीकी मुद्दा है। सीबीआई इस मामले में आगे की कार्रवाई करेगी। पार्टी फैसले का विस्तार से अध्ययन करने के बाद एक सुनियोजित जवाब देगी। हमें यह सोचना चाहिए कि अगर आरोप निराधार थे, तो फिर आरोप कैसे लगाए गए?

**अमित मालवीय ने साधा निशाना :** वहीं भाजपा नेता और पार्टी के आईटी सेल के राष्ट्रीय प्रभारी अमित मालवीय ने एक्स पोस्ट में कहा, 'दिल्ली उत्पाद शुल्क मामले में फैसला निचली अदालत ने सुनाया है। अतीत में दिल्ली हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी संबंधित मामलों में कड़े और निंदनीय बयान दिए हैं। यह देखना बाकी है कि उच्च न्यायालयों में यह फैसला कितना खरा उतरता है। कानूनी प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है।'

**केजरीवाल की ईमानदारी पर उठाए सवाल :** मालवीय ने आगे कहा, 'अगर अरविंद केजरीवाल इतने ईमानदार थे, तो अनियमितताएं सामने आने के बाद दिल्ली सरकार ने नीति को वापस क्यों लिया और उसमें बदलाव क्यों किया? कई फोन और सिम कार्ड क्यों नष्ट किए गए? कमीशन 6 फीसदी से बढ़ाकर 12% करते हुए विक्रेताओं की संख्या में इतनी भारी कमी क्यों की गई? ये फैसले गंभीर और जायज सवाल खड़े करते हैं। रिश्वतखोरी कोई मनगढ़ंत कहानी नहीं है; ये मुद्दे अदालतों और जनता के सामने हैं।'

**घोटाले के जनक अरविंद केजरीवाल थे: भाजपा सांसद :** भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने केजरीवाल को बरी किए जाने पर कहा कि सभी जानते हैं कि ये दोनों (अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया) इस घोटाले के जनक थे। दिल्ली की जनता अच्छे से जानती है कि एक्साइज घोटाले के जनक अरविंद केजरीवाल थे। जिन लोगों को पकड़ा गया है, उनकी भी गवाही होगी। सभी जानते हैं कि ये लोग इस घोटाले के मास्टर माइंड थे।'

## ओडिशा राज्यसभा चुनाव में सियासी चाल तेज

# बीजद ने छह नामांकन फॉर्म लेकर बढ़ाई हलचल

भुवनेश्वर, एजेंसी



ओडिशा से राज्यसभा की चार सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। अधिसूचना जारी होते ही बीजू जनता दल (बीजद) ने एक साथ छह नामांकन फॉर्म हासिल कर लिए, जिससे पार्टी की रणनीति को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। दरअसल, 147 सदस्यीय विधानसभा के आंकड़ों के मुताबिक बीजद को एक सीट पक्की मानी जा रही है, जबकि सत्तारूढ़ भाजपा को दो सीटों पर जीत तय मानी जा रही है। चौथी सीट के लिए किसी भी दल के पास जरूरी 30 प्रथम वरीयता वोट नहीं हैं। भाजपा के पास 79 विधायक हैं और तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन मिलाकर कुल संख्या 82 हो जाती है, जो तीसरी सीट जीतने के लिए आवश्यक आंकड़े से आठ कम है। वहीं, बीजद के पास दो विधायकों के निलंबन के बाद 48 विधायक रह गए हैं। एक सीट जीतने के बाद उसके पास 18 प्रथम वरीयता वोट बचेंगे, जबकि दूसरी सीट जीतने के लिए उसे 12 और वोटों की जरूरत होगी। कांग्रेस के पास 14 विधायक हैं, जबकि सीपीआई-एम का एक विधायक है। इस बीच कांग्रेस ने बीजद प्रमुख नवीन पटनायक से मुलाकात का समय मांगा है और चौथी सीट के लिए संयुक्त उम्मीदवार उतारने की इच्छा जताई है।

#### नवीन पटनायक करेंगे अंतिम फैसला

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा, 'संख्या बल कम होने के बावजूद हम राज्यसभा चुनाव में अहम भूमिका निभाएंगे। मैं दिल्ली जाकर हाईकमान से चर्चा करूंगा और उसके बाद तय होगा कि पार्टी अपना उम्मीदवार उतारेगी या किसी बाहरी उम्मीदवार को समर्थन देगी।' उधर, बीजद की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) ने सर्वसम्मति से नवीन पटनायक को उम्मीदवारों के चयन का अंतिम अधिकार सौंप दिया है।

## मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बोले-

# गलत मतलब न निकालें जाएं, इस डर से मजाक भी नहीं कर रहे नेता

मुंबई, एजेंसी



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को भाषणों में हास्य के घटते स्तर पर अफसोस व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे भाषणों का आनंद फीका पड़ रहा है, क्योंकि लोग अब गलत व्याख्या से बचने के लिए सावधानी बरत रहे हैं। फडणवीस विधान भवन में मराठी भाषा गौरव दिवस समारोह में बोल रहे थे। राज्य सरकार ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित कवि वी.वी. शिरवाडकर की जयंती के उपलक्ष्य में मराठी भाषा गौरव दिवस मनाती है, जो कुसुमाग्रज उपनाम से लिखते थे।

#### मजाक को गलत संदर्भ में ले रहे लोग

इस दौरान उन्होंने कहा कि, जब हास्य को कभी-कभी (अनावश्यक रूप से) किसी की पहचान से जोड़ा जाता है। संदर्भ से बाहर ले जाया जाता है, तो यह अपनी चमक खो देता है। लोग अब हास्य का प्रयोग अत्यंत सावधानी से करने लगे हैं। हास्य से भरपूर भाषण से मिलने वाला आनंद अब काफी कम हो गया है। मराठी की विरासत पर प्रकाश डालते हुए, फडणवीस ने कहा कि इस भाषा ने समाज और शासन में बहुत बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने कहा, 'मराठी भाषा ने हमें बहुत कुछ दिया है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने राज्य की आधिकारिक भाषा के लिए एक शब्दकोश बनाया था। उन्होंने अन्य भाषाओं के शब्दों को हटाकर उनकी जगह स्थानीय शब्दों को शामिल किया था।'

#### मराठी भाषा पर की बात

केंद्र सरकार की ओर से मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के फैसले का जिक्र करते हुए उन्होंने इस मान्यता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। फडणवीस ने भाषा की विविधता पर जोर देते हुए कहा कि हमारी भाषा समृद्ध है। इसके साथ ही इसमें विविधताएं भी हैं। चूंकि मैं विदर्भ क्षेत्र से आता हूं, इसलिए मेरी उच्चारण शैली यहां स्वीकार्य नहीं थी। मैंने बाद में इसे बदल दिया।' उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने दुनिया पर राज किया। इसलिए, अंग्रेजी भाषा वैश्विक हो गई। लोगों ने इसे सीखा, कुछ ने इसलिए क्योंकि उनके पास कोई विकल्प नहीं था। उन्होंने कहा कि एक बार जब हम लोगों में यह भावना पैदा कर देंगे कि मराठी सीखने से लोग प्रगति और समृद्धि प्राप्त कर सकते हैं, तो भाषा का भविष्य बेहतर होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाषा से जुड़े अवसर पैदा करने से इसकी निरंतर प्रासंगिकता और विकास सुनिश्चित होगा।

## कांग्रेस और भाजपा पर भड़के अकबरुद्दीन ओवैसी...

# उनकी दुश्मनी मुसलमानों से, हमारा कोई अपना नहीं

हैदराबाद, एजेंसी

**ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के फ्लोर लीडर अकबरुद्दीन ओवैसी ने गुरुवार को कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर मुस्लिम समुदाय को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी दुश्मनी हम मुसलमानों से है।**

हैदराबाद में एक कार्यक्रम में बोलते हुए अकबरुद्दीन ओवैसी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की तुलना करते हुए उन पर 'विध्वंस' की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी पर निशाना साधते हुए कहा कि योगी वहां बुलडोजर से घर गिरा रहे हैं, यहां रेड्डी भी घर और मस्जिदें गिरा रहे हैं। योगी और इस रेड्डी में कोई फर्क नहीं है।

#### हमारे कलमे, हमारी शरीयत, हमारी बस्तियों से दुश्मनी



एआईएमआईएम विधायक ने कहा, 'भाजपा और कांग्रेस में कोई फर्क नहीं है। जब हमारे मुद्दों की बात आती है, तो वे सब एकजुट हो जाते हैं। उनकी दुश्मनी हम मुसलमानों से है। कोई भी हमारा अपना नहीं है।' अकबरुद्दीन ओवैसी ने कहा, 'इनको हमारे कलमे से, हमारी शरीयत से, हमारी दरगाहों से, हमारी टोपियों से, हमारे हिजाब से और हमारी बस्तियों से दुश्मनी है। तेलंगाना में कांग्रेस सरकार की हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया एवं संपत्ति संरक्षण एजेंसी ने पिछले वर्ष अवैध निर्माणों को हटाने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर अतिक्रमण विरोधी अभियान शुरू किए हैं। एआईएमआईएम अध्यक्ष और हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी तेलंगाना में 'सांप्रदायिक घटनाओं की बढ़ती संख्या' पर चिंता व्यक्त की थी। इसके साथ ही उन्होंने बंसवाड़ा में हुई हालिया हिंसा के संबंध में अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की थी।

#### हैदराबाद में अतिक्रमण विरोधी अभियान पर मचा बवाल

असदुद्दीन ओवैसी ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि उन्होंने कामारेड्डी के पुलिस अधीक्षक से बात की और बंसवाड़ा हिंसा के संबंध में तत्काल एफआईआर दर्ज करने और उचित जांच कराने की मांग की। वहीं, तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष एन रामचंद्र राव ने गुरुवार को मधु पार्क रिज अपार्टमेंट के निवासियों से मुलाकात की, जिन्होंने आरोप लगाया है कि प्रस्तावित मूसी नदी तट परियोजना के कारण उनके घर छिनने का खतरा है। उनकी शिकायतें सुनने के बाद भाजपा नेता राव ने उन्हें समर्थन का आश्वासन दिया और राज्य सरकार की आलोचना करते हुए दावा किया कि गांधी प्रतिमा के कारण इन घरों को गिराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि निवासियों में कई पूर्व सैनिक भी शामिल हैं, जिसके कारण उन्होंने इस स्थिति को शर्मनाक बताया।

## चुनाव से पहले सियासत का बड़ा उलटफेर

# पूर्व सीएम पन्नीरसेल्वम डीएमके में शामिल, स्टालिन ने किया स्वागत

चेन्नई, एजेंसी



**तमिलनाडु की राजनीति में आज बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम ने सत्तारूढ़ दल डीएमके का दामन थाम लिया है।**

तमिलनाडु के पूर्व सीएम और एआईएडीएमके से निष्कासित नेता ओ पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम(डीएमके) में शामिल हो गए। ओपीएस के साथ उनके बेटे पी रवींद्रनाथ कुमार भी डीएमके में शामिल हुए हैं। पूर्व एआईएडीएमके सुप्रीमो जयललिता के लंबे समय से वफादार रहे ओपीएस को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने चेन्नई स्थित पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ मंत्रियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से डीएमके में शामिल किया। सूत्रों के अनुसार आगामी चुनावों में ओपीएस को उनके गृह क्षेत्र थेनी के बोडी मेट्टू निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया जा सकता है।

वहीं डीएमके में शामिल होने के बाद ओ. पन्नीरसेल्वम ने कहा, 'स्टालिन लोगों को अच्छा शासन दे रहे हैं और लोग इसे देख रहे हैं। ईपीएस यह पक्का करना चाहते हैं कि दक्षिण से कोई भी नेता मजबूत न हो। द्रविड़ आंदोलन, द्रविड़ की नीति को बचाने के लिए डीएमके ही काम कर रही है। मैं अभी एक कैडर के तौर पर शामिल हुआ हूं। मैं पार्टी कैडर में से एक रहूंगा और पार्टी के विकास के लिए काम करूंगा।'

#### एआईएडीएमके का जीतना अब असंभव : पन्नीरसेल्वम

मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष स्टालिन का आभारी हूं। मैं अत्यंत प्रसन्नता के साथ डीएमके में शामिल हुआ हूं। ईपीएस तानाशाह की तरह व्यवहार कर रहे हैं और उन्होंने एआईएडीएमके को इस कदर मजबूत कर दिया है कि अब उसे जीतना असंभव है। इसी के साथ एआईएडीएम चीफ एडप्पादी के पलानीस्वामी पर निशाना साधते हुए उन्हें 'तानाशाह' और 'घमंडी' बताया।

#### पार्टी में वापसी की कोशिश हुई नाकाम, अब बदला दल

बता दें कि दिवंगत एआईएडीएमके सुप्रीमो जयललिता के भरोसेमंद माने जाने वाले पन्नीरसेल्वम, तीन साल से अधिक समय तक अपनी मूल पार्टी में फिर से शामिल होने की कोशिश करते रहे, हालांकि वो नाकाम रहे। इसके बाद उन्होंने कट्टर विरोधी डीएमके का दामन थाम लिया। ओपीएस जो एआईएडीएमके के कोषाध्यक्ष के तौर पर काम कर चुके थे और पहले पार्टी कोऑर्डिनेटर के बड़े पद पर भी थे, अपने बेटे पी रवींद्रनाथ और समर्थकों के साथ डीएमके में शामिल हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### 14 मार्च की नेशनल लोक अदालत के लिए समस्त बीमा कम्पनी के अधिवक्तागण के साथ हुई प्रिसिटिंग



**बड़वानी,निप्र।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च, 2026 को आयोजित नेशनल लोक अदालत की पूर्व तैयारी हेतु जिला बड़वानी में महेन्द्र कुमार जैन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बड़वानी के मार्गदर्शन में रईस खॉन विशेष न्यायाधीश / नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत की अध्यक्षता में समस्त बीमा कम्पनी के इंश्योरेन्स कम्पनी के अधिवक्तागण के साथ प्रिसिटिंग हुई। प्रभारी नोडल अधिकारी रईस खॉन द्वारा प्रिसिटिंग में उपस्थित अधिवक्ता से चर्चा कर उन्हें निर्देशित किया कि एम.ए.सी.टी प्रकरणों में बीमा कम्पनी के ऐसे प्रकरण जिनमें ई बीमा पॉलिसी की शर्तों का उल्लघंन न हो ऐसे राजीनामा योग्य क्लेम प्रकरणों में पक्षकार व उनके अधिवक्तागण से चर्चा कर अधिक से अधिक प्रकरण दिनांक 14 मार्च 2026 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में रैफर कर निराकृत कराये। जिस पर उपस्थित अधिवक्तागण ने सहमति जताई। बैठक में प्रथम अपर जिला न्यायाधीश चंदनसिंह चौहान, अमूल मण्डलोई सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बड़वानी, जिला विधिक सहायता अधिकारी रॉबिन दयाल, शर्मा न्यु इण्डिया, व अन्य प्राईवेट कम्पनी, सोहनलाल पाटीदार आई.सी.आई.सी. आई कम्पनी लिमि., मनोज तिवारी अधिवक्ता यूनाईटेट, ऋषभ दोशी ओरियन्टल इंश्योरेन्स कम्पनी, संजय शर्मा इफको टोकियो एवं नेशनल इंश्योरन्स कम्पनी लिमि. निमेश त्रिवेदी बजाज इंश्योरेन्स कम्पनी लिमि. आदि उपस्थित थे।

### गौवंश की अवैध तस्करी करने वाला सनावद पुलिस की गिरफ्त में

**खरगोन, निप्र।** सनावद थाना प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र यादव नेतृत्व में सनावद



पुलिस ने पुलिस ने रेवा गुर्जर कालेज पास से नहर के रास्ते से होकर गुजरने वाले एक पिकअप वाहन क्रमांक MP04ZY0591 को रोका, जिसमें अवैध गौवंश ठसाठस भरे हुए थे। वाहन चालक ने अपना नाम अरुण निवासी पीपरपानी थाना साईखेड़ा जिला नरसिंहपुर का होना बताया। सनावद पुलिस ने आरोपित अरुण निवासी पीपरपानी को गिरफ्तार कर पिकअप में भरे लगभग 70,000/- रुपए मुल्य के 04 गौवंश, जिसके परिवहन के सम्बन्ध में कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस नहीं पाये गये, को मुक्त कराया तथा गौवंश के अवैध परिवहन में उपयोग किए गये लगभग 4,00,000/- रुपये मुल्य का पिकअप वाहन को अपनी सुपूर्दगी में लेकर आरोपित अरुण पिता माखन राजपूत उम्र 40 साल निवासी पीपरपानी थाना साईखेडा जिला नरसिंहपुर बडवानी के विरुद्ध सनावद थाने में पर अपराध क्रमांक 92/26 धारा 4, 6, 9 मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 11 (घ) ( 1) पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम का प्रकरण पंजीबद्ध किया। कार्यवाही में एसडीओपी बड़वाह श्रीमती अर्चना रावत, सनावद थाना प्रभारी धर्मेन्द्र यादव, सहायक उपनिरीक्षक अशोक दगोडे, प्र.आर 326 गम्भीर मीणा, आर 103 श्रीकृष्ण, 87 योगेश शर्मा और सनावद थाना स्टाफ शामिल रहा।

### महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई



**बड़वानी,निप्र।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय बड़वानी में आज महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई। प्राचार्य डॉ.प्रमोद पंडित ने बताया कि स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के माध्यम से महापुरुषों की जयंती एवं पुण्यतिथि पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी के अंतर्गत भारतमाता के महान सपूत चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम किया गया। विद्यालय के डॉ.बी.एस. मुजाल्दा में विद्यार्थियों को कहा कि चंद्रशेखर आजाद मध्य प्रदेश के भाबरा क्षेत्र से थे। क्रांतिकारी गतिविधियों में उनके योगदान को अविस्मरणीय माना जाता है। कार्यक्रम में प्रो.आकाश ने आजाद के जीवन प्रसंग सुनाते हुए कहा कि उनके योगदान और क्रांतिकारी गतिविधियों को हम स्मरण कर ऐसी पुण्य आत्मा को शत-शत नमन करते हैं। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के जिला नोडल डॉ.अनिल पाटीदार कार्यक्रम का आयोजन करते हुए बताया कि डॉ.पूजा मंडलोई,डॉ.प्रिया बघेल, डॉ.लखन परमार तथा विद्यार्थियों में तनीषा, विजय, अरुण, राहुल, मनीषा सहित अनेक विद्यार्थियों की सहभागिता की।

### सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब : सेवकराम चौबे बने कसरावद तहसील अध्यक्ष

**कसरावद,निप्र।** जिले में सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब के तहसील अध्यक्ष पदों की घोषणा की गई, जिसमें नगर के पत्रकार सेवकराम चौबे को कसरावद तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के संरक्षक मनोज रघुवंशी की सहमति से जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश रामणेकर द्वारा की गई। नियुक्ति की सूचना मिलते ही नगर के पत्रकार साथियों व शुभचिंतकों ने चौबे को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर पत्रकारों ने आशा जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सक्रिय व मजबूत होगा तथा पत्रकार हितों के लिए प्रभावी कार्य किए जाएंगे।

### आमलकी एकादशी पर श्याम मन्दिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

# विदेशी फूलों से श्यामबाबा का किया मनमोहक श्रृंगार

विनय उजाला





**अंजड़ ( बड़वानी ),निप्र।** आमलकी एकादशी पर नगर के श्याम मन्दिर में भक्तों की भारी भीड़ रही। इस अवसर पर श्यामबाबा को 56 व्यंजनों का भोग लगाया गया। फागुन माह की आमलकी एकादशी जो रंगभरी एकादशी के नाम से भी जानी जाती है, इस अवसर पर आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र से भक्तजन पैदल चलकर निशान लेकर मन्दिर पहुंचे और श्याम बाबा को निशान चढ़ाए। वहीं मातृशक्ति ने भजन कीर्तन के साथ झूमते हुए श्याम बाबा को रिझाया।

अर्जी लगाने वाले भी हजारों की संख्या में भक्त मन्दिर पहुँचे। जिन्होंने श्याम बाबा के सम्मुख अर्जी लगाई। भक्तों ने श्याम बाबा को इत्र, मोरपंख व पुष्प चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। उक्त सिलसिला दिनभर चलता रहा। मन्दिर में स्थापित भगवान पशुपतिनाथ महादेव को श्यामबाबा का रूप देकर आकर्षक रूप से सजाया गया।

**ग्राम वासवी बकवाड़ी से 125 श्रद्धालु निशान यात्रा लेकर पहुँचे :** जुलवानिया के समीप ग्राम वासवी बकवाड़ी से करीब 35 किलोमीटर पैदल चलकर 125 से अधिक श्यामभक्त निशान यात्रा लेकर श्याम मन्दिर पहुँचे। ग्राम वासवी बकवाड़ी के रूपेश सोलंकी ने बताया कि निशान यात्रा का यह हमारा पंचवा वर्ष है। शुरू के दो साल तक हम निसरपुर जाते थे। लेकिन अंजड में श्याम मन्दिर बनने के बाद विगत 3 सालों से यहां आ रहे है। उन्होंने बताया कि हम सुबह 4 बजे निशान यात्रा लेकर ग्राम वासवी से निकले थे व 35 किलोमीटर का सफर पैदल चलकर 12 घण्टे में पूरा किया व शाम 4 बजे अंजड पहुंचे है। हमारे साथ 60 महिलाएं, 55 पुरुष एवं करीब 25 बालक बालिकाएं मौजूद है।

**आकर्षक साज-सज्जा की गई :** अल सुबह 4 बजे पण्डित बसन्त शर्मा ने श्यामबाबा व मन्दिर में स्थापित सभी देवी देवताओं का पूजन अर्चन किया व सेवादरों ने श्यामबाबा का दिल्ली से बुलाये गए विदेशी फूल मालाओं व कलकत्ता से बुलवाए सुंदर बागा को पहनाकर मनमोहक श्रंगार किया। श्यामबाबा को सर पर स्वर्ण रंग का मुकुट, कानों में कुंडल व छत्र लगाकर आकर्षक श्रंगार किया तथा भगवान पशुपतिनाथ महादेव, श्री सालासर बालाजी, श्रीराम व कृष्ण दरबार का भी फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया। वही पूरे मंदिर को रंग बिरंगी झालर युक्त कपड़ो, छातो, झुमरो व पुष्पमालाओं से सजाया व मन्दिर पर रंग बिरंगी विद्युतसज्जा से रोशनी की गई।

**आमलकी एकादशी का महत्व :** सनातन हिंदू धर्म में एकादशी व्रत को अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। पंचांग के अनुसार पूरे वर्ष में कुल 24 एकादशी आती हैं, जिनमें आमलकी एकादशी का विशेष महत्व होता है। यह एकादशी फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष में मनाई जाती है।

#### 56 व्यंजनों का लागाया भोग

सुबह 7.30 बजे मंगला आरती की गई। वही सुबह 11 बजे हजारो भक्तों की उपस्थिति में श्यामबाबा एवं मन्दिर स्थापित सभी देवी देवताओं को थाली भरकर लाई रे खीचड़ो, ऊपर घी की बाटकी, जीमो म्हारा श्याम धणी, जिमावे बेटी जाट की। भोग आरती गाकर 56 प्रकार के व्यंजनों एवं सूखे मेवे का भोग लगाया। शाम 7 बजे हजारों श्रद्धालुओ की मौजूदगी में संगीतमय महाआरती की गई। पश्चात मन्दिर प्रांगण में सजे श्यामबाबा के दरबार मे ज्योत प्रज्वलित कर सूखे खोपरे व गाय के घी से आहुतियां प्रदान की गई। व श्री श्याम एकादशी प्रसादी ग्रुप की और से दिन में फल फ्रूट व मिठाई की प्रसादी बांटी गई, वही शाम को आरती के बाद फलाहारी मिक्कर का वितरण किया गया। रात्रि 11 बजे श्यामबाबा की शयन आरती की गई।

# थाना अंजड़ पुलिस ने 48 घंटे में किया अंधे कत्ल का पर्दाफाश

विनय उजाला



**अंजड़( बड़वानी ),निप्र।** थाना अंजड पुलिस ने तत्परता एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए अज्ञात महिला हत्या कांड का 48 घंटे के भीतर सफलतापूर्वक खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण का विवरण-दिनांक 23.02.2026 को सुरेश यादव के खेत में स्थित एक बावड़ी में अज्ञात महिला का सड़ी-गली अवस्था में शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना अंजड में मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक आर.आर. चौहान अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे, घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा हमराह बल एवं स्थानीय लोगों की सहायता से शव को बावड़ी से बाहर निकलवाया। मौके से आवश्यक भौतिक साक्ष्य एकत्रित किए गए। जांच के दौरान शव की पहचान मोनिका पिता गजु, उम्र 25 वर्ष, निवासी शिवालय मोहल्ला अंजड (हाल मुकाम फुटला तालाब, अंजड) के रूप में हुई। पोस्टमार्टम उपरांत मामले की गंभीरता को देखते हुए धीरज बब्बर (प्रभारी पुलिस अधीक्षक) के निर्देशन एवं एसडीओपी श्री दिनेश सिंह चौहान के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई।

तकनीकी एवं वैज्ञानिक जांच-गठित टीम द्वारा कस्बा अंजड के विभिन्न सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया तथा मृतिका के मोबाइल नंबर की सीडीआर का गहन परीक्षण किया गया। साक्ष्यों के आधार पर मामला हत्या का पाए जाने पर थाना अंजड में अपराध क्रमांक 85/2026 धारा 103(1), 3(5), 238 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

**आरोपियों की गिरफ्तारी :** विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर विशाल पिता राधेश्याम उर्फ राधिया किरालिया, शंकर पिता जगदीश चौहान, दोनों निवासी शिवालय मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 15 अंजड जिला बड़वानी को हिरासत में लेकर मनोवैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने चरित्र शंका के चलते मृतिका की गला घोंटकर हत्या करना स्वीकार किया। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय अंजड में प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उन्हें केंद्रीय जेल बड़वानी भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक आर.आर. चौहान के नेतृत्व में उनि महावीर चंदेल, उनि दिनेश चंगोड, प्र.आर. 406 रविन्द्र चौहान, प्र.आर. 445 महेन्द्र अहरवाल, प्र.आर. 180 योगेश पाटील (सायबर शाखा), प्र.आर. 90 अजय यादव, आर. 561 पवन प्रजापत, आर. 324 मडिया डावर (सायबर शाखा) एवं आर. 321 सद्दाम पठान की सराहनीय भूमिका रही।




## वन अधिकार अधिनियम और प्रावधानों पर अशासकीय सदस्यों को दिया प्रशिक्षण

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** जनजातीय कार्य विभाग म.प्र शासन भोपाल द्वारा वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रावधान, सामुदायिक वन अधिकारों तथा धारा 3(1)(द्व) में उल्लेखित सामुदायिक वन संसाधन के संरक्षण एवं प्रबन्धन के अधिकारों को मान्यता दिये जाने विषय पर अधिनियम के क्रियान्वयन में संलग्न अशासकीय सदस्यों के Capacity Building/Training का प्रशिक्षण 27 फरवरी को स्वामी विवेकानंद सभागृह खरगोन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण स्टेट मास्टर ट्रेनर्स घनश्याम रैकवार, रामप्रसाद काजले, जंगलसिंह परते द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में उपखण्ड स्तरीय वनाधिकार समिति खरगोन के सदस्य विजय राधेश्याम चौहान, भीकनगांव के मांगीलाल तेज्या, मण्डलेश्वर की समिति की श्रीमती लक्ष्मीबाई राहूल, जिला स्तरीय मास्ट्रर ट्रेनर्स नीरज अमझरे, प्रभात प्रमार्थी, मनीष डुडवे, कालूसिंह मण्डलोई, मेहताब बर्डे, संतोष मेहता आदि मौजूद थे।

## मण्डलेश्वर में पक्षकारों के लिए मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देश पर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अखिलेश जोशी की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर मण्डलेश्वर के सभाकक्ष में पक्षकारों के लिए मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश अखिलेश जोशी ने मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यस्थता एक ऐसा माध्यम है जिसमें किसी विवाद का हल दोनों पक्षों की सहमति से ही निकाला जाता है। इसमें उभय पक्ष अपने मन की बात कर सकता है। उसकी बात गोपनीय रखी जाती है। जिस न्यायालय में प्रकरण चल रहा होता है उस न्यायाधीश के अलावा किसी तीसरे पक्ष को मध्यस्थ बनाया जाता है, जो दोनों पक्षों से अलग अलग बात कर एक सर्वमान्य हल की तरफ बढ़ता है। इस प्रक्रिया से समय और धन की भी बचत होती है और दोनों पक्षों को न्याय मिलता है। दोनों पक्षों को जीत मिलती है। न्यायाधीश अखिलेश जोशी ने कहा कि 14 मार्च 2026 को आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, जिसमें सभी प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों को निराकरण हेतु रखे जायेंगे। सम्बन्धित पक्षकार अपने अधिवक्ता या संबंधित न्यायालय के माध्यम से लोक अदालत में अपने प्रकरणों को समझौते के लिए रख सकते हैं। लोक अदालत के माध्यम से दोनों पक्षों के मामलों का आपसी समझौते से निराकरण करवा सकते हैं। इसमें छूट का लाभ ले सकते हैं जैसे कोर्ट फीस आदि।

# बड़वानी कोतवाली पुलिस ने रात्री सुरक्षा अंतर्गत कॉलोनियों में किया जनसंवाद

### रहवासियों से किराएदार एवं घरेलू नौकरों की जानकारी देने की अपील



विनय उजाला

**बड़वानी,निप्र।** विगत दिनों बड़वानी क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के प्रयास अंतर्गत बड़वानी कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार कॉलोनीयों में जनसंवाद किया जा रहा है। जनसंवाद का उद्देश्य लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ाने सहित कॉलोनी में सुरक्षा संबंधी उचित इंतजाम किये जाने हेतु किया गया।

#### जनसंवाद में दिए गए निर्देश

- सभी अपने अपने घरों में CCTV कैमरा लगाये
- कॉलोनी में सामूहिक रूप से रात्री हेतु चौकीदार रखें
- कॉलोनी का एक whatsapp ग्रुप बनाए जिसमें सम्बन्धित बीट के पुलिसकर्मी भी जोड़े जाये
- सूने मकान में कोई नकदी अथवा आभूषण नहीं छोड़ें
- किरायेदारों, घर में काम करने वालों नौकरों की जानकारी थाने पर आवश्यक रूप से दें
- कॉलोनी में कोई निर्माण कार्य हो तो काम करने वाले मजदूरों की जानकारी मकान मालिक अथवा ठेकेदार के माध्यम से थाने में दी जाये

### पीएम कौशल विकास योजनातंर्गत आईटीआई खरगोन में शॉर्ट टर्म कोर्स प्रारंभ

**खरगोन,निप्र।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के अंतर्गत शासकीय आई.टी.आई. खरगोन में शॉर्ट टर्म कोर्स के लिए ऑनलाईन एवं ऑफलाइन पंजीयन प्रारंभ है। यह प्रशिक्षण पूर्णत: नि:शुल्क रहेगा। प्राचार्य श्री विशाल नरगावे ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 10वीं, 12वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनकी आयु 15 से 45 वर्ष तक की है वे प्रवेश ले सकते है। अधिक जानकारी हेतु शासकीय आई.टी.आई. खरगोन से संपर्क किया जा सकता है। आईटीआई खरगोन द्वारा महत्वपूर्ण शॉर्ट टर्म कोर्स का प्रशिक्षण उपलब्ध कराए जा रहा है। इनमें टीलकॉम ई-वेस्ट का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसकी अवधि 300 से 420 घंटे की रहेगी जो एक से दो माह तक दिया जाएगा।

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला में परखी गई विद्यार्थियों की समझ

# मन की समस्याओं का उपचार उन्हें साझा करना, छुपाना नहीं : गुप्ता

विनय उजाला



**बड़वानी,निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को केंद्र में रखते हुए एक प्रभावी कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों एवं उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के परिपालन में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता मनीष गुप्ता (अध्यक्ष, चाइल्ड इंडिया ट्रस्ट एवं सदस्य, बाल कल्याण समिति) ने कहा, हम जितनी बातें मन में दबाकर रखते हैं, उतनी ही कुंठाएँ जन्म लेती हैं। मानसिक समस्याओं का उपचार उन्हें साझा करना है, न कि छुपाना। उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक एवं संवादशील बनने का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.वीणा सत्य के मार्गदर्शन एवं मानसिक स्वास्थ्य समिति के संयोजक डॉ.जितेंद्र ठाकुर के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम की विशेषता लाइव डिजिटल सर्वेक्षण रहा। कार्यशाला के दौरान मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े अनेक प्रश्न विद्यार्थियों से पूछे गए, जिनके माध्यम से उनकी समझ, भ्रांतियों एवं जागरूकता स्तर का आकलन किया गया।

प्राप्त परिणामों के आधार पर विद्यार्थियों से तथ्यात्मक एवं विश्लेषणात्मक चर्चा की गई। एक प्रश्न — क्या मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ केवल दवाओं से ही ठीक हो सकती हैं - पर 73.58% (39 प्रतिभागी) ने इसे गलत माना, जबकि 26.42% (14 प्रतिभागी) ने सही उत्तर दिया।

इस परिणाम के आधार पर मुख्य वक्ता ने स्पष्ट किया कि मानसिक स्वास्थ्य का उपचार बहुआयामी है, जिसमें संवाद, परामर्श, पारिवारिक सहयोग, जीवनशैली सुधार एवं सकारात्मक सोच महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में डॉ.कंचन कन्नौजे, प्रो.लक्ष्मण डावर, प्रो.अनीता खांडे सहित प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन प्रो.अविनाश वानखेड़े, अतिथि परिचय प्रो.अर्चना पीपलाद तथा आभार प्रदर्शन प्रो.रितु कुमरावत द्वारा किया गया। कार्यशाला ने विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं खुलकर संवाद की आवश्यकता को प्रभावी रूप से रेखांकित किया।



# सजग परियोजना अंतर्गत युवाओं ने अनोखे अंदाज में मनाया भगोरिया उत्सव

विनय उजाला

**पाटी( बड़वानी ),निप्र।** पाटी ब्लॉक के 15 गांवों के युवाओं ने इस वर्ष भगोरिया उत्सव को सामाजिक जागरूकता से जोड़ते हुए एक सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया। सजग परियोजना के अंतर्गत युवाओं ने बाल विवाह, बाल श्रम, लड़कियों की शिक्षा, भेदभाव उन्मूलन, नशामुक्ति एवं सामाजिक एकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जनजागरूकता फैलाने हेतु रैली, सांस्कृतिक नृत्य,नारे,बैनर एवं पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया।

इस पहल ने मेले में आए लोगों का ध्यान आकर्षित किया और सामाजिक संदेशों को प्रभावी रूप से समुदाय तक पहुँचाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुलिस विभाग का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। संस्थान के निदेशक प्रवीण गोखले ने समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भगोरिया उत्सव हमारी संस्कृति और मेलजोल का प्रतीक है, इसे छेड़छाड़ एवं अन्य कुप्रथाओं से जोड़ना अनुचित है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि इस उत्सव के वास्तविक स्वरूप को बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम की सफलता में संस्थान की टीम से हर्षा, बियान, महेंद्र, मीनाक्षी सहित युवा साथियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का आज अजमेर से करेंगे शुभारंभ

■ मुख्यमंत्री डॉ. यादव वर्चुअली होंगे शामिल

■ 3 माह तक चलेगा अभियान

**भोपाल ( विनय उजाला )।** महिलाओं का स्वास्थ्य परिवार, समाज एवं राष्ट्र की प्रगति का आधार है। सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 28 फरवरी को प्रात: 11.30 बजे राजस्थान के अजमेर जिले से इस राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान आगामी तीन माह तक पूरे देश में संचालित किया जाएगा। सभी राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेश वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे और राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ करेंगे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल डॉ. कैलाशनाथ काटजू अस्पताल भोपाल में अभियान का शुभारंभ करेंगे। अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाएँ टीकाकरण के लिए पात्र होंगी। साथ ही, अभियान प्रारंभ होने के 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष की होने वाली बालिकाएँ भी पात्र मानी जाएँगी। यह टीकाकरण पूर्णत: स्वैच्छिक है तथा अभिभावक की सहमति अनिवार्य होगी। निर्धारित अनुसार 0.5 मि.ली. की एकल खुराक इंट्रामस्कुलर इंजेक्शन के माध्यम से दी जाएगी। एचपीवी टीकाकरण केवल शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र, जिला अस्पताल और शासकीय मेडिकल कॉलेज जिनमें चिकित्सा अधिकारी उपलब्ध हैं, में किया जायेगा। टीकाकरण के पश्चात बालिका को 30 मिनट तक अवलोकन में रखा जाएगा। अभियान अवधि के दौरान प्रतिदिन टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत रत्न नानाजी देशमुख की पुण्य तिथि पर किया नमन

**भोपाल ( विनय उजाला )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्र सेवक और महान समाज सुधारक, नानाजी देशमुख की पुण्य तिथि पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित स्व. नानाजी देशमुख ने देश की प्रगति में ग्रामीण विकास, शिक्षा और गरीब कल्याण को आधार बनाया। उनके कृतित्व, विचार एवं दृष्टिकोण राष्ट्र के नव निर्माण की दिशा सदैव प्रेरणादायी रहेंगे।

### एमपी विधानसभा : बजट सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित; संसदीय कार्य मंत्री ने बताया 'सफल और सार्थक'

**भोपाल,निप्र।** मध्यप्रदेश विधानसभा का बजट सत्र अपनी निर्धारित अवधि से पहले ही संपन्न हो गया है। शुक्रवार को सदन की कार्यवाही



अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सत्र की समाप्ति पर संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मीडिया से चर्चा करते हुए इसे एक अत्यंत सार्थक सत्र बताया। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि विधानसभा की कार्यवाही ठीक उसी तरह संचालित की गई, जैसा कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में पहले से तय किया गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि एजेंडे में शामिल सभी विधायी कार्यों (बिजनेस) पर विस्तार से चर्चा की गई और कोई भी आवश्यक प्रश्न या प्रस्ताव अछूता नहीं रहा।

**लोकतांत्रिक चर्चा को मिली प्राथमिकता : विधायकों की सक्रियता:** सभी सदस्यों के अधिक से अधिक प्रश्नों, ध्यानाकर्षण सूचनाओं और स्थगन प्रस्तावों पर सदन में चर्चा हुई।

**पक्ष-विपक्ष का तालमेल:** मंत्री ने जोर देकर कहा कि सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों के सकारात्मक सहयोग के कारण ही सत्र को सुचारु रूप से चलाया जा सका।

**प्रशासनिक सहयोग:** उन्होंने सत्र के सफल संपादन के लिए विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और सभी विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

**होली के कारण समय से पहले समाप्ति :** सत्र को समय से पहले समाप्त करने के पीछे का कारण बताते हुए कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, कल कई सदस्यों ने यह आग्रह किया था कि प्रदेश में होली का त्योहार लंबे समय तक मनाया जाता है। ऐसे में त्योहार के तुरंत बाद भोपाल पहुंचना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं होता। सभी सदस्यों की इसी सहमति के आधार पर आज सत्र का समापन किया गया।

### अनियंत्रित होकर पलटी यात्री बस के 15 घायलों को डायल-112 ने सुरक्षित पहुंचाया अस्पताल

**भोपाल,निप्र।** डायल-112 आपात परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वित राहत कार्य का विश्वसनीय माध्यम है। अनूपपुर जिले में यात्री बस के पलटने की घटना में डायल-112 जवानों ने तत्परता, साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए घायलों को समय पर अस्पताल पहुँचाकर मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। दिनांक 26 फरवरीको अनूपपुरजिले के थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चचाई रोड पर एक यात्री बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने की सूचनाडायल-112 राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूमभोपालको प्राप्त हुई। सूचना में लगभग 15 यात्रियों के घायल होने की जानकारी दी गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली थाना क्षेत्र में तैनात दो डायल-112 एफआरव्ही वाहनों को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। घटनास्थल पर पहुँचकर डायल-112 स्टाफआरक्षक प्रकाश, आरक्षक राहुल तिवारी, पायलट लवकुश एवं पायलट रामकृष्ण प्यासीने पाया कि यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई थी, जिससे कई यात्री घायल हो गए थे।

# मुख्यमंत्री ने वन विभाग के विजन डाक्यूमेंट का किया विमोचन

विनय उजाला



**भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वन विभाग द्वारा प्रकाशित 'विजन 2047-रीइमैजिनिग फॉरेस्ट रिसोर्सेस फॉर ए क्लाइमेट रेसिलियंट फ्यूचर' पुस्तक का मुख्यमंत्री निवास में विमोचन किया। 'विजन@2047' राज्य में जैव विविधता समृद्ध, सामुदायिक सहभागिता आधारित वन प्रबंधन की दीर्घकालिक रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

प्रमुख सचिव वन संदीप यादव ने बताया कि प्रदेश के वनों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जलवायु-सहिष्णु तथा जैव-विविधता से समृद्ध आदर्श वनों के रूप में स्थापित करना विजन@2047 का लक्ष्य है। दृष्टि पत्र में वनों के संरक्षण और प्रबंधन में स्थानीय समुदायों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है। दृष्टि पत्र में स्पष्ट किया गया है कि आजीविका को सुरक्षित करने में सक्षम, समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में प्रदेश के वनों का संरक्षण किया जाएगा। दृष्टि पत्र में प्रदेश के वन क्षेत्र में स्थित प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए किए जाने वाले प्रयासों को भी रेखांकित किया गया है। उन्होंने बताया कि वन विभाग का यह दृष्टि पत्र भारत के पर्यावरणीय तथा विकास लक्ष्यों में निर्णायक योगदान देगा।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही एन अम्बाड़े, प्रबंध संचालक राज्य वन विकास निगम एच यू ख़ान, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अनुसंधान एवं विस्तार) विभाष कुमार ठाकुर, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) शुभरंजन सेन, प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज संघ श्रीमती समीता राजौरा तथा संचालक वन विहार विजय कुमार इस अवसर पर उपस्थित थे।



## पुलिस मुख्यालय परिवार ने चार सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी विदाई

### विशेष पुलिस महानिदेशक ने सभी को स्मृति चिन्ह भेंट किए

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** पुलिस मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं से माह फरवरी में सेवानिवृत्त चार कर्मचारियों को विशेषपुलिस महानिदेशक अनिल कुमार नेशुक्रवार को भावभीनी विदाई दी। वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी को प्लांट एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए और उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके विभिन्न स्वत्व (क्लेम) भुगतान के आदेश भी प्रदान किए गये।

नवीन पुलिस मुख्यालय भवन कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित विदाई समारोह मेंअतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेक शर्मा, उप पुलिस महानिरीक्षक तरूण नायक, श्रीमती किरणलता केरकेट्टाएवं अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित थे।

पुलिस मुख्यालय से सेवानिवृत्त कार्यवाहक निरीक्षक पीटीआरआई उत्तम सिंह जाटव, स.उ.नि. महिला सुरक्षा शाखा वचन सिंह,कार्यवाहक स.उ.नि. विशेष शाखा भंवर लाल पंवारतथा प्रधान आरक्षक अ.अ.वि. शाखा वीरभान सिंह को पुलिस मुख्यालय परिवार ने शुक्रवार को भावभीनी विदाई दी।

## चीता पुनर्स्थापन का अगला चरण, बोत्स्वाना से आज कूनो पहुंचेंगे 8 चीते

### प्रदेश की धरती पर नवागत चीतों का होगा स्वागत

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में अफ्रीकी महाद्वीप से चीतों का तीसरा बड़ा जत्था पहुंचने वाला है। बोत्स्वाना से एयरलिफ्ट किए गए 8 चीते (6 मादा और 2 नर) विशेष विमान से मध्यप्रदेश लाए जा रहे हैं। कूनो एक बार फिर इतिहास रचने को तैयार है। अफ्रीका की धरती से आए फर्राटेदार धावक अब कूनों के जंगलों में वन पारिस्थितिकी को समृद्ध करेंगे।

**ट्रांसलोकेशन की विस्तृत कार्ययोजना :** बोत्स्वाना से चीतों की सुरक्षित अनलोडिंग इमिग्रेशन, कस्टम, पशु-चिकित्सा एवं सुरक्षा औपचारिकताएं पूर्ण किये जाने के बाद 28 फरवरी को सुबह 8.30 बजे ग्वालियर से भारतीय वायुसेना के दो हेलीकॉप्टरों से चीतों को कूनो नेशनल पार्क के लिए रवाना किया जाएगा। चीते प्रात: 9.30 बजे कूनो नेशनल पार्क पहुंचेंगे। उनकी सुरक्षित लैंडिंग के लिए पार्क में 5 हेलीपैड बनाये गये हैं। पूरा अभियान अत्यंत सावधानी और वैज्ञानिक प्रोटोकॉल के तहत संपन्न किया जाएगा। पार्क में बाड़े तैयार किए गए हैं, जहां चीते लगभग एक महीने तक क्वारंटाइन में रहेंगे। 'प्रोजेक्ट चीता' अब अपने प्रारंभिक चरण से आगे बढ़कर स्थायी स्थापना और सफल प्रजनन के चरण में प्रवेश कर चुका है। दक्षिण अफ्रीका से लाए गए 12 चीतों में से 8 वर्तमान में कूनो में पूर्णत: स्थापित और स्वस्थ हैं। इनमें से 3 चीतों को गांधी सागर अभयारण्य में सफलतापूर्वक स्थानांतरित किया गया है। दक्षिण अफ्रीकी माताओं से जन्मे 10 शावक जीवित और स्वस्थ हैं। भारत में जन्मी पहली वयस्क मादा चीता 'मुखी' ने 5 शावकों को जन्म दिया है, जो इस परियोजना की ऐतिहासिक उपलब्धि है। 'गामिनी' दूसरी बार माँ बनी है। उसकी पहली गर्भावस्था से जन्में 3 सब-एडल्ट शावक स्वस्थ हैं और हाल ही में उसने 3 नए शावकों को जन्म दिया है।

### मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी में 43वें उप पुलिस अधीक्षक बैच का दीक्षांत समारोह आयोजित

# बदलते पुलिसिंग परिदृश्य में तकनीक और साइबर दक्षता की आवश्यकता : डीजीपी

मनोहर राजपूत



**भोपाल,निप्र।** मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी, भोपाल में 43वें उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) बैच का दीक्षांत समारोह कैलाश मकवाणा, पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

अकादमी के उपनिदेशक डॉ. संजय अग्रवाल ने 43वें बैच के प्रशिक्षण का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण के दौरान आंतरिक एवं बाह्य प्रशिक्षण, विभिन्न संस्थानों का भ्रमण, प्रयागराज कुंभ ड्यूटी, अकादमिक गतिविधियां, खेल, एथिक्स, नवीन आपराधिक कानून, पुलिस व्यवहार, यूएसी, योग एवं ध्यान जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सिंहस्थ 2028 की तैयारी के दृष्टिगत कुंभ 2025 में फील्ड विजिट (एक्सपोजर) की जानकारी भी साझा की गई।

जिला व्यवहारिक प्रशिक्षण के अनुभव डीएसपी शिवा पाठक एवं ऋषभ छारी ने साझा किए। प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षुओं ने विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर कार्य करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। पुलिस महानिदेशक द्वारा आंतरिक प्रशिक्षण के 13 विषयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले उप पुलिस अधीक्षकों को शील्ड एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। जिला व्यवहारिक प्रशिक्षण में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अधिकारियों सहित ऑल ओवर टॉपर को भी सम्मानित किया गया। संपूर्ण प्रशिक्षण में द्वितीय स्थान रोशनी कुर्मी एवं प्रथम स्थान आनंद कुमार राय ने प्राप्त किया।

अपने उद्बोधन में डीजीपी ने नव नियुक्त अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान आने वाली चुनौतियों से निपटने हेतु नवीन तकनीक, एआई एवं साइबर अपराधों के प्रति सजग एवं अपडेट रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने नशा मुक्त मध्यप्रदेश के लक्ष्य तथा पुलिस की सकारात्मक छवि निर्माण पर बल देते हुए ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का संदेश दिया। अपने 37 वर्षों के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि निष्ठापूर्वक किया गया कार्य ही सच्ची सफलता दिलाता है। कार्यक्रम में अकादमी के निदेशक एवं विशेष पुलिस महानिदेशक (रेल) रवि कुमार गुप्ता, पुलिस कमिश्नर भोपाल संजय सिंह, पीएसओ टू डीजीपी/पुलिस उप महानिरीक्षक सामुदायिक पुलिसिंग डॉ. विनीत कपूर सहित अकादमी के वरिष्ठ अधिकारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

## सीहोर में साहित्य का महाकुंभ : आज से शिवना साहित्य समागम 2026 का आगाज़

### देशभर के दिग्गज साहित्यकार, आठ रचनाकारों का सम्मान और रेडियो कर्मवीर 90.0 एफएम की कवरेज दो दिन

विनय उजाला

**सीहोर,निप्र।** हिंदी साहित्य, भाषा और संस्कृति के संवर्धन को समर्पित शिवना साहित्य समागम 2026 का आयोजन 28 फरवरी (शनिवार) से 1 मार्च 2026 (रविवार) तक क्रिसेंट रिसोर्ट एंड क्लब, इंदौर-भोपाल बायपास, सीहोर में होने जा रहा है। इस दो दिवसीय साहित्यिक महोत्सव में देशभर के वरिष्ठ साहित्यकार, कवि, कथाकार और विचारक एकत्रित होंगे। तीन सभागारों में एक साथ विभिन्न साहित्यिक सत्र, पुस्तक लोकार्पण, सम्मान समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम चलेंगे।

**28 फरवरी : उद्घाटन से सम्मान समारोह तक : पहले दिन प्रात:** 9.45 बजे सिद्धपुर सभामंडप में उद्घाटन सत्र से समागम का शुभारंभ होगा। सत्र समन्वयक/प्रभारी डॉ. गरिमा संजय दुबे और स्मृति आदित्य रहेंगी । अतिथियों में जगतगुरु पंडित अजय पुरोहित, डॉ. प्रेम जनमेजय, विकास दवे, सुदेश राय, विकास प्रिंस राठौर, श्रीमती नमिता राय और श्रीमती अरुणा राय सम्मिलित होंगे।

■ **आठ रचनाकार होंगे सम्मानित :** सम्मान समारोह में इस वर्ष आठ विशिष्ट रचनाकारों को उनकी कृतियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय शिवना सम्मान 2025 से लीलाधर मंडलोई को उनकी आत्मकथा जब से आँख खुली है के लिए नवाजा जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय शिवना सम्मान 2024 के अंतर्गत प्रभात रंजन को उपन्यास किस्सागराम और मनीश वैद्य को कहानी संग्रह वांग छी के लिए सम्मान मिलेगा। शिवना कृति सम्मान 2025 के तहत मुकेश नेमा (इतू सी इरा) और स्मृति आदित्य (अब मैं बोलूँगी) को सम्मानित किया जाएगा। शिवना कृति सम्मान 2024 से प्रवीण कक्कड़ (दण्ड से न्याय तक) और शिवना नवलेखन पुरस्कार 2024 के अंतर्गत रश्मि कुलश्रेष्ठ (उपन्यास शेष रहेगा प्रेम) तथा रुक्मा ओझा (कहानी संग्रह आखिरी चाय) को पुरस्कृत किया जाएगा।

दिनभर सुबह 10.15 से शाम 5 बजे तक दो सभागारों में छह-छह वैचारिक सत्र चलेंगे जिनमें धर्म और साहित्य, सिनेमा और साहित्य, नई सदी की नई कविता, नई सदी की नई कहानी और पत्रकारिता की विश्वसनीयता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विमर्श होगा। दोपहर 1.15 से 2 बजे तक कु. चैन सिंह सभागार में पुस्तक लोकार्पण का कार्यक्रम भी रहेगा। शाम 7 बजे से 8.30 बजे तक लीजो हॉल, क्रिसेंट क्लब एंड रिसोर्ट में भव्य सम्मान समारोह आयोजित होगा। तत्पश्चात रात्रि 8.30 बजे से भगोरिया नृत्य तथा रात्रिभोज का आयोजन होगा।

**1 मार्च : होली के रंग और साहित्य का समापन :** दूसरे दिन तीन सभागारों में पाँच-पाँच वैचारिक सत्र होंगे। डिबेट या न्यूज़, राजनीति की डगर में फूल और काँटे, लघुकथाओं की मंडी में लघुकथा और 4 धाम दर्शन, आदि आबादी की आवाज़ जैसे विषय दिनभर की चर्चा के केंद्र रहेंगे। शाम 4 बजे सिद्धपुर सभामंडप में फाग गायन, पारंपरिक भोजन और लोक नृत्य के साथ समापन समारोह होगा। शाम 5 बजे चाय और विसर्जन के साथ इस यादगार समागम का पटाक्षेप होगा। समारोह में देश के जाने-माने साहित्यकार शिरकत करेंगे। पद्मश्री डॉ. ज्ञान चतुर्वेदी, कवि-कथाकार-आलोचक श्री संतोष चौबे और वरिष्ठ व्यंग्यकार डॉ. प्रेम जनमेजय विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

**रेडियो कर्मवीर 90.0 एफएम पहुँचेगा सीहोर :** इस साहित्यिक आयोजन को व्यापक श्रोता वर्ग तक पहुँचाने के लिए माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो कर्मवीर 90.0 एफएम जो करता है जन गण मन की बात की टीम विशेष रूप से सीहोर पहुँचेगी।

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने ग्रीष्मकाल में पेयजल सुविधा सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

**भोपाल ( विनय उजाला )।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में रीवा शहर में अमृत योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ग्रीष्मकाल के दृष्टिगत पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़, निर्बाध एवं प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को गर्मी के मौसम में किसी प्रकार की जल समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ समय रहते पूर्ण की जाएं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अमृत योजना अंतर्गत रीवा शहर में निर्माणाधीन पानी की टंकियों के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कर उन्हें उपयोग में लाने के निर्देश दिए।

### अधिकारी 5 दिवस में रिपोर्ट तैयार करें

# सुझावों पर किया जाएगा अमल : मंत्री तोमर

विनय उजाला



**भोपाल,निप्र।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों पर अधिकारी 5 दिवस में रिपोर्ट तैयार करें। साथ ही प्राप्त सुझावों पर गंभीरता से विचार कर अमल में लाने के प्रयास किये जायेंगे। श्री तोमर ने कहा मध्यप्रदेश में पर्याप्त बिजली उपलब्ध है। उद्योगों से लेकर किसानों तक सभी को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है।

बैठक में समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में जंगली जानवरों से खतरे के मद्देनजर सिंचाई के लिये दिन में ही विद्युत आपूर्ति करने पर विचार किया जाये। इस दौरान सचिव श्री विशेष गढ़पाले ने विभाग की 2 वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की हानियां वर्ष 2024-25 में 2.60 प्रतिशत रहीं, जो न्यूनतम में से एक है। अमरकंटक विद्युत गृह द्वारा कंपनी के इतिहास में अब तक सर्वाधिक 512 दिन तक लगातार विद्युत उत्पादन किया गया। बिजली कंपनियों की उपभोक्ता सेवाओं में सुधार के लिये लगभग 52 हजार स्थायी पदों का सृजन किया गया है। भर्ती प्रक्रिया चालू कर दी गई है। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान अंतर्गत जनजातीय समुदाय के 26 हजार 909 घरों को विद्युतीकृत किया गया है। स्मार्ट मीटरिंग के माध्यम से प्री-पेड उपभोक्ताओं को ऊर्जा प्रभार में 25 पैसे प्रति यूनिट की छूट दी जा रही है। उन्होंने विभिन्न नवाचारों के बारे में भी जानकारी दी।

बैठक में समिति के सदस्य विधायक यादवेन्द्र सिंह, गौरव सिंह पारधी, ठाकुर दास नागवंशी, घनश्याम चंद्रवंशी और सुरेन्द्र सिंह बघेल एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### भोपाल हाट में आज से स्व-सहायता समूहों का होली मेला

**भोपाल,निप्र।** होली के अवसर पर भोपाल हाट में दो दिवसीय विशेष होली मेला 28 फरवरी से 01 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह 28 फरवरी को सुबह 10 बजे मेले का शुभारंभ करेंगीद्ध मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित किए जा रहे इस मेले में होली के दृष्टिगत विशेष उत्पाद लेकर विभिन्न जिलों के ग्रामीण अंचलों से समूहों की दीदियां आ रही हैं। मेला प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात्रि 09 बजे तक खुलेगा। इसके अतिरक्त भोपाल हाट में ही स्थित आजीविका मार्ट में होली संबंधित सामग्री 21 फरवरी से विशेष रूप से उपलब्ध कराई गई है।

## नियामकीय प्रदर्शन में मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग को मिला देश में छठा स्थान

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग भोपाल ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए देश के सर्वश्रेष्ठ विद्युत नियामकों की सूची में छठवां (6th) स्थान प्राप्त किया है। पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया (PFI) और ग्रामीण विद्युतीकरण निगम द्वारा संयुक्त रूप से जारी 'राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के विनियामक प्रदर्शन की रेटिंग 2025' रिपोर्ट में मध्य प्रदेश को यह गौरव हासिल हुआ है।

माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के मार्गदर्शन में प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में निरंतर सुधार हो रहे हैं। यह रिपोर्ट राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेश के विद्युत नियामक आयोगों की नियामक प्रदर्शन रेटिंग संबंधी प्रथम रिपोर्ट है, जिसे विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी किया गया है। यह रिपोर्ट नियामकीय प्रदर्शनों का अनुशासित, साक्ष्य आधारित और पारदर्शी मूल्यांकन प्रस्तुत करती है। प्रमुख उपलब्धियां : 'A' कैटेगरी में शामिल : रिपोर्ट में मध्य प्रदेश को 'A' ग्रेड प्रदान किया गया है, जो राज्य में मजबूत नियामकीय ढांचे और बिजली उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण को दर्शाता है। • राष्ट्रीय रैंकिंग : 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच हुए इस कड़े मूल्यांकन में मध्य प्रदेश ने छठवां (6th) स्थान प्राप्त किया है।

**भविष्य का लक्ष्य :** इस गौरवशाली रैंकिंग के साथ मध्य प्रदेश ने देश के ऊर्जा क्षेत्र में अपनी प्रशासनिक और नीतिगत सुदृढ़ता को एक बार फिर प्रमाणित किया है और ऊर्जा क्षेत्र में प्रदेश उत्तरोत्तर प्रगति करने के लिए कृतसंकल्पित है।

**सफलता के कारण**

विशेषज्ञों के अनुसार, इसका कारण मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा समय पर टैरिफ ऑर्डर जारी करना, डिस्कॉम की वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए कड़े कदम उठाना और अक्षय ऊर्जा (Renewable Energy) को बढ़ावा देने वाली पारदर्शी नीतियों की प्रमुख भूमिका है जिसके फलस्वरूप मध्य प्रदेश इस मुकाम पर पहुँचा है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश बिजली क्षेत्र में संसाधन पर्याप्तता (Resource Adequacy) और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के मानदंडों पर देश के अग्रणी राज्यों में से एक बनकर उभरा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 31 सेवाभावी मातृशक्तियों का होगा मां अहिल्या गौरव अलंकरण सम्मान



**इन्दौर ( विनय उजाला )।** महिला दिवस के अवसर पर संस्था कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट मां अहिल्या गोरव अलंकार से 31 सेवा भाभी मातृशक्तियों का होगा सम्मान ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश मानावत एवं अनंत सेवा न्यास संस्था अध्यक्ष अनंत महंत ने जानकारी देते हुए कहा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मां अहिल्या गौरव अलंकरण सम्मान समारोह 6 मार्च शुक्रवार को धार रोड किमती गार्डन पर शाम 6 बजे आयोजित किया जायेगा विभिन्न विधाओ की मातृ विभूतियों को खेल,कला, संगीत, स्वास्थ्य,शिक्षा,पर्यावरण, सामाजिक, धार्मिक, प्रशासनिक सेवा, पत्रकारिता, साहित्य, न्यायिक सेवा, नशामुक्ति आदि के क्षेत्र में मानवता के लिए समर्पित 31 सेवाभावी मातृशक्तियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए मां अहिल्या गौरव अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया जाएगा कार्यक्रम पश्चात फाग उत्सव में सुगंधित पुष्पों की होली मातृ-शक्तियों द्वारा खेली जाएगी एवं जल बचाने का संकल्प भी सामूहिक रूप से लिया जाएगा।

### पुण्य सम्राट की हृदयस्थली 'साधना कुटीया' में रसोई कक्ष का शुभारंभ



**बाग, निप्र।** आचार्य श्री राजेंद्र सुरिश्वरजी के पटधर गच्छाधिपति आचार्य श्री विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी महाराज ने वर्ष 2004 चातुर्मास में बघिनी नदी के पास कुटिया में एक माह की मौन साधना की थी। उनकी साधना केवल एक तपस्या नहीं थी, बल्कि उस समय से इस भूमि की पहचान बन गई। कहा जाता है कि 2004 से लेकर आज तक इस कुटिया में प्रवेश करते ही मन को एक अलग ही आनंद का अनुभव होता है। यहाँ पर देश विदेश से सभी लोग शांति महसूस करने आते है ।जयंतसेनसूरी जी ने अपनी साधना से इस भूमि को इतना पवित्र बना दिया कि आज भी यहाँ आध्यात्मिक ऊर्जा महसूस की जा सकती है ।पुण्य सम्राट की साधना भूमि श्री जयंतसेन साधना कुटीया में रसोई कक्ष का शुभारंभ हुआ ।कार्यक्रम श्री संघ की उपस्थिति में आयोजित किया गया। शुभ मुहूर्त में लब्धीदाता गौतम स्वामी जी एवं पुण्य सम्राट को विराजमान किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत नवकार मंत्र के साथ हुई ।नया रसोई कक्ष साधु-साध्वी भगवंतों और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिससे आने वाले समय में धार्मिक आयोजनों की व्यवस्था अच्छे से की जा सके। सायंकाल सामूहिक भोजन का आयोजन किया गया उसके बाद परमात्मा एवं गुरुदेव की आरती भक्ति-भाव से संपन्न हुई ।क्रिया सेक्रेट्री ने जानकरी देते हुए बताया की यह आयोजन केवल एक रसोई कक्ष के उद्घाटन तक सीमित नहीं था, बल्कि यह साधना, सेवा और भक्ति की भावना का प्रतीक था।

### आरोग्य भारती झाबुआ शाखा द्वारा प्रान्त अभ्यास वर्ग हेतु योजनात्मक बैठक का हुआ आयोजन



**झाबुआ, निप्र।** आरोग्य भारती झाबुआ शाखा द्वारा 26 फरवरी, गुरूवार को स्थानीय अंबा पैलेस में आगामी 29 मार्च को होने वाले आरोग्य भारती मालवा प्रांत के प्रान्त अभ्यास वर्ग की योजनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में मंच पर आरोग्य भारती झाबुआ शाखा के सचिव डॉ. राकेश नायक, आरोग्य भारती झाबुआ शाखा महिला प्रमुख डॉ. चारुलता दवे एवं निजी चिकित्सा संगठन के मुख्य डॉ. लोकेश दवे अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भगवान धन्वंतरि स्तवन से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। बाद डॉ. वैभव सुराना ने आरोग्य भारती के परिचय एवं प्रांत अभ्यास वर्ग पर प्रकाश डाला। डॉ. लोकेश दवे ने अपने उद्बोधन में इस कार्यक्रम को गरिमामय एवं सफल बनाने के लिए एवं सभी को सहयोग के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक में आयोजन समिति के सदस्यों को यातायात व्यवस्था, आवास व्यवस्था, मंच व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, पंजीयन व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्था का विभाजन किया गया। इस योजनात्मक बैठक में झाबुआ, पेटलावद, रायपुरिया, बामनिया, थांदला, मेघनगर, रानापुर, पिटोल एवं रम्भापुर के 40 सदस्यों की उपस्थिति रहीं। अंत में शांति पाठ के साथ आभार आरोग्य भारती झाबुआ शाखा के सचिव डॉ. राकेश नायक ने माना एवं कार्यक्रम का समापन हुआ।

### स्टेशन रोड़ पर समारोह पूर्वक होगा नवनिर्मित स्थानक भवन का उद्घाटन



**रतलाम, निप्र।** श्री वर्धमान स्थानक वासी जैन श्रावक संघ ट्रस्ट बोर्ड रतलाम के तत्वावधान में 1 मार्च को स्टेशन रोड़ पर नवनिर्मित स्थानक भवन का समारोह पूर्वक उद्घाटन होगा। स्थानक की उद्घाटन कर्ता गुलाब बाई स्व. शांतिलाल कोठारी रहेगी। स्थानक भवन का शिलान्यास पन्नालाल धुलचंदजी कटारिया परिवार ने किया था। इसका निर्माण दलीचन्द नानालाल चोरड़िया परिवार, कमलादेवी हीरालाल जैन तरसिंग परिवार सहित अन्य दानदाताओ के सहयोग से किया गया है। ट्रस्ट बोर्ड अध्यक्ष इंदरमल मांडोत, मंत्री महेन्द्र चाणोदिया एवं ट्रस्टी बाबूलाल सेठिया, रंगलाल चोरड़िया, विनोद भंडारी, प्रकाश मूणत, आजाद मेहता, कांतिलाल छाजेड़ एवं इंदरमल जैन ने बताया कि स्थानक भवन का उद्घाटन समारोह 1 मार्च को प्रात: 10.15 बजे होगा इससे पूर्व प्रात: 9.30 बजे से नवकार महामंत्र के जाप होंगे। श्री वर्धमान स्थानक वासी जैन श्रावक संघ ट्रस्ट बोर्ड रतलाम के स्थानकवासी समाज की प्रतिनिधि संस्था है। इसकी स्थापना सन् 1952 में हुई थी। ट्रस्ट बोर्ड में पूज्य श्री जवाहरलाल जी म.सा., श्री धर्मदास जी म.सा. एवं श्री खूबचंद्र जी म.सा. सम्प्रदायों के श्रावक संघ का समान प्रतिनिधित्व है। ट्रस्ट बोर्ड धनजीबाई का नोहरा में आयम्बिल तप का संचालन करता है। स्टेशन रोड़ के अलावा संत नगर में भी एक स्थानक भवन संचालित है।

---

लापरवाही बरतने वाले स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारियों की वेतन वृद्धि रोकने एवं वेतन काटने के निर्देश

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने निर्देश दिए कि एनीमिक गर्भवती महिलाओं को ब्लड ट्रान्सफ्यूजन कराने पर 500 रुपये तत्काल दिए जाएं। कलेक्टर श्री सिंह ने बाल मृत्यु की समीक्षा के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने वाले आरोग्यम मंदिर दतोत्तर सीएचओ राहुल, एएनएम भारती खत्री की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने एवं आशा कार्यकर्ता अंनिता की प्रोत्साहन राशि में कटोत्रा करने के निर्देश दिये। उन्होंने जहां-जहां पर बाल मृत्यु हुई है उन सभी प्रसव केंद्रों की नर्सिंग ऑफिसर की 2-2 वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम समीक्षा में सोनकच्छ ब्लॉक की समीक्षा में 70 प्रतिशत से कम एएनसी पंजीयन करने वाली सभी एएनएम और सीएचओ की दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। एचबीएनसी कार्यक्रम में होम विजिट नही करने वाली आशा कार्यकर्ताओं का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। एएनएम रेखा मालवीय की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। मातृ मृत्यु संबंधी प्रकरणों मे लापरवाही बरतने वाली 3 आशाओं द्वारा फर्जी रिपोर्टिंग करने पर 15 दिन का मानदेय काटने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने 40 प्रतिशत से कम ए.एन.सी. पंजीयन पर सोनकच्छ की एएनएम की 2-2 वेतनवृद्धी रोकने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सीवियर एनीमिक प्रबंधन में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कार्यकर्ता को स्तनपान, एनीमिया स्क्रीनिंग, खानपान परामर्श संबंधित प्रशिक्षण रोस्टर तैयार करें।



### कलेक्टर ने महिलाओं के खान-पान की जांच के विशेष निर्देश दिए

कलेक्टर श्री सिंह ने गर्भवती महिलाओं के खान-पान की जांच करवाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिला से लेकर नवजात की सेवा प्रदायगी में आशा की मुख्य भूमिका है। ब्लॉक अकाउन्ट मैनेजर, सीएचओ, मेडिकल ऑफिसर द्वारा प्रसव कराने वाली गर्भवती महिलाओं की मानिटरिंग की जाए। प्रीमेच्योर डिलेवरी की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं में एएनसी पंजीयन की स्थिति के संबंध में सोनकच्छ में पंजीयन कम होने पर निर्देश दिये कि जहां ए.एन.एम पदस्थ नही है, वहां सीएचओ से कार्य करवाए।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि लडकियों का बाल विवाह होने पर आंगनवाडी कार्यकर्ता निलम्बित होंगी। वीएचएनडी पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2 बजे के बाद हितग्राहियों के घर-घर जाए और सेवायें दे। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि नवजात की देखभाल बहुत जरूरी है इसलिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करें की नवजात को सेनेटाईज नए टॉवेल में लपेट कर रेफर करें। स्वास्थ्य संस्थाओं से रेफर करते समय रिसीविंग डॉक्टर से बात अनिवार्य रूप से करें। एचबीएनसी में किसी भी प्रकार की बीमारी की स्थिति के संबंध में तत्काल जिला चिकित्सालय के शिशु रोग विशेषज्ञों को सूचित करें। एनआरसी में बेड ऑक्यूपेंसी बढाने के निर्देश दिये। निक्षय पोर्टल पर एंट्री नही करने पर एक्स-रे टेक्नीशियन श्री विमल पाटीदार का 10 दिनों का वेतन काटने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री सिंह ने आयुष्मान कार्ड, एनसीडी एवं एनक्यूएएस की भी समीक्षा भी की। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सीएचओ को लक्ष्य आवंटित करने के निर्देश दिये। आरबीएसके कार्यक्रम के तहत 10 से 19 साल के बच्चों की विशेष काउंसलिंग के निर्देश दिये। उन्होंने संकल्प से समाधान अभियान के तहत 15 दिन तक केम्प आयोजित कर विकलांगता प्रमाण-पत्र बनाने के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में पिछली जिला स्वास्थ्य समिति में दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन एवं कार्यवाही विवरण डीपीएम कामाक्षी दुबे द्वारा प्रस्तुत किया गया।

---

# मॉ नर्मदा किनारे फाग - उत्सव से जीवन मे अनेक रंगो का प्राकृट्य होता है : स्वामी श्रीविष्णुप्रपन्नाचार्यजी महाराज

### धार्मिक अनुष्ठानो के लिए किए शुभाशुभ कर्म का सुफल अनेको बार मिलता है





विनय उजाला

**सतवास/देवास, निप्र। मॉ नर्मदा के किनारे, मॉ की गोद मे मनुष्य भजन - सकीर्तन, जप - तप पूजा - पाठ जो भी करे उसका स्वरूप आलोकिक दिव्य होता है। रंगो का त्योहार तो प्रेम का त्यौहार है जिस उत्साह - आनंद से आपने फाग -उत्सव मनाया उससे हमारे जीवन मे अनेक रंगो का प्राकृटय होता है। मॉ नर्मदा के तट पर प्रेम का रंग सभी पर चढ गया।**

श्रीबालमुकुन्द सेवाश्रम व अन्नक्षेत्र नेमावार मे आयोजित फाग उत्सव मे नागोरिया पीठाधिश्वर श्रीमद्जगदगुरू स्वामी श्रीविष्णुप्रपन्नाचार्यजी महाराज ने अपने आशीर्वचन मे कहा। उल्लेखनीय है कि पूज्यश्री के मंगलानुशासन मे विगत वर्ष आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान वैष्णवजनो ने धार्मिक अनुष्ठान हेतू विशाल पांडाल (डोम) व गौशाला के निर्माण का संकल्प लिया था। महाराजश्री ने कहा कि आज इस नवनिर्माण मे उत्सव का प्रारंभ हुआ है । समस्त वैष्णवो द्वारा जो संकल्प लिया वो पूरा हो गया ।अब जब - जब भी इस पांडाल मे सत्संग होगा तब - तब आपका कल्याण होगा। हजारो वर्षो तक जब कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालुजन आनंद व तन्मयता से जब - जब तालि बजाएंगे जिससे आप सबके विघ्न दूर होंगे। गौमाता जब नवीन गौशाला मे स्नेह से, प्रसन्ता से रम्भायगी तब आपकी दरिद्रता नष्ट हो जायेगी। जो भी आदमी जीवन मे शुभाशुभ कर्म करता है उसका फल अवश्य मिलता है। कार्य किसी एक के प्रयास से नहीं होता। समस्त वैष्णवजनों का उसमे जब भाव समर्पित होता है तो वो और दिव्य हो जाता है। प्रारंभ मे स्वामीजी सरकार ने ठाकुरजी के श्रीविग्रह की पूजन कर गुलाल लगाया। उपस्थित सभी संतजनो का अभिनंदन किया। प्रदेश के महान भजन सम्राट प्रदीप मंत्री ने फाग के भजन सुनाकर सभी को प्रेम रंग मे रंगा। समर्पण भाव का भजन ए चमक ए दमक फुलवन मा महक , सब कुछ सरकार तुम्हई से है, मेरी गाड़ी मेरा बंगला मेरा पैसा सब तेरा सब कुछ तेरो सरकार मेरा तो कुछ भी नहीं पर महिला-पुरूष सभी ने तनमय होकर समर्पण भाव से नृत्य कर आयोजन का आनंद लिया। समारोह मे हरिद्वारा से पधारे युवराज स्वामी द्विव्यांशजी महाराज, नवाडा आश्राम के चन्द्रशेखरानंदजी महाराज, खाकचौक आश्रम गाजनपुर के भगवतदासजी महाराज, हरिहर आश्रम भमोरी के संत, पूजारी सुर्दशनाचार्यजी , प्रधान अर्चक बिहारीजी भी थे। आयोजन मे पेमावर सहित कनौद, सतवास, लोहारदा, कांटाफोड, खातेगांव, संदलपूर, नेमावर, हरदा, इंदौर सहित अनेक स्थानो के श्रद्धालुगणों ने आनंद लिया। कार्यक्रम मे पूज्यश्री ने सभी को रंग-गुलाल लगाकर आशीर्वाद दिया। श्रद्धालुओं ने चरण वंदन कर आशीष प्राप्त किया।



सोनकच्छ के अमर शहीद राजा भाऊ महाकाल महाविद्यालय में अव्यवस्था

# सुरक्षा को लेकर खड़े हुए सवाल, परिसर में घूमते हैं असामाजिक तत्व

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** क्षेत्र के एक मात्र महाविद्यालय में नगर व आस पास के ग्रामीणों से शिक्षा प्राप्त करने के लिए बालक बालिकाएं दूर दुर से आते है। पालकगण अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा और सुरक्षा की आस में कॉलेज व्यवस्था पर निर्भर रहते है। लेकिन महाविद्यालय में अव्यवस्था ने सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिये। बीते दिनों ग्राम भागसरा के पोपसिह नागर ने महाविद्यालय प्राचार्य को एक आवेदन दिया था। आवेदन में पोपसिह ने बताया कि सुकी बालिका राजाभाऊ महाकाल महाविद्यालय सोनकच्छ में पड़ने आती है। बीते दिनों कॉलेज परिसर में उसकी स्कूटी का किसी अज्ञात लड़के ने लॉक तोड़ना चाहा लॉक नहीं टूटा तो स्कूटी में तोड़ फोड कर गाड़ी फेक दी। जब तोड़ फोड करने की जानकारी प्राचार्य को दी गई तो उन्होंने बात को टाल दिया। असंतुष्ट हो कर पोप सिंह ने एक आवेदन सोनकच्छ पुलिस थाने पर दिया। जिसके बाद पुलिस जांच में कुछ सीसीटीवी कैमरे बंद मिले। आवेदनकर्ता की बालिका ने बताया कि कॉलेज परिसर में आवारा लोग बिना परमिशन के बे वजह घूमते रहते हैं और लड़कियों को देख अश्लील हरकते करते हैं। कॉलेज परिसर में सुरक्षा को लेकर कोई व्यवस्था नहीं है। सिक्युरिटी गार्ड भी नहीं है। हर कोई मनचाहे जब कॉलेज परिसर में घुस जाता हैं। आवेदनकर्ता ने मांग की है कि कॉलेज परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाये जाए ओर असामाजिक तत्वों और आवारा लोगों को परिसर में घुसने पर प्रतिबंध लगाया जाए। मामले को लेकर प्राचार्या अर्चना श्रीवास्तव ने कहा कि, हमारे कैंपस में इस तरह की घटना नही होती है। साथ ही उन्होंने कहा कि एक- दो सीसीटीवी कैमरे बंद है।

---

# औषधी विक्रेताओं की साधारण सभा एवं सम्मान समारोह का आयोजन

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** जिला औषधी विक्रेता संघ, रतलाम के तत्वावधान में 1 मार्च को द्वितीय साधारण सभा और सम्मान समारोह का भव्य आयोजन होगा। अमृत गार्डन में होने वाले समारोह में म.प्र. केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष गौतमचंद धीम मुख्य अतिथि रहेंगे, अध्यक्षता महासचिव राजीव सिंघल करेंगे। समारोह दोप. 12 से 2 बजे तक आयोजित होगा। संघ अध्यक्ष जय छजलानी एवं सचिव अजय मेहता ने बताया कि साधारण सभा में औषधी विक्रेताओं की समस्याओं पर विचार विमर्श कर निर्णय लिये जाऐंगे। समारोह में म.प्र. केमिस्ट





एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के संगठन सचिव मनोज अगनानी, सह सचिव अशोक जैन, कोषाध्यक्ष दिनदयाल तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी सुरेश चौकसे एवं विशेष आमंत्रित सदस्य गोविन्द पंसारी विशेष अतिथि के रुप में शामिल होंगे। जिला औषधी विक्रेता संघ ने सदस्यों से अधिक से अधिक उपस्थित रहने का आव्हान किया है।

# अभाविप के चरणबद्ध आंदोलन के आगे झुका एक्रोपोलिस प्रशासन

### अब AFRC द्वारा तय मापदंड के अनुसार ही ली जाएगी फीस

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** एक्रोपोलिस महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों से स्नत्रष्ट द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक फीस वसूले जाने के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इंदौर महानगर द्वारा किए गए चरणबद्ध आंदोलन के परिणामस्वरूप एक्रोपोलिस महाविद्यालय ने अपनी अवैध फीस वसूली की गलती को स्वीकार करते हुए आंदोलन के पश्चात निर्णय लिया है।





अभाविप के निरंतर संघर्ष एवं दबाव के परिणामस्वरूप महाविद्यालय प्रशासन ने लिखित रूप में यह स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों से आगामी सेमेस्टर से AFRC द्वारा निर्धारित शुल्क ही लिया जाएगा एवं वर्तमान सेमेस्टर में जमा की गई अतिरिक्त फीस को आगामी सेमेस्टर की फीस में समायोजित किया जाएगा।

विदित है कि लंबे समय से एक्रोपोलिस महाविद्यालय में विद्यार्थियों से निर्धारित शुल्क से अधिक फीस वसूली जा रही थी। इस विषय को लेकर विद्यार्थियों ने बार-बार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के समक्ष अपनी समस्याएँ रखीं। अभाविप द्वारा महाविद्यालय प्रशासन से संवाद स्थापित करने का प्रयास किया गया, किंतु जब प्रशासन की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तब अभाविप को चरणबद्ध आंदोलन का मार्ग अपनाना पड़ा।

आंदोलन के दौरान अभाविप ने स्पष्ट रूप से मांग रखी कि महाविद्यालय AFRC द्वारा निर्धारित शुल्क संरचना का पूर्ण पालन करे, अवैध रूप से ली जा रही अतिरिक्त फीस को समाप्त करे तथा विद्यार्थियों पर किसी भी प्रकार का आर्थिक दबाव न डाला जाए। अभाविप के सशक्त आंदोलन के पश्चात महाविद्यालय प्रशासन ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए यह निर्णय लिया।

---

'युवा शक्ति ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है,' —

# ओम बिरला ने एसवीवीवी के 8वें दीक्षांत समारोह में कहा

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय (एसवीवीवी) ने 27 फरवरी 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में अपने 8वें दीक्षांत समारोह का गरिमामय एवं शैक्षणिक उत्साह के साथ सफल आयोजन किया। यह भव्य अवसर विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता एवं समग्र शिक्षा की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हुई। कार्यक्रम





का शुभारंभ वंदे मातरम् एवं राष्ट्रगान से हुआ, जिसके पश्चात दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना तथा कुलगान प्रस्तुत किया गया। दीक्षांत समारोह का औपचारिक उद्घाटन कुलाधिपति श्री पुरुषोत्तमदास जी पसारी द्वारा किया गया। अपने स्वागत उद्बोधन में उन्होंने विशिष्ट अतिथियों, प्राध्यापकों, स्नातक विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों का अभिनंदन किया। कुलगुरु प्रो. (डॉ.) योगेश सी. गोस्वामी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध पहलों, प्लेसमेंट तथा गत वर्ष की संस्थागत प्रगति पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि, लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने अपने दीक्षांत भाषण में कहा कि वे वैष्णव ट्रस्ट द्वारा समाज कल्याण के लिए किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों से प्रेरित होकर समारोह में उपस्थित हुए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें ऐसे प्रतिष्ठित संस्थान में अध्ययन का अवसर मिला। उन्होंने युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि वे देश के समग्र एवं प्रगतिशील भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने दोहराया कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसके युवाओं की ऊर्जा और क्षमता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनभागीदारी समिति अध्यक्ष ने कहा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की राह पर हरसूद महाविद्यालय



**हरसूद, ( विनय उजाला )।** स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय हरसूद में शुक्रवार दोपहर साढे 12 बजे के लगभग भारतीय ज्ञान परंपरा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दोपहर करीब ढाई बजे तक चला। जिसमें मुख्य अतिथि जन भागीदारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा थे। विशेष अतिथि के रूप में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय हरसूद के प्राचार्य डॉ रविंद्रसिंह सिसोदिया एवं आर आर वर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ जयेश वैष्णव ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने कहा कि हरसूद महाविद्यालय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की राह पर आगे बढ रहा है। विज्ञान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान मॉडल का प्रदर्शन किया गया। विज्ञान के आविष्कार एवं नवाचार विषय पर व्याख्यान और विज्ञान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न कार्यकमों में भाग लेने वाले विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर अंकुश साहू ने किया एवं आभार भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभारी डॉक्टर शशी बाला भट्ट ने माना।

### आमलकी एकादशी के उपलक्ष्य में संत श्री नामदेव जी महाराज मंदिर पर फाग उत्सव का किया आयोजन



**हरसूद, ( विनय उजाला )।** शुक्रवार को नया हरसूद छनेरा के वार्ड क्रमांक 3 स्थित संत श्री नामदेवजी महाराज मंदिर पर महिला मंडल द्वारा आमलकी एकादशी के उपलक्ष्य में फाग उत्सव का आयोजन किया गया। फाग उत्सव का कार्यक्रम शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे से प्रारंभ हुआ था जो शाम 6 बजे तक भी जारी रहा। महिलाओं ने होली के उत्साह को दर्शाते हुए पारंपरिक गीतों और नृत्यों के साथ कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और खुशियाँ बांटी। इस अवसर पर बडी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं। इस अवसर पर महिलाओं ने कहा कि ऐसे आयोजन पुरानी परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को संजोए रखने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्या की निराकरण हेतु जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित

**रतलाम, निप्र।** कार्यपालन यंत्री एस आर जांगड़े ने बताया कि रतलाम जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्म काल में पेयजल समस्या निगरानी व त्वरित निराकरण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड कार्यालय रतलाम में नियंत्रण प्रकोष्ठ/कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07412-270439 पर पेयजल संबंधी शिकायतों को दर्ज किया जाएगा। कंट्रोल रूम प्रभारी उपयंत्री पूजा भूरिया को बनाया गया। कंट्रोल रूम में कार्यालयीन दिवस में प्रात: 10 से शाम 6 बजे तक जगदीश जोकचंद, राहुल चौहान की ड्यूटी रहेगी। शाम 6 से रात्रि 8 बजे तक दिलीप सोलंकी की ड्यूटी रहेगी। शासकीय अवकाश दिवस में जगदीश कतिजा, अशोक धाकड़ की ड्यूटी रहेगी। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी द्वारा टेलीफोन पर प्राप्त शिकायत को रजिस्टर में नोट कर निराकरण हेतु कंट्रोल रूम प्रभारी को सूचित किया जाएगा।

## जिला स्तरीय ओलंपियाड में चयनित 32 मेधावी विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित





विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में रतलाम जिले से चयनित कक्षा 2 से 8 तक के प्रत्येक कक्षा एवं विषय में प्रथम स्थान प्राप्त 32 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह 27 फरवरी को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने प्रत्येक कक्षा के प्रत्येक विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों एवं मार्गदर्शी शिक्षकों को भी सम्मानित किया ।

सभी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड के साथ स्कूल बैग, ट्रेक शुट, पानी की बोतल, टिफिन, कैप, ज्योमेट्री बॉक्स उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। कार्यक्रम के प्रारम्भ में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार दो चरणों में संचालित ओलम्पियाड प्रतियोगिता एवं चयनित छात्रों के संबंध में विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से सहायक परियोजना समन्वयक विवेक नागर द्वारा दी गई। कार्यक्रम में राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रा हिरल पवांर ने भी अपने अनुभव साझा किये।

इस अवसर सहायक संचालक राहुल मण्डलोई, जिला परियोजना समन्वयक राजेश कुमार झा, मुकेश राठौर एवं विकासखण्ड के अकादमिक समन्वयक एवं जनशिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक परियोजना समन्वयक विवेक नागर ने किया।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की जिला कार्यशाला संपन्न

# हम व्यक्ति नहीं विचार पर चलते है: संभाग प्रशिक्षण प्रभारी अटोलिया

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** भाजपा देश के अन्य राजनीतिक दलों से भिन्न होकर कार्यकर्त्ता आधारित पार्टी है और इसमें कार्यकर्ता विचारधारा पर चलता है, जबकि दूसरी पार्टियां परिवार से चलती है। व्यक्ति नहीं विचार पर चलने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता पड़ती है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमें जो मिला है , वो विचारधारा की वजह से मिला है और इस विचारधारा को सँभालने के लिए प्रशिक्षण आवश्यक है।






यह बात भाजपा के संभाग प्रशिक्षण प्रभारी नानालाल अटोलिया ने कही। वे रंगोली परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की जिला कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे । इस दौरान जिला भाजपा प्रभारी विवेक जोशी, संभाग प्रशिक्षण सह प्रभारी हरिराम शाह, जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला महामंत्री महेश सोनी एवं जयवंत कोठारी मंचासीन रहे।

श्री अटोलिया ने कहा कि प्रति क्षण शिक्षण ही प्रशिक्षण होता है, प्रशिक्षण कभी समाप्त होने वाला नहीं होता, जैसे कार्य को लगातार अभ्यास करने से कार्य सिद्ध होते है वैसे ही संगठन मे बार-बार प्रशिक्षण का आयोजन होता है, ताकि कार्यकर्त्ता कार्य को सिद्ध कर सके । लक्ष्य प्राप्त करना और शिखर पर पहुंचना आसान है,मगर शिखर पर बने रहना चुनौती पूर्ण है। बार-बार प्रशिक्षण से शिखर पर बने रहने मे भी मदद मिलती है।

उन्हीने कहा कि भाजपा के पितृ पुरुषो ने सपने देखे और संघर्ष किया, उसी के कारण आज शिखर पर है। शिखर पर बने रहने के लिए प्रशिक्षण आवश्यक है। राजनीती का आधार संगठन, संगठन का आधार कार्यकर्त्ता और कार्यकर्त्ता का आधार विचारधारा है, यदि विचारधारा नहीं रहे तो राजनीती ख़त्म हो जाती है।

संभाग प्रशिक्षण सह प्रभारी हरिराम शाह ने पावर प्रजेटेशन के माध्यम से 'व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण होता है, संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण होता है' विषय पर जानकारी दी। आरंभ में स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि भाजपा मे सर्वप्रथम राष्ट्रीय, प्रादेशिक फिर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ है, यह कार्यशाला अब मंडल स्तर पर 11 मार्च से 14 अप्रैल तक सभी 25 मंडलो मे होगी। अलग-अलग अलग चरणों में हुई कार्यशाला में सर्वप्रथम अपेक्षित कार्यकर्त्ता का पंजीयन हुआ ।

मंडल अध्यक्ष सोना शर्मा ने वर्ग गीत की प्रस्तुति दी। अतिथियों द्वारा महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि के बाद वन्देमातरम का गान किया गया। दोपहर सत्र मे जिले की पांचों विधानसभा की बैठक हुई। रतलाम नगर को विवेक जोशी, रतलाम ग्रामीण को नानालाल अटोलिया, सैलाना को प्रदीप उपाध्याय, जावरा को महेश सोनी एवं आलोट को हरिराम शाह ने संबोधित किया। महेश सोनी ने संघ के पंच परिवर्तन और नवाचार की जानकारी दी।

### खाद्य विभाग के दल ने 1 हजार 600 लीटर से अधिक देसी घी पकड़ा

# यूपी फ्रेश और मदर बेस्ट के नाम से जिले में हो रही थी खपत

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** शुक्रवार की दोपहर में खाद्य विभाग के दल ने ग्लोबल सिटी में दबिश देकर सस्ते भाव का देसी घी पकड़ा है। 1600 लीटर से अधिक देसी घी यूपी फ्रेश और मदर बेस्ट के नाम से बेचने के लिए महाकाल ट्रेडर्स है। जांच के लिए नमूने लिए गए हैं। फिलहाल पूरा घी जब्ती में लिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**यह किया जब्त**

**मदर बेस्ट**
- 1 लीटर की 11 पेटी
- 500 एमएल की 12 पेटी
- 1 लीटर जार की 3 पेटी
- 500 एमएल की 15 पेटी
- 15 लीटर टीन - 180 किलोग्राम

**यूपी फ्रेश कंपनी**
- 1 लीटर की 13 पेटी
- 500 एमएल की 14 पेटी
- 200 एमएल की 11 पेटी
- 15 किलोग्राम के 10 नग






खाद्य विभाग के अधिकारी के अनुसार विभाग को सूचना मिली थी कि ग्लोबल सिटी क्षेत्र में नकली घी की खपत की जा रही है। यहां से देसी घी के नमूने लिए हैं जो भेजे गए। शेष घी को जब्ती में लिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

**खाद्य विभाग की टीम ने दी दबिश :** खाद्य विभाग की टीम ने टीम ने एक मकान पर दबिश दी। यहां यूपी फ्रेश और मदर बेस्ट के नाम के विभिन्न वजन में घी के पैकेट पाए गए। यहां पर विक्रांत त्यागी द्वारा 'महाकाल ट्रेडर्स' नाम से व्यापार किया जा रहा है। विभाग के अधिकारी त्यागी से पूछताछ कर रहे हैं।

**आसपास के क्षेत्र में खपाया जा रहा था घी :** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में पंजीकृत दो कंपनियों 'मदर बेस्ट' और 'यूपी फ्रेश' के नाम से बाजार में खपाया जा रहा था। 'मदर बेस्ट प्रीमियम देसी घी' को सस्ते दामों दर से बेचा जा रहा था। 15 लीटर की पैकिंग 6000 रुपए में महाकाल ट्रेडर्स द्वारा इन उत्पादों की ट्रेडिंग और मार्केटिंग की जा रही थी और रतलाम सहित आसपास के क्षेत्रों की छोटी दुकानों पर खपाया जा रहा हैं।

## फल एवं सब्जी दुकानों का किया निरीक्षण, 18 दुकानों से लिए गए नमूने



विनय उजाला

**रतलाम, निप्र। सचिव कृषि उपज मंडी समिति ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशन में मंडी प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन की संयुक्त दल द्वारा सब्जी मंडी सैलाना बस स्टैंड स्थित फल सब्जी की दुकानों का निरीक्षण किया गया।**

इस दौरान फल की 12 दुकानों से अंगूर, सेवफल, अनार, चुकन्दर, चीकू, कीवी, पपीता, तरबूज, अनानास, संतरा, खरबूजा और सब्जियों की 06 दुकानों से भिन्डी, करेला, आलू, टमाटर, गाजर, बैगन, बीन्स, पत्ता गोभी, लौकी, शिमला मिर्च, खीरा, हरी मिर्च, नीम्बू, तरोई के नमूने लिए गए। जिन्हें जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है । दल में मंडी सचिव लक्ष्मी भंवर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा, शैलेष कुमार गुप्ता, प्रीति मंडोरिया एवं सब्जी मंडी प्रभार राजेन्द्र व्यास, सहायक उप निरीक्षक शामिल थे।

### नापतौल विभाग ने जब्त किये असत्यापित इलेक्ट्रॉनिक्स तौल उपकरणों और पैकेज बंद वस्तु



विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह और नियंत्रक महो. नापतौल म. प्र. भोपाल ब्रजेश सक्सेना द्वारा दिए गये निर्देशो के पालन में सहायक नियंत्रक/निरीक्षक नापतौल भारत भूषण द्वारा होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ता हितों की रक्षा हेतु ग्राम- सातरूण्डा, बिरमावल, जावरा और नामली में साप्ताहिक विशेष जांच का अभियान चलाया जिसमें दुकानों पर उपयोग हेतु रखे गये बांट-माप, इलेक्ट्रॉनिक्स तौल उपकरणों और पैकेज बंद वस्तुओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में अर्जुन आटा चक्की सातरूण्डा, लोहार वेल्डिंग वर्क्स फेब्रिकेशन, सातरूण्डा, यश इन्टरप्राईजेस किराना सातरूण्डा, जायसवाल किराना सातरूण्डा, श्रेणीराज प्यारचंद अनाज, बिरमावल,, पिपाड़ा इन्टरप्राईजेस बिल्डिंग मटेरियल बिरमावल, पराग श्री ट्रैडर्स किराना बिरमावल, पद्मावती ट्रेडर्स किराना बिरमावल, अग्रवाल किराना बिरमावल, नवकार शक्ति सेल्स किराना बिरमावल, केश किराना, चौपाटी जावरा, सांकला ब्रदर्स किराना चौपाटी, जावरा, पुरूषोत्तम किराना स्टोर्स चौपाटी जावरा, सेठिया किराना, स्टेशन रोड, जावरा, संजय प्लायवुड हार्डवेरयर एण्ड टिम्बर वर्क्स नामली, खाटु नमकीन नामली, लक्षिता टॉयस, खिलोने, नामली, कृष्णा किराना नामली दुकानों पर बांट-माप, मैकेनिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स नापतौल उपकरणों और पैकेज बंद वस्तुओं को नियमानुसार नही पाए जाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स नापतौल उपकरणों और विक्रय हेतु प्रदर्शित करके रखे पैकेज बंद वस्तुओं में अनियमितताऐ पाये जाने के कारण विधिक माप विज्ञान अधिनियम के उल्लघंन और दण्डनीय होने से अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।

### तेल से भरे टैंकर में दो बार लगी आग

## डायल-112 और फायर टीम ने पाया काबू, सैलाना के पास बड़ा हादसा टला

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र। जिले के सैलाना थाना क्षेत्र अंतर्गत सरवन और सैलाना के बीच स्थित घाट पर गुरुवार देर रात रिफाइंड तेल से भरे एक टैंकर में अचानक आग लग गई। समय रहते डायल-112 पुलिस जवानों और फायर ब्रिगेड की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।**



पुलिस सूत्रों के अनुसार, टैंकर अहमदाबाद कड़ी से रिफाइंड तेल भरकर रतलाम की ओर आ रहा था। इसी दौरान सरवन घाट पर टैंकर में अचानक आग भड़क उठी। घटना की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को रात्रि 12:25 बजे मिली। सूचना मिलते ही सैलाना थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को तत्काल मौके पर रवाना किया गया तथा फायर ब्रिगेड को भी अलर्ट किया गया।

मौके पर पहुंचकर डायल-112 स्टाफ उपनिरीक्षक वीर सिंह देवड़ा, आरक्षक मुरली कटारिया एवं पायलट जीवन खराड़ी ने फायर टीम के साथ मिलकर संयुक्त प्रयास किए और आग पर नियंत्रण पाया। त्वरित कार्रवाई के चलते आग को फैलने से रोक लिया गया। सुबह करीब 9 बजे टैंकर में दोबारा आग लगने की सूचना मिली। इस पर डायल-112 के आरक्षक पाटीदार और पायलट युसूफ शाह पुन: मौके पर पहुंचे और फायर टीम के साथ मिलकर आग बुझाई। एफआरव्ही टूलकिट की सहायता से टैंकर में भरे ऑयल को सुरक्षित रूप से निकालने के लिए रास्ता बनाया गया, जिससे स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सका।

घटना के दौरान कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा, लेकिन पुलिस और प्रशासन की सूझबूझ से हालात जल्द सामान्य कर दिए गए। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। डायल-112 जवानों और फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई एवं बेहतर समन्वय के कारण एक संभावित बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय नागरिकों ने भी पुलिस और फायर टीम की सराहना की है।

## ई-उपार्जन पोर्टल पर सरसों फसल का पंजीयन 20 मार्च तक कराएं

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्रीमती नीलम सिंह चौहान ने बताया कि जिले के किसान ई-उपार्जन पोर्टल पर रबी वर्ष 2025-26 में सरसों फसल के पंजीयन करवाकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना भावान्तर योजना का लाभ ले सकते हैं। किसान सरसों फसल का पंजीयन ग्राम पंचायत-जनपद पंचायत में स्थापित सुविधा केन्द्रों, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों तथा सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र एवं एमपी किसान एप पर पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था है। सरसों फसल का पंजीयन जिले के निर्धारित 64 पंजीयन केन्द्रों पर कार्यालयीन समय में ई-उपार्जन पोर्टल पर नि:शुल्क पंजीयन करवा सकते हैं। किसान के विगत वर्ष के पंजीयन में उल्लेखित आधार नंबर, बैंक खाता, मोबाइल नंबर में किसी प्रकार के परिवर्तन-संशोधन की आवश्यकता होने पर संबंधित दस्तावेज प्रमाण स्वरूप (जिनको देखकर पंजीयन किया जा सके) पंजीयन केन्द्र पर लाना होंगे। जिन किसानों द्वारा विगत रबी एवं खरीफ में पंजीयन नहीं कराया था एवं ई-उपार्जन पोर्टल पर उनका डाटाबेस उपलब्ध नहीं है। ऐसे किसानों को समिति स्तर पर पंजीयन हेतु आधार नंबर, बैंक खाता नंबर, मोबाइल नंबर, भू-अभिलेख एवं निर्धारित प्रारूप में आवेदन पंजीयन केन्द्र पर उपलब्ध कराना होगा।

# आई टी आई रोजगार मेले में 11 प्रतिभागियों का चयन

### मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत हितग्राहियों को 6525000 रूपये के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्रालय, भोपाल , सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, एवं रोजगार संचालनालय, भोपाल द्वारा जारी आदेशानुसार जिला प्रशासन, कौशल विकास और रोजगार विभाग एवं जिला रोजगार कार्यालय, मध्य प्रदेश डे ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, सज्जन मिल के सामने, सैलाना रोड, रतलाम में युवा संगम अंतर्गत संयुक्त रूप से रोजगार मेला, स्वरोजगार मेला, प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना एवं मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजनांतर्गत मेलें का अयोजन किया गया, जिसमे भाग लेने वाली कुल 2 कंपनियों द्वारा निर्धारित मापदंड एवं इंटरव्यू के उपरांत कुल 11 प्रतिभागी प्राथमिक रूप से चयनित हुए जिसमे से रोजगार हेतु 2 एवं अप्रेंटिसशिप हेतु 9 आवेदकों का चयन किया गया। चयनित प्रतिभागियों को संस्था के प्राचार्य यु. पी. अहिरवार द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी गई। चयन करने वाली कंपनियों में से रतलाम स्थित प्रतिष्ठान बोराना स्टील एंड इंजीनियरिंग द्वारा 2 एवं कृति इंडस्ट्रीज (इंडिया) लिमिटेड पीथमपुर द्वारा 9 प्रतिभागियों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया।



इसके अतिरिक्त जिले में संचालित लोन से सम्बंधित विभिन्न योजना मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के 9 प्रकरणों में 6525000 रूपये के स्वीकृति पत्र भी हितग्राहियों को वितरित किये गये तथा जिले में संचालित लोन से संबंधित समस्त योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। मेले में सम्मिलित होने के लिये कुल 42 आवेदकों ने अपना पंजीयन किया। संस्था के प्रशिक्षण अधीक्षक एच. के. बाथम द्वारा उपस्थित युवक युवतियों को आत्मनिर्भर होने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया, साथ ही अधिक मेहनत कर उच्च पद की ओर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित किया, आभार संस्था के टीपीओ प्रफुल्ल सोनारकर तथा जिला रोजगार कार्यालय के अनुप खटवानी द्वारा व्यक्त किया गया ।

**:: नाम परिवर्तन सूचना ::**

यह कि मैं पासपोर्ट रिन्यु कराना चाहती हूं, जिसमें मेरा पूर्व नाम **मिरल हरेश भोगेसरा दर्ज है,** जबकि वर्तमान में मेरे आधार कार्ड में नाम **मिरल रांका** दर्ज है, जो कि मैं अपने पासपोर्ट में अपना संशोधित नाम **मिरल रांका दर्ज कराना चाहती हूं।** अत: भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**मिरल रांका**
**203, रूद्राक्ष 206/2, वंदना नगर, मेन रोड, इंदौर ( म.प्र. )**

**:: नाम परिवर्तन सूचना ::**

यह कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस एवं आधार में मेरे नाम में त्रुटिवश **AJAY SINGH TOMAR S/O BHAGWAN SINGH** है। जबकि मेरे सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों में मेरा सही नाम **AJAY TOMAR S/O BHAGWAN SINGH TOMAR** है। अत: भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**AJAY TOMAR S/O BHAGWAN SINGH TOMAR**
**77-S SILICON CITY, INDORE (MP)-452012**

10 साल पहले इसी टीम ने खिताब से किया था दूर

# विंडीज को हल्के में लेना पड़ सकता है भारी!

कोलकाता, एजेंसी

**टी20 विश्व कप 2026 का सुपर-8 चरण रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। दो टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकी हैं जबकि दो स्थानों के लिए लड़ाई जारी है।**

भारत और वेस्टइंडीज के बीच रविवार यानी 01 मार्च को अहम मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में जीतने वाली टीम सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर लेगी। दोनों ही टीमों के लिए यह मैच करो या मरो की स्थिति जैसा है। हालांकि, टीम इंडिया विपक्षी टीम को हल्के में नहीं लेना चाहेगी।



### 2016 में टूटा था सपना

मौजूदा टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज ग्रुप स्टेज में अजेय रही। सुपर-8 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जबकि अपने पहले मैच में वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को हराया था। वहीं, सुपर-8 का अपना पहला मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गंवाने वाली भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने मैच में 72 रन से जीत दर्ज की। रविवार को भारत-वेस्टइंडीज के बीच होने वाला मुकाबला क्वार्टर फाइनल की तरह है। भारतीय टीम अपने घर में खेलने के बावजूद वेस्टइंडीज को बिल्कुल भी हल्के में नहीं लेगी। इसकी वजह 2016 का टी20 विश्व कप सेमीफाइनल है जिसमें भारतीय टीम को वेस्टइंडीज ने सात विकेट से हराकर खिताब जीतने का सपना तोड़ दिया था।

### डेरन सैमी की रणनीतियों से रहना होगा सावधान

वेस्टइंडीज इंग्लैंड को हराकर चैंपियन बनी थी। उस समय टीम के कप्तान रहे डेरन सैमी मौजूदा समय में टीम के मुख्य कोच हैं। कोलकाता में जब भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ ईडन गार्डेन्स में उतरेगी, तो निश्चित रूप से 10 साल पहले मिली हार का बदला लेने की कोशिश करेगी। भारत की 2016 वाली प्लेइंग इलेवन के दो खिलाड़ी, हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह, अगले मैच की प्लेइंग इलेवन का भी हिस्सा होंगे। ये दोनों खिलाड़ी वेस्टइंडीज के विश्व कप में चले आ रहे तूफानी और शानदार सफर को रोकने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

मेसी का खुलासा...

## स्पेन से खेलने का ऑफर ठुकराया, अंग्रेजी न सीख पाने का आज भी मलाल



**मैक्सिको, एजेंसी।** अर्जेंटीना के वर्ल्ड कप विजेता कप्तान लियोनेल मेसी ने अपने करियर और निजी जीवन से जुड़े कई अहम पहलुओं पर खुलकर बात की है। एक मैक्सिकन पॉडकास्ट के दौरान मेसी ने स्वीकार किया कि बचपन में अंग्रेजी न सीख पाना उन्हें अब भी खलता है। 38 वर्षीय मेसी ने कहा, 'मुझे कई बातों का अफसोस है, लेकिन बचपन में अंग्रेजी न सीखना सबसे बड़ा पछतावा है। मेरे पास समय था, मैं पढ़ सकता था। करियर के दौरान मुझे दुनिया की कई बड़ी और प्रभावी हस्तियों से मिलने का मौका मिला, लेकिन भाषा की कमी के कारण मैं उनसे खुलकर संवाद नहीं कर सका। मैं ऐसे पलों में खुद को आधा अनजान महसूस करता था। अमेरिका के मेजर लीग सॉकर क्लब इंटर मियामी के लिए खेल रहे मेसी अब अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और तैयारी के महत्व के बारे में लगातार समझाते हैं।

## लगातार दूसरा वनडे मैच जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज पर जमाया कब्जा



होबार्ट, एजेंसी

भारतीय महिला टीम इन दिनों ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेल रही है। शुक्रवार को इस सीरीज का दूसरा मुकाबला होबार्ट में खेला गया, जहां मेजबानों ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने लगातार दूसरा वनडे मैच जीतकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। इस सीरीज का आखिरी मुकाबला रविवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा, जहां टीम इंडिया साख बचाने उतरेगी।

भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट के नुकसान पर 251 रन बनाए थे। आस्ट्रेलिया ने 252 रनों का लक्ष्य 36 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। आस्ट्रेलिया की तरफ से जार्जिया वॉल ने 82 गेंदों पर 101 रनों की पारी खेली।

रणजी ट्रॉफी : जम्मू-कश्मीर को 291 रन की बढ़त मिली

## कर्नाटक पहली पारी में 293 रन पर ऑलआउट, नबी ने 5 विकेट लिए

नई दिल्ली, एजेंसी

**रणजी ट्रॉफी फाइनल में जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक पर मजबूत पकड़ बना ली है। दोनों टीमों के बीच 2025-26 सीजन का फाइनल हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जा रहा है। शुक्रवार को चौथे दिन के पहले सेशन में कर्नाटक की टीम 293 रन पर सिमट गई। जम्मू कश्मीर ने पहली पारी में 584 रन बनाए। इस तरह को 291 रन की बढ़त मिली।**

कर्नाटक ने शुक्रवार सुबह 220/5 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने 73 रन बनाए और आखिरी 5 विकेट गंवा दिए। टीम के लिए इस पारी में मयंक अग्रवाल ने शतक लगाया है। वे तीसरे दिन 130 रन बनाकर नाबाद थे। हालांकि चौथे दिन के खेल के दौरान वह 160 रन बनाकर आउट हो गए। उनके आउट होने के बाद कर्नाटक की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई और पूरी टीम 293 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।



### आकिब ने लिए सबसे ज्यादा विकेट

कश्मीर की ओर से आकिब नबी ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए। उन्होंने 23 ओवर में 54 रन देकर 5 विकेट झटके। नबी ने केएल राहुल (13), करुण नायर (0), स्मरण रविचंद्रन (0), मयंक अग्रवाल (160) और शिखर शेट्टी (0) के विकेट लिए।

## पीठ दर्द के कारण भारत सीरीज से बाहर हुईं सोफी मोलिनेक्स



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की हरफनमौला खिलाड़ी सोफी मोलिनेक्स भारत के खिलाफ जारी बहु-प्रारूप सीरीज के शेष मुकाबलों से बाहर हो गई हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया है कि उन्हें निचले हिस्से की पीठ में दर्द (लोअर बैक पेन) की शिकायत है, जिसके चलते यह फैसला लिया गया। 28 वर्षीय मोलिनेक्स ने ब्रिस्बेन में खेले गए पहले महिला वनडे में हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने पांच ओवर गेंदबाजी करते हुए 17 रन देकर एक विकेट लिया था। हालांकि दूसरे वनडे (होबार्ट) में वह टीम का हिस्सा नहीं हैं। मोलिनेक्स की चोट के कारण अगले महीने होने वाली वेस्टइंडीज सीरीज में उनकी भागीदारी पर भी संशय पैदा हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने स्पष्ट किया है कि उनकी फिटनेस पर लगातार नजर रखी जाएगी और चिकित्सकीय मूल्यांकन के बाद ही आगे का निर्णय लिया।

व्यापार

भारतीय अर्थव्यवस्था ने फिर चौंकाया...

## नई शृंखला के तहत भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.8% पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

**भारतीय अर्थव्यवस्था ने एक बार फिर अपने मजबूत प्रदर्शन से बाजार और अर्थशास्त्रियों को चौंका दिया है। वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद ) के आंकड़े जारी हो गए हैं, जिसने 7.8 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की है।**

चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 8.4% थी। देश की अर्थव्यवस्था की इस तेज रफ्तार और इसके पीछे के मुख्य कारणों को आइए एक आसान सवाल-जवाब के जरिए विस्तार से समझते हैं।

नए आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर में खत्म हुई तीसरी तिमाही में भारत की जीडीपी 7.8 प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ी है। देश के आर्थिक आंकड़ों के हालिया 'रीसेट' के बीच आई यह रिपोर्ट देश के सकारात्मक आर्थिक रुझान को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।



### बाजार उम्मीदों से कहीं ज्यादा बेहतर स्थिति में

अर्थशास्त्रियों ने अनुमान लगाया था कि दिसंबर तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी (यह अनुमान 7% से 8.7% के दायरे में था)। लेकिन 7.8 प्रतिशत का वास्तविक आंकड़ा यह साबित करता है कि देश में आर्थिक गतिविधियां बाजार की उम्मीदों से कहीं ज्यादा बेहतर स्थिति में हैं।

### जीडीपी में इस शानदार उछाल के मुख्य कारण

तीसरी तिमाही के दौरान त्योहारों का सीजन होने की वजह से बाजार में उपभोक्ताओं की मांग में जबरदस्त इजाफा देखा गया। सरकार द्वारा विभिन्न सेक्टर्स में की गई जीएसटी कटौती ने उत्पादन को बढ़ाने में बड़ा सहारा दिया है, जिसका सीधा असर विकास दर पर पड़ा है।

### पिछली तिमाही के मुकाबले मजबूत आंकड़ा

अगर पिछले साल की इसी तिमाही से तुलना करें, तो तब जीडीपी ग्रोथ 6.2 प्रतिशत (2011-12 आधार वर्ष के साथ) रही थी। इसका मतलब है कि सालाना आधार पर विकास की गति में बड़ा सुधार हुआ है। हालांकि, इससे ठीक पिछली तिमाही में यह वृद्धि 8.2 प्रतिशत थी, जिसके मुकाबले इस बार (7.8%) क्रमिक आधार पर थोड़ी नरमी जरूर आई है। लेकिन कुल मिलाकर यह एक बेहद मजबूत आंकड़ा है।

### भविष्य के लिए एक शुभ संकेत

जीएसटी दरों में कटौती और त्योहारी सीजन के दौरान बढ़ी खपत ने भारतीय अर्थव्यवस्था को जो रफ्तार दी है, वह भविष्य के लिए एक शुभ संकेत है। एक तरफ जहां शुक्रवार को शेयर बाजार में भारी बिकवाली देखी गई और सेंसेक्स 961 अंक टूट गया, वहीं दूसरी ओर वृहद आर्थिक मोर्चे पर 7.8% की यह दमदार जीडीपी ग्रोथ निवेशकों और नीति निर्माताओं को यह भरोसा दिलाती है कि भारत की विकास गाथा पूरी तरह से सुरक्षित और मजबूत ट्रैक पर है।

### फर्जी निवेश स्कीम मामले में ईडी ने करोड़ों की संपत्ति अटैच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक बड़े मामले में गोवा में स्थित करीब 3 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है। यह कार्रवाई कथित फर्जी निवेश योजनाओं से जुड़े मामले में मायरोन रोड्रिग्स और उसके सहयोगियों के खिलाफ की गई है।

ईडी के पणजी जोनल ऑफिस ने 18 फरवरी को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट, 2002 के तहत यह कार्रवाई की। यह जांच नॉर्थ गोवा के इकोनॉमिक ऑफेंस सेल और मुंबई के एमएचबी कॉलोनी पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की गई थी। ईडी की जांच में सामने आया कि मायरोन रोड्रिग्स और उसके सहयोगियों ने कथित तौर पर निवेशकों को शेयर बाजार और अन्य कारोबारी योजनाओं में ऊंचे और सुनिश्चित रिटर्न का लालच देकर निवेश करने के लिए आकर्षित किया और कई निवेशकों से बड़ी रकम जुटाई गइ।

44 स्कीमों पर ताला

## रिटायरमेंट और चिल्ड्रन फंड्स बंद

मुंबई, एजेंसी

**म्युचुअल फंड कैटेगराइजेशन नियमों में बड़ा बदलाव हुआ है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने सॉल्यूशन-ओरिएंटेड स्कीम्स को बंद कर दिया है और इसकी जगह पर 'लाइफ साइकिल फंड्स' नाम से एक नई कैटेगरी पेश की है।**

इस कैटेगरी के फंड्स को आमतौर पर रिटायरमेंट और चिल्ड्रन फंड के रूप में जाना जाता था। सेबी के इस फैसले के बाद इस कैटेगरी की 44 फंड स्कीमों पर ताला लग गया है। इससे इन फंड्स में निवेश करने वाले लोगों में चिंता और घबराहट बढ़ गई है, क्योंकि अब सवाल उठ रहा है कि 'उनके पैसे का क्या होगा?'

बाजार नियामक सेबी ने कहा कि सॉल्यूशंस-ओरिएंटेड स्कीम कैटेगरी को 26 फरवरी, 2026 से बंद किया जा रहा है। सॉल्यूशंस-ओरिएंटेड फंड्स को आमतौर पर रिटायरमेंट और चिल्ड्रन फंड के रूप में जाना जाता था। इन फंड्स में कम से कम पांच साल की अनिवार्य लॉक-इन अवधि होती थी। ये फंड्स पेश की गई नई कैटेगरी 'लाइफ साइकिल फंड्स' की तुलना में स्थिर एसेट एलोकेशन स्ट्रैटेजी पर चलते थे।

### निवेशकों के पैसों का क्या होगा?

मौजूदा निवेशकों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। सेबी ने साफ किया है कि सॉल्यूशन-ओरिएंटेड स्कीम्स में नए सब्सक्रिप्शन बंद कर दिए जाएंगे और इन्हें किसी अन्य स्कीम के साथ मर्ज किया जाएगा, जिसकी एसेट एलोकेशन और रिस्क प्रोफाइल समान हो, और इसके लिए नियामक की मंजूरी आवश्यक होगी। इसका मतलब है कि आपका निवेश बंद नहीं होगा, लेकिन समय के साथ यह किसी अलग कैटेगरी में शिफ्ट हो सकता है। कोर पोर्टफोलियो और रिस्क प्रोफाइल आमतौर पर समान बने रहने की उम्मीद है। हालांकि मर्ज और री-कैटेगराइजेशन प्रक्रिया के दौरान स्कीम का नाम, स्ट्रक्चर या उसका मकसद बदल सकता है।

## मुनाफे के बावजूद जैक डॉर्सी की कंपनी ने 4,000 कर्मचारियों को निकाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक इंटेलिजेंस टूल्स के बढ़ते प्रभाव ने ग्लोबल टेक इंडस्ट्री में काम करने के तरीकों को पूरी तरह से बदल दिया है। इसी बदलाव का हवाला देते हुए, ट्विटर (अब एक्स) के सह-संस्थापक जैक डॉर्सी के नेतृत्व वाली वित्तीय तकनीकी कंपनी 'ब्लॉक' ने अपने लगभग आधे कर्मचारियों की छंटनी करने का बड़ा फैसला लिया है। कंपनी के इस कदम से 4,000 से अधिक कर्मचारियों की नौकरी जाएगी। डॉर्सी ने इसे कंपनी के इतिहास के सबसे कठिन फैसलों में से एक बताया है।

इस छंटनी की सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि कंपनी किसी वित्तीय संकट से नहीं गुजर रही है। जैक डॉर्सी ने साफ किया है कि कंपनी का व्यवसाय मजबूत है, सकल लाभ लगातार बढ़ रहा है और मुनाफे में भी सुधार हो रहा है। दरअसल, कंपनी द्वारा बनाए और इस्तेमाल किए जा रहे 'इंटेलिजेंस टूल्स' ने काम करने के तरीके को बदल दिया है। इन टूल्स की मदद से छोटी टीमें अधिक कुशलता और बेहतर तरीके से काम कर पा रही हैं। डॉर्सी का मानना है कि इस बदलाव को अपनाने में ब्लॉक ने कोई जल्दबाजी नहीं की है, बल्कि 'ज्यादातर कंपनियां इस मामले में पिछड़ गई हैं'। इस कटौती के बाद, कंपनी का आकार 10,000 से अधिक कर्मचारियों से घटकर 6,000 से भी कम रह जाएगा।

शेयर बाजार में ब्लैक फ्राइडे

## बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 961 अंक टूटा

नई दिल्ली, एजेंसी

**हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट हुई।**

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 961.42 अंक या 1.17 प्रतिशत गिरकर 81,287.19 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 1,089.46 अंक या 1.32 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 81,159.15 पर पहुंचा। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 317.90 अंक या 1.25 प्रतिशत गिरकर 25,178.65 पर बंद हुआ। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 8 पैसे गिरकर 90.99 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में, सन फार्मा, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, इंटरग्लोब एविएशन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और मारुति प्रमुख रूप से पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल थे। एचसीएल टेक, ट्रेंट, इंफोसिस और इटरनल को लाभ हुआ।



**निवेशकों के डूबे 4.98 लाख करोड़ रुपये :** भारी गिरावट के चलते शुक्रवार को निवेशकों की संपत्ति में 4.98 लाख करोड़ रुपये की कमी आई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण एक ही दिन में 4,98,603.42 करोड़ रुपये घटकर 4,63,50,671.27 करोड़ रुपये (5.10 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) हो गया।

**निवेशकों का नजरिया तेजी से सतर्क हो गया :** विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक बाजार के कमजोर संकेतों और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच भारतीय बाजारों में स्थिरता बनी रही, निवेशकों का नजरिया तेजी से सतर्क हो गया। अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता में प्रगति न होने से मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने की आशंकाएं बढ़ गई हैं।

### यूरोपीय बाजारों में रहा मिला-जुला हाल

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 1 प्रतिशत गिर गया। जापान का निक्केई 225, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजारों में मिले-जुले रुख के साथ कारोबार हो रहा था। गुरुवार को अमेरिकी बाजार अधिकतर गिरावट के साथ बंद हुआ।

### ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 71.64 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.26 प्रतिशत बढ़कर 71.64 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। बाजार विनिमय आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 3,465.99 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,031.57 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। गुरुवार को सेंसेक्स में मामूली गिरावट दर्ज की गई, जो 27.46 अंक या 0.03 प्रतिशत गिरकर 82,248.61 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में मामूली बढ़त दर्ज की गई, जो 14.05 अंक या 0.06 प्रतिशत बढ़कर 25,496.55 पर समाप्त हुआ।

## बैंक ऑफ बड़ौदा हरित बॉन्ड के जरिए जुटाएगा 10 हजार करोड़ रुपए

नई दिल्ली, (हि.स)

सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) हरित अवसंरचना बॉन्ड जारी कर 10 हजार करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बना रहा है। इन बॉन्ड की अवधि सात वर्ष होगी। बाजार सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि इसमें अधिक बोली आने पर 5 हजार करोड़ रुपये तक की बोली रखने (ग्रीन शू) का विकल्प शामिल होगा, जिससे कुल निर्गम आकार 10 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा।

बॉन्ड निर्गम के लिए बोली 4 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 12:00 बजे के बीच एनएसई के इलेक्ट्रॉनिक बुक प्रोवाइडर (ईबीपी) मंच पर आयोजित की जाएगी। आधार निर्गम आकार 5,000 करोड़ रुपये है। इन बॉन्ड की अवधि सात वर्ष होगी। यह पांच मार्च 2033 को परिपक्व होंगे। भुगतान एवं आवंटन की तिथि पांच मार्च 2026 निर्धारित है। बॉन्ड पर वार्षिक ब्याज भुगतान होगा और इन्हें बंद बोली प्रक्रिया के जरिए समान प्रतिफल आधार पर आवंटित किया जाएगा। इसके लिए आवेदन की न्यूनतम राशि एक लाख रुपये है और उसके बाद एक लाख रुपये के गुणकों में बोली लगाई जा सकेगी।



# अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने किया नमन

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज़ाद की आदमकद प्रतिमा पर दी पुष्पांजलि





विनय उजाला

**आलीराजपुर, निप्र।** अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आज़ाद का आज 95 वॉ बलिदान दिवस चंद्रशेखर आज़ाद नगर में मनाया गया। उनके बलिदान दिवस पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उनके जन्मस्थान चंद्रशेखर आज़ाद नगर स्थित ऐतिहासिक आज़ाद कुटिया पहुँचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की आदमकद प्रतिमा पर नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान अनुसूचित जाति कल्याण कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, सांसद श्रीमती अनीता चौहान, सम्भागायुक्त डॉ.सुदाम खाडे, आईजी श्री अनुराग ,जिला कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर , पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

इस दौरान उन्होंने स्वराज संस्थान संचालनालय मध्य प्रदेश शासन द्वारा क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद के जीवन पर व उनके स्वतंत्रता संग्राम में अविस्मरणीय योगदान पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। आज़ाद कुटिया परिसर में ही स्थापित संग्रहालय का अवलोकन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा किया गया जहां उनके जीवन, संघर्ष और क्रांतिकारी गतिविधियों से जुड़े दस्तावेज, चित्र और स्मृतिचिह्न संजोए गए हैं। कई पर्यटक, विद्यार्थी, सामान्य जन यहाँ पहुँच कर स्वतंत्रता संग्राम की उस अदम्य भावना को महसूस करते हैं, जिसने भारत को स्वतंत्रता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने चंद्रशेखर आज़ाद की शहादत पर उन्हें स्मरण किया और कहा कि भारत के सभी क्रांतिकारी नायकों का स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान रहा है। चंद्रशेखर आज़ाद जैसे वीर क्रांतिकारी ने दुर्गम परिस्थितियों में जन्म लेकर अनेक कठिनाइयों के बावजूद अपने अदम्य साहस और त्याग से देश और दुनिया में विशिष्ट पहचान बनाई। उन्होंने आदिवासी अंचलों के नायकों के संघर्ष को भी याद किया और कहा कि उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध कर स्वतंत्रता आंदोलन को मजबूत किया। इस अवसर पर उन्होंने जनजातीय नायक शहीद छीतू किराड़ के बलिदान को भी नमन करते हुए उनके योगदान को स्मरण किया।

विदित हो कि 23 जुलाई 1906 को जन्मे चंद्रशेखर आज़ाद का प्रारंभिक जीवन इसी पावन भूमि पर बीता। बचपन में उन्होंने भील बालकों के साथ रहकर धनुष-बाण चलाना और निशानेबाजी की शिक्षा प्राप्त की। आदिवासी अंचल में पले-बढ़े आज़ाद ने यहीं से साहस, स्वाभिमान और संघर्ष की प्रेरणा ली, जो आगे चलकर उनके क्रांतिकारी जीवन की आधारशिला बनी। 27 फरवरी 1931 को इलाहाबाद (वर्तमान प्रयागराज) के अल्फ्रेड पार्क (अब चंद्रशेखर आज़ाद पार्क) में अपने एक साथी के विश्वासघात के कारण पुलिस ने उन्हें घेर लिया। उस दौरान उनके पास सिर्फ एक गोली बची थी, तो उन्होंने अपने संकल्प के अनुसार स्वयं को गोली मारकर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का चंद्रशेखर आज़ाद के नगर में हुआ आत्मीय स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 95 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित 'आज़ाद स्मृति समारोह' में सम्मिलित होने आलीराजपुर पहुचें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का ग्राम करेटी में बनाए गए हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों और स्थानीय जनता द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान हेलीपैड पर बड़ी संख्या में उपस्थित स्थानीय नागरिको में भारी उत्साह देखा गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन स्वीकार किया। इसके पश्चात उन्होंने बस स्टैंड पर चंद्र शेखर आजाद उद्यान स्थित अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। जहां उनका स्वागत ग्रामीण जन ने ढोल बजा कर किया। इस दौरान अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान,क्षेत्रीय सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान, इंदौर संभागायुक्त डॉ सुदाम खाड़े, आई जी श्री अनुराग जैन,कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अस्वस्थ चल रहीं पूर्व विधायक श्रीमती सुलोचना रावत का हालचाल जाना



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मानवीय संवेदना और आत्मीयता का परिचय देते हुए लंबे समय से अस्वस्थ में चल रहीं जोबट की पूर्व विधायक श्रीमती सुलोचना रावत के स्वास्थ्य की जानकारी लेने उनके गृह निवास पहुंचकर परिजनों से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पूर्व विधायक के गृह निवास पहुंचने पर परिवारजनों द्वारा उनका तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ से आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री आलीराजपुर जिले की जोबट तहसील अंतर्गत ग्राम कानाकाकड़ स्थित निवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने परिजनों से उपचार की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उनके पुत्र विशाल रावत व परिवारजनों ने बताया कि पहले से स्थिति में सुधार हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस कठिन समय में उन्होंने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने श्रीमती रावत के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि सरकार संकट की इस घड़ी में परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से खड़ी है।

## संक्षिप्त समाचार

### जीवन ज्योति कॉलोनी की नकबजनी का खुलासा, रु. 1.45 लाख के सोने-चांदी के जेवर बरामद



**बेटमा (सुनील मुनिया)।** पुलिस अधीक्षक इंदौर ग्रामीण श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रूपेश द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी देपालपुर श्री देवेन्द्र धुर्वे के नेतृत्व में क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु थाना प्रभारी बेटमा निरीक्षक मीना कर्णावत को आवश्यक निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में दिनांक 23.02.2026 को मुखबिर सूचना के आधार पर अपराध क्रमांक 103/2026 धारा 331(3), 305(ए) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी निहाल ठाकुर को गिरफ्तार किया तथा उसके कब्जे से चोरी गया मशरूका बरामद किया। बरामद मशरूका 12 सोने के मोती 01 सोने का पेंडल 01 ऊँ आकार का सोने का पेंडल 01 जोड़ी सोने के कान के टॉप्स 01 जोड़ी चांदी की पायल कुल कीमत - रु. 1,45,300/-। गिरफ्तार आरोपी: निहाल ठाकुर, पिता नेपाल सिंह ठाकुर, उम्र 19 वर्ष, निवासी कल्याण संपत पार्ट-04 कॉलोनी, काली बिल्लोद, थाना बेटमा, फरार आरोपी सौरभ पिता रामलोचन पटेल, निवासी प्रभातम कॉलोनी। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मीना कर्णावत, उप निरीक्षक मुन्नालाल डोडियार, प्रधान आरक्षक 2107 अनिल अहिरवार एवं प्रधान आरक्षक 1888 रामेश्वर की सराहनीय भूमिका रही।

### आजाद साहित्य परिषद् ने चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित



**झाबुआ, निप्र।** अमर बलिदानी शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर जिला आजाद साहित्य परिषद् के साहित्यकारों द्वारा आजाद चौक पर आजाद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सभी ने 'जब तक सूरज चांद रहेगा, आजाद तेरा नाम रहेगा' के नारे लगाए। कार्यक्रम में साहित्यकार प्रकाशचंद्र त्रिवेदी, अन्नू भाबोर एवं स्मृति भट्ट द्वारा भावभरे गीत प्रस्तुत किए गए। संस्था सचिव शरत शास्त्री एवं अध्यक्ष डॉ. केके त्रिवेदी द्वारा अमर बलिदानी के कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर, संस्था के संरक्षक वीरेन्द्र मोदी, डॉ. यशवंत भंडारी, डॉ. नीरजसिंह राठौर, डॉ. एमएल फूलपगारे, जयेंद्र बैरागी, कुलदीपसिंह पंवार, गोपालसिंह चौहान, पं. गणेशप्रसाद उपाध्याय, पीडी रायपुरिया, भेरूसिंह चौहान 'तरंग', प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन अध्यक्ष ललित त्रिवेदी, अरविन्द व्यास, मधु व्यास, मयंक त्रिवेदी आदि ने भी आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### क्षत्राणियों ने मनाया फागोत्सव, सूखे रंगों और फूलों से खेली होली



**झाबुआ, निप्र।** अंतर्राष्ट्रीय वीरांगना महासभा की झाबुआ इकाई की क्षत्राणियों ने सिद्धेश्वर कॉलोनी स्थित श्री सिद्धेश्वरी माता मंदिर पर फागोत्सव मनाया। सभी ने सर्वप्रथम माता का पूजन करने के पश्चात एक-दूसरे को गुलाल लगाया।फूलों की वर्षा की। बाद सुमधुर भजनों के साथ सभी बहनों ने सुंदर नृत्य और गरबे किए। इस अवसर पर वीरांगना महासभा जिलाध्यक्ष रागिनी राठौर के विशेष आग्रह पर स्मृति भट्ट को आमंत्रित किया गया। सबने मिलकर बहुत धूमधाम से फागोत्सव मनाया।

## दीदी मां ऋतंभरा जी की एक दिवसीय कथा को लेकर बैठक संपन्न





विनय उजाला

**बदनावर, निप्र।** 16 मार्च को अनाज मंडी बदनावर में आयोजित होने वाले वात्सल्य मूर्ति रितंभरा दीदी के एकदिवसीय दिव्य प्रवचन को ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप देने के लिए शुक्रवार देर शाम पेटलावद रोड स्थित वैष्णव पंच परिसर में समाजजनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक को आयोजन की सफलता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बैठक में नगर के प्रमुख समाजजन, कार्यकर्ता एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

सभी ने एकमत होकर आयोजन को भव्यता प्रदान करने का संकल्प लिया। मंच व्यवस्था, स्वागत सत्कार, वाहन पार्किंग, जलपान, प्रचार-प्रसार, सुरक्षा व्यवस्था एवं अनुशासन सहित विभिन्न जिम्मेदारियां अलग-अलग टोली जिम्मेदारी पर भी चर्चा की गई। साथ ही पूरे नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय भी लिया गया।

कार्यक्रम में ऋतंभरा जी के शिष्य ऋषिराज महाराज, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगाव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी, राष्ट्रीय कवि मुकेश मोलवा, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अशोक मुकाती, खंड कार्यवाहक अभिषेक भाटी, मंचासीन रहे। सर्व सहमति से लाखन सिंह जादौन को संयोजक बनाया गया।

पूर्व मंत्री दत्तीगाव ने कहा कि इस वर्ष आयोजन एक दिवसीय है, किंतु भविष्य में दीदी का विस्तृत समय बदनावर को प्राप्त हो तथा अंचल में भी कथा एवं संस्कार जागरण का व्यापक आयोजन हो, यह हमारी अपेक्षा है।

ऋषिराज महाराज ने बताया कि दीदी मां हवाई मार्ग से इंदौर एयरपोर्ट पर उतरेंगे, वहां से सड़क मार्ग से बदनावर पहुंचेंगी। 16 मार्च को अनाज मंडी में दोपहर 2 बजे से धर्म सभा का आयोजन होगा। एक दिन का यह दिव्य आयोजन नगर के आध्यात्मिक इतिहास में नई ऊर्जा और चेतना का संचार करेगा।

नगर में आयोजन को लेकर विशेष उत्साह का वातावरण है तथा समाजजन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रीतेश सिंह पवार ने किया।

### कमरू बाबा के पर पोतों ने रमजान का रोजा रखा



**बाकानेर (सैयद रिजवान अली)।** औद्योगिक श्रेत्र जीराबाद के वरिष्ठ समाज सेवी दादा कमरुद्दीन के पर पोते मोहम्मद हसनैन 4 साल मोहम्मद उजर 3 साल मोहम्मद हमदान 5 साल ने रमजान पवित्र माह का ओर अपनी जिंदगी का पहला रोजा रख अमन चैन भाई चारे और सबकी खैरियत की दुआएं मांगी, दादा कमरुद्दीन साहब को कॉम्लेक्स मैंन के नाम से जानते है सब 40 साल पहलेशाबिंग कॉप्लेक्स बनाकर किराए से दुकान देकर अनेक लोगों को रोजगार दिया जो काबिले तारीफ है। मासूम रोजेदार उजर हमदान हसनैन को सभी ने मुबारक बाद देते हुवे उपहार इनाम दिया।

## बीएमओ डॉ. विजय अहरवाल को दी आत्मीय विदाई

विनय उजाला



**डही, निप्र। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डही में पदस्थ बीएमओ डॉ विजय अहरवाल का हायर एजुकेशन (एमएस ऑर्थोपेडिक्स) के लिए रीवा मेडिकल कॉलेज में चयन होने से स्टाफ द्वारा विदाई समारोह का आयोजन कर आत्मीय विदाई दी गई।**

इस अवसर पर डॉ रामसिंह इकवाले ने कहा कि बीएमओ अहरवाल ने सदैव ईमानदारी, समर्पण और उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया। उनके मार्गदर्शन में हमारे स्वास्थ्य केंद्र ने निरंतर प्रगति की और नई उपलब्धि हासिल की। डॉ जगदीश पटेरिया ने कहा कि ब्लॉक डही क्षेत्र अति पिछड़ा एवं कम संसाधनों के बावजूद भी चाहे राज्य चाहे जिला स्तर के लक्ष्य की प्राप्ति हो आपने जन सामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का अपने हर चुनौती को अवसर में बदल दिया। डॉ धर्मेंद्र परिहार, डॉ चितरंजन बघेल ने कहा कि आपका शांत स्वभाव, सकारात्मक सोच और प्रत्येक कर्मचारी के प्रति सहयोगात्मक दृष्टिकोण सदैव प्रेरणादायक रहा। डॉ राहुल रावत और डॉ हीना रावत ने कहा कि आपने हमें सिखाया कि प्रशासन केवल आदेश देने से नहीं बल्कि साथ लेकर चलने से सफल होता है। बीपीएम अर्चना जमरा और अन्य स्टाफ ने कहा कि आप जब अपने नए दायित्व की ओर अग्रसर हो रहे हैं तो हम सभी की ओर से यही शुभकामनाएं कि आप जहां भी रहे सफलता, सम्मान और संतोष आपके साथ रहे। उन्होंने कहा कि बीएमओ डॉ विजय अहरवाल का जाना हमारे लिए एक कमी अवश्य है।

#### पुलिस की बड़ी कार्यवाही

## करोड़ों रुपए कीमत की सरकारी जमीन की हेराफेरी करने वाला आरोपी सुधीर इंदौर से अरेस्ट

विनय उजाला

**धार, निप्र।** शहर की आदर्श सडक पर बने मसीह अस्पताल की करोड़ों रुपए कीमत की भूमि की हेराफेरी करने वाले फरार आरोपी सुधीर पिता शांतिलाल जैन उम्र 47 साल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी जैन पिछले साढे तीन साल से फरार चल रहा था, साइबर क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि आरोपी सुधीर जैन इंदौर स्थित तुलसी नगर कॉलोनी में एक घर में छुपा हुआ है। पुलिस ने घेराबंदी की व आरोपी सुधीर को धरदबोचा व तुरंत धार लेकर आए। अब आगामी पूछताछ नौगांव पुलिस टीम द्वारा की जा रही हैं, बताया जा रहा हैं कि आरोपी सुधीर को पुलिस शनिवार दोपहर के समय कोर्ट के समक्ष पेश करके रिमांड मांगेगी। ताकि आगामी पूछताछ की जा सके।

### यह था मामला

दरअसल, आदर्श सड़क स्थित किले के समीप बने मिशन अस्पताल को आरोपी सुधीर दास ने 11 लाख रुपए में सौदा करके अंकित वडेरा को बेचा था, जबकि उक्त भूमि सन 1928 से ही शासकीय घोषित है। थाना नौगांव ने वर्ष 2022 में प्रकरण दर्ज किया था। विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि सर्वे नंबर 770, रकबा 0.493 हेक्टेयर शासकीय भूमि, जिसे ऐतिहासिक रूप से मिशनरी को महिला अस्पताल संचालन हेतु प्रदान किया गया था, उसके संबंध में कूटरचित अभिलेख तैयार कर अवैध रूप से नामांतरण, लीज तथा विक्रय की कार्यवाही की गई। प्रकरण में शासकीय अभिलेखों में अनियमित प्रविष्टि, अवैध लीज तथा पंजीयन के माध्यम से भूमि हस्तांतरण की साजिश रची गई। आरोपी सुधीर जैन की भूमिका सहआरोपियों के साथ मिलकर भूमि लेन-देन एवं षड्यंत्र में प्रमुख रूप से पाई गई।

### इंदौर में लिया अभिरक्षा में

प्रतिमाह होने वाली मासिक समीक्षा बैठक में उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व्दारा जिलें के विभिन्न प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे उद्घोषित फरार आरोपियो की धड़पकड़ हेतु उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। इसी कडी में सीएसपी सुजावल जग्गा के निर्देशन में तलाश साइबर क्राइम ब्रांच द्वारा शुरु की गई। उनि प्रशांत गुंजाल को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना नौगांव के अपराध में फरार उद्घोषित आरोपी सुधीर पिता शांतीलाल जैन निवासी धार का इंदौर में रुका हुआ हैं। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। सायबर प्रभारी के नेतृत्व में टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर पहुँच कर घेराबंदी की जहां पर एक व्यक्ति दिखाई दिया, जिसे अभिरक्षा में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी से दस्तावेज, आर्थिक लेन-देन एवं अन्य सहयोगियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी संकलित की जा रही है।

### गुजरात व बैंगलोर तक गया आरोपी

आरोपी सुधीर जैन पर कुल दो प्रकरण दर्ज हुए थे, जिसमें से कोतवाली थाने पर दर्ज प्रकरण को बाद में निरस्त किया गया था। ऐसे में नौगांव थाने पर दर्ज प्रकरण में ही आरोपी सुधीर फरार था। वर्ष 2022 के बाद से ही तलाश जारी थी, फरारी के दौरान 10 हजार रुपए का इनाम भी पुलिस ने घोषित किया था।

#### सात दिवसीय भगोरिया हाट का चहुंओर उत्साह और उल्लास छाया, गुंजेगी मांदल की थाप

## भगोरिया हाट आदिवासियों की पहचान परंपरा एवं सामुदायिक मिलन का जीवंत उत्सव भी है

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** पश्चिमी मध्यप्रदेश के आदिवासी अंचलों में विशेषकर झाबुआ अलीराजपुर धार और खरगोन में आदिवासियों का विशेष हाट भगोरिया हाट का महोत्सव चहुंओर प्रारंभ हो गया है यह भगोरिया सात दिवसीय रहता है अलग अलग स्थानों में यह भगोरिया हाट सात दिवस तक चलता है। इसका उत्साह आदिवासीयों में सर चढ़कर बोलता है यह महोत्सव आदिवासी जीवन, प्रेम परंपरा,ओर उत्सव का अनोखा संगम है। जहां प्रकृति और संस्कृति एक साथ रंग बिखरती है।



इस विशेष हाट पर आदिवासी युवक युवतियों के सजने संवरने का अलग ही अंदाज होता है जो देखने लायक होता है अपनी अनचली परंपरा के अनुसार पारंपरिक वेशभूषा,में सजे युवक युवतियां, ढोल मांदल बांसुरी की मधुर तान पर सामुहिक नृत्य करते हैं । हाट बाजारो में झूले चकरी और खिलोनों की रौनक पलास केसुड़िंया के फूलों और गुलाल से रंगी खुशियां का मस्ती भरा आलम होता है । इस भगोर्या हाट में बच्चे युवा बुजुर्ग महिलाएं पुरुष सभी का उत्साह चरम पर होता है। साथ ही भगोरिया केवल हाट ही नहीं बल्कि आदिवासी पहचान प्रेम परंपरा और सामुदायिक मिलन का जीवंत उत्सव भी है । जो होली से पहले पूरे क्षैत्र को रंगो ओर उमंग से भर देता है ।

भगोरिया के इस हाट में आदिवासी समाज के उत्साह उमंग भरे उल्लास में राजनिति रंग भी जमकर चढ़ता है इस दिन अपने अपने क्षैत्र के राज नेता भी भगोर्या के इस हाट में विशेष कर दस्तक देते हैं। ओर अपने समर्थकों कै साथ मांदल की थाप और थाली की झंकार पर जमकर थिरकते है। इस विशेष हाट की बधाई के साथ ही अपने अपने समर्थकों का सम्मान कर उन्हें पुरस्कृत भी करते हैं। उमंग और मस्ती भरे इस हाट की एसी बहुत सी विशेषता है।



गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन को बढ़ावा

# प्रदेश में पर्यावरण-संरक्षण के संदेश के साथ मनेगी होली

■ 'स्वच्छ और स्वस्थ होली' अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक होलिका दहन का होगा नि:शुल्क पंजीयन

■ मुख्यमंत्री उत्कृष्ट गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन करने वाली संस्थाओं एवं पदाधिकारियों को देंगे प्रशस्ति-पत्र

विनय उजाला



**भोपाल,निप्र।** इस वर्ष होली पर्व को पर्यावरण-संरक्षण और सामाजिक सद्भाव के संदेश के साथ मनाया जाए। इसके लिए राज्य शासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे आपसी मतभेद भुलाकर भाईचारे, सामाजिक एकता और उल्लास के साथ होली मनाएं। होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर गो-काष्ठ (उपलों) का अधिकाधिक उपयोग करें।

प्रदेश सरकार द्वारा जारी निर्देश अनुसार जनसहयोग एवं सामाजिक सहभागिता के माध्यम से प्रयास किया जाएगा कि होलिका दहन में लकड़ी की जगह गो-काष्ठ का प्रयोग हो। साथ ही, प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों से होली खेलने, जल संरक्षण करने तथा पशु-पक्षियों पर रंग न डालने के संकल्प के साथ उत्सव मनाने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया जाएगा। जिलों में विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाले सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का नि:शुल्क पंजीयन कराया जाए। पंजीयन जिला मुख्यालय, तहसील, नगरीय निकाय एवं पंचायत स्तर पर किया जाएगा। पंजीयन के दौरान आयोजक संस्था की संक्षिप्त जानकारी, पदाधिकारियों के नाम एवं संपर्क प्राप्त किए जाएंगे।

### लकड़ी के स्थान पर करें गो-काष्ठ का उपयोग

जिला स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर नागरिकों को गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन के लिए प्रेरित किया जाएगा। नगरीय निकायों एवं पंचायत राज संस्थाओं को इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल किया गया है। होलिका दहन के दिन मैदानी अमला सार्वजनिक आयोजनों का निरीक्षण कर लकड़ी के स्थान पर गो-काष्ठ के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा। जिन आयोजनों में पूर्ण रूप से गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन किया जाएगा, उनको संबंधित अधिकारी द्वारा प्रमाणित कर कलेक्टर को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। जिलों के कलेक्टर ऐसे आयोजनों का संकलन सुनिश्चित करेंगे।

प्रदेश सरकार आगामी दिनों में जिला मुख्यालयों पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। उत्कृष्ट गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन करने वाली संस्थाओं एवं उनके पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही भविष्य में ऐसी संस्थाओं को अन्य प्रकार से प्रोत्साहन अथवा सहयोग दिए जाने पर भी प्राथमिकता दी जाएगी। राज्य सरकार ने सभी कलेक्टर्स को 'स्वच्छ और स्वस्थ होली' अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। संभागायुक्त इस संबंध में की जाने वाली कार्यवाही का पर्यवेक्षण करेंगे।

## रीवा में विमानन सेवाओं के विस्तार की उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने की समीक्षा

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** रीवा में विमानन सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों की उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय में विमानन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि रीवा से रायपुर एवं कोलकाता के लिए नई हवाई सेवाएं प्रारंभ करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी औपचारिकताएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करें, ताकि उड़ान सेवाएं जल्द से जल्द प्रारंभ की जा सकें। साथ ही, रीवा-इंदौर-रीवा एवं रीवा-दिल्ली-रीवा उड़ानों को प्रोत्साहन एवं संवर्धन के लिए राज्य शासन द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश भी उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इन मार्गों पर नियमित और सतत विमानन सेवाओं के संचालन के लिए प्रोत्साहन आवश्यक है।

बैठक में बताया गया कि विमानन विभाग द्वारा जारी निविदा के अंतर्गत नवीन हवाई रूट्स के लिए विभिन्न शिड्यूल्ड ऑपरेटर्स द्वारा 20 हवाई मार्गों पर विमानन सेवाएं संचालित करने हेतु अभिरुचि व्यक्त की गई है। प्राप्त बिड्स का तकनीकी एवं वित्तीय परीक्षण वर्तमान में प्रगति पर है, ताकि निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र निर्णय लिया जा सके।



### चिकित्सकों के प्रमोशन हेतु शीघ्र कार्यवाही के निर्देश

बैठक में चिकित्सकों के प्रमोशन हेतु सामान्य प्रशासन विभाग में लंबित प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने इस विषय में शीघ्र निर्णय लेकर प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में कार्यरत चिकित्सकों को समय पर पदोन्नति का लाभ मिल सके। बैठक में अपर मुख्य सचिव, विमानन एवं सामान्य प्रशासन श्री संजय कुमार शुक्ल, अपर सचिव सामान्य प्रशासन श्री अजय कटेसरिया और उप सचिव, विमानन श्री कैलाश बुंदेला सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**भोपाल (विनय उजाला)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की माटी के लाल और स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के चरणों में नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मां भारती की सेवा में समर्पित कर दिया था। उनके कृतित्व और व्यक्तित्व से प्रत्येक देशभक्त को ऊर्जा, संकल्प और सेवा की प्रेरणा मिलती रहेगी।

**विधायक लोधी की माताजी के निधन पर जताया दुःख :** मुख्यमंत्री ने पिछोर विधायक प्रीतम लोधी की माताजी श्रीमती भागवती बाई लोधी के निधन पर गहन दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पद्मश्री डॉ. बी.के. जैन के निधन पर दु:ख व्यक्त किया

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पद्मश्री डॉ. बी.के. जैन के निधन पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जानकीकुंड चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक और सद्गुरू सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट के निदेशक पद्मश्री डॉ. जैन ने आजीवन नेत्र रोगियों के उपचार का कार्य किया। उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजन को यह गहन दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

**उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने भी जताया गहन शोक :** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भी पद्मश्री डॉ. बी. के. जैन के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. जैन के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद एवं हृदयविदारक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि डॉ. जैन ने सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के माध्यम से नेत्र चिकित्सा सेवा को जनसेवा का व्यापक अभियान बनाकर हजारों जरूरतमंदों के जीवन में प्रकाश पहुंचाया।





## वन भवन में विधिक प्रकोष्ठ का हुआ शुभारंभ

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही.एन. अम्बाडे ने शुक्रवार को वन भवन मुख्यालय में वन विभाग विधिक प्रकोष्ठ का शुभारंभ किया गया। विधिक प्रकोष्ठ वन विभाग मध्यप्रदेश की केन्द्रीय संस्थागत इकाई के रूप में कार्य करेगा। प्रकोष्ठ उन समस्त न्यायिक एवं अर्द्ध न्यायिक कार्यवाहियों का प्रबंधन, समन्वय एवं अनुश्रवण करेगा जिनमें विभाग पक्षकार है। साथ ही यह विवादों के रोकथाम के लिये विभागीय कार्यों को सक्रिय कानूनी सहायता प्रदान करेगा। इस अवसर पर समस्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक उपस्थित रहे।

एशियन वॉटरबर्ड सेंसस - 2026

# मप्र राज्य स्तरीय प्रतिवेदन का हुआ विमोचन

विनय उजाला



**भोपाल,निप्र।** मध्यप्रदेश वन विभाग एवं मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रदेश में एशियन वॉटरबर्ड सेंसस-2026 के अंतर्गत की गई पक्षी गणना की राज्य स्तरीय रिपोर्ट का विमोचन शुक्रवार 27 फरवरी को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही.एन. अम्बाडे ने किया।

एशियन वॉटरबर्ड सेंसस-2026 अंतर्गत पक्षी गणना 3 से 8 जनवरी में प्रदेश में आयोजित की गई, जिसमें जिला स्तर पर वनमंडलाधिकारी के निर्देशन में वन विभाग के मैदानी अमले के साथ स्थानीय स्वयं सेवी संगठन, पक्षीप्रेमी एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदेश स्तर पर पक्षियों का सर्वेक्षण किया गया। एशियन वॉटरबर्ड सेंसस-2026 की राज्य स्तरीय रिपोर्ट के अनुसार राज्य के 45 जिलों के कुल 360 स्थलों में पक्षी सर्वेक्षण का कार्य किया गया, जिसके अंतर्गत सूचीबद्ध 412 चेकलिस्टों का विस्तृत अध्ययन किया गया। इसके आधार पर सर्वेक्षण अवधि में प्रदेश में कुल 308 पक्षियों की प्रजातियाँ तथा कुल 96 हजार 495 की संख्या दर्ज की गई। सर्वेक्षण में 24 दुर्लभ, संकटग्रस्त एवं लुप्तप्राय (RET) प्रजातियों- को देखा गया, जिनमें -इंडियन स्कीमर, सारस क्रेन, व्हाइट-रम्प्ड वल्चर, रेड-हेडेड वल्चर, पेंटिड स्टॉर्क, तथा ब्लैक-हेडेड आइबिस जैसी प्रजातियाँ शामिल हैं। साथ ही प्रवासीय पक्षियों की भी कई प्रजातीयां रिपोर्ट में सम्मिलित की गई हैं। राज्य स्तरीय रिपोर्ट में 5 से 15 फरवरी तक हुए वार्षिक चम्बल पक्षी सर्वेक्षण को भी सम्मिलित किया गया है, जिसमें चम्बल क्षेत्र में कुल 141 पक्षी प्रजातियाँ देखी गई हैं। एडब्ल्यूसी-2026 की रिपोर्ट राज्य में पक्षियों की जैव विविधता, आर्द्रभूमियों के उच्च संरक्षण एवं नवीन पहचाने गए संभावित पक्षियों के हॉट स्पॉट के महत्व को दर्शाती है। वन विभाग एवं मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा संयुक्त रूप से तैयार यह प्रतिवेदन राज्य में वैज्ञानिक आर्द्रभूमि प्रबंधन, दीर्घकालिक पक्षी मॉनिटरिंग तथा संरक्षण नियोजन के लिए महत्वपूर्ण आधार सिद्ध होगा।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विनय मिश्रा द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स, एलयूएन शेड नं.21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल से मुद्रित एवं बी-104, शास्त्री नगर, जवाहर चौक, भोपाल से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा
स्थानीय संपादक- मनोहर राजपूत, मो. 9425910888, 9826022450 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2013/52154.